

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

// दिल साफ करके, मुलाकात की आदत डालो। धूल हटती है तो आइने भी चमक उठते हैं। //

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



मन में हमेशा जीत की आस होनी चाहिए, नसीब बदले या न बदले पर वक्त जरूर बदलता है।

वर्ष 39 | चंडीगढ़, शनिवार, 18 मई, 2024 | बैशाख शुक्ल पक्ष: एकादशी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 137 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12







**पाठकों से**

पाठकों की विशेष सुविधा के लिए अर्थ प्रकाश पेज 3 पर चंडीगढ़ लोकसभा सीट के लिए किस क्षेत्र में कितने वोट हैं किस पोलिंग बूथ पर मतदान होगा। नियमित रूप से प्रकाशित कर कर रहा है। इसमें आज पढ़े सेक्टर 16, 17, 18 व 19 का ब्यौरा।

**लोक सभा चुनाव: पीएम मोदी का हरियाणा दौरा आज**

# दो रैलियों से आधा हरियाणा साधेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## पांच लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों को देंगे मजबूती

उत्तरी हरियाणा व जाटलैंड में कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को एक दिवसीय हरियाणा दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री यहां अंबाला तथा सोनीपत लोकसभा हलके के अंतर्गत आते गोहाना में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। इन रैलियों के माध्यम से प्रधानमंत्री पांच लोकसभा हलकों अथवा 45 विधानसभा हलकों के कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए एकजुटता का पाठ पढ़ाएंगे। राजनीतिक रूप से इन दोनों रैलियों का हरियाणा के लिए बड़ा महत्व है। एक तरीके से प्रधानमंत्री आज दो रैलियों से आधे हरियाणा को मापने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबाला रैली के माध्यम से अंबाला, कुरूक्षेत्र तथा करनाल लोकसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। हरियाणा भाजपा द्वारा अंबाला लोकसभा के लिए प्रधानमंत्री की रैली को प्रस्तावित भी नहीं किया गया था लेकिन पूर्व मंत्री स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के साथ संबंधों के चलते वह उनकी पत्नी बंतो कटारिया के लिए चुनाव प्रचार करने आ रहे हैं। पिछले दो कार्यकाल के दौरान भाजपा को हरियाणा के अन्य हिस्सों के मुकाबले उत्तरी हरियाणा से ही सर्वाधिक सीटों पर जीत मिली है। वर्तमान में मुख्यमंत्री, विधानसभा स्पीकर के अलावा कई मंत्री उत्तरी हरियाणा से ही हैं। अंबाला में हो रही रैली के माध्यम से अंबाला के अलावा कुरूक्षेत्र व करनाल लोकसभा हलकों को भी कवर किया जाएगा।



**जाट बाहुल्य सोनीपत के गोहाना में होगी दूसरी रैली**

मोदी की दूसरी रैली जाट बाहुल्य सोनीपत के गोहाना में होगी। यहां से मोदी सोनीपत तथा रोहतक लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को साधने का काम करेंगे। सोनीपत रैली के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गढ़ कहे जाने वाले इलाके में भाजपा को मजबूती प्रदान करेंगे। इन रैलियों के माध्यम से मोदी जहां लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को बूस्ट करेंगे वहीं इसे हरियाणा में विधानसभा चुनाव की शुरूआत माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव की इस रैली के माध्यम से मोदी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए भी कार्यकर्ताओं को एकजुट करेंगे।

**न्यूज ब्रीफ**

## हरियाणा में स्कूलों का समय बदला, अब सुबह सात बजे से शुरू होंगी कक्षाए



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में हीट वेव का असर देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। स्कूलों की नई समय सारिणी शनिवार से ही लागू होगी और 31 मई तक जारी रहेगी। एक जून से स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की तरफ से शुक्रवार को जारी निर्देशों के अनुसार राज्य में सिंगल शिफ्ट वाले स्कूल सुबह एक घंटा पहले लगेंगे। अर्थात शनिवार से सिंगल शिफ्ट वाले स्कूल सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे। दोहरी शिफ्ट वाले स्कूल सुबह सात बजे से सुबह 11.30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट 11.45 से शाम 4.15 तक लगेगी। निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को ऑर्डर के सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।




**शराब नीति केस में ईडी ने पेश की आठवीं चार्जशीट**

# केजरीवाल-'आप' को बनाया आरोपी

पहली बार किसी पार्टी को बनाया आरोपी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला में प्रवर्तन निदेशालय ने आठवीं चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर मामले में यह आठवीं चार्जशीट है। ईडी ने बताया कि इस चार्जशीट में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज है।

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। ईडी के द्वारा दायर की गई यह आठवीं चार्जशीट है। इस मामले में यह पहली चार्जशीट है, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दाखिल की गई है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रखा फैसला सुरक्षित

कहा- जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाएं केजरीवाल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। केजरीवाल ने शीर्ष कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही कहा कि केजरीवाल जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जा सकते हैं।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की। ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू और केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं।

एएसजी एसवी राजू ने कहा कि रिश्वत का पैसा हवाला के जरिए भेजा गया। जस्टिस खन्ना ने कहा कि



आमतौर पर जांच अधिकारी तब तक गिरफ्तार नहीं कर सकता, जब तक उसके पास दोषी साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत न हों। यही स्टैंडर्ड होना चाहिए। वहीं, अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को दोषी साबित करने से बचाने वाले 9 बयान हैं, लेकिन जांच एजेंसी ने इसे जीरो वेटेज दिया। वहीं, सुनवाई के दौरान ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया है।

बता दें कि जांच एजेंसी ने 21 मार्च को केजरीवाल को अरेस्ट किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को केजरीवाल को 21 दिन यानी एक जून तक अंतरिम जमानत दी है। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना होगा।

## सीएम आवास के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सच सामने आएगा: मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ हुयी बदसलूकी में आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री आवास के अंदर के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने आ जायेगा। मालीवाल ने शुक्रवार को बिना किसी का नाम लिये कहा कि घटना का आधा-अधूरा वीडियो डालकर अपराध करने वाले को बचाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। बिना संदर्भ का आधा वीडियो चलाकर इसे लगता है ये इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर और कमरे के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। आप नेता ने कहा कि जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक न एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी।

# गुरदासपुर में अकाली दल के उम्मीदवार को नोटिस जारी

**गुरदासपुर (अप्रस)।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 01-गुरदासपुर के रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. निशिक सारंगल ने शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार दलजीत सिंह चीमा को कुछ चैनलों में पेड न्यूज पोस्ट कराने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रिटर्निंग अधिकारी मिशेष सारंगल ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत जिला पठानकोट में स्थापित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति ने उनके ध्यान में लाया है कि फास्टवे पर 14 मई 2024 को कुछ चैनलों पर शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार डॉ. दलजीत सिंह चीमा के पक्ष में संदिग्ध पेड न्यूज चलाई गई है।

**नोटिस के जवाब के बाद होगी अगली कार्रवाई:** उन्होंने कहा कि एमसीएमसी आज पठानकोट द्वारा की गई रिपोर्ट के आधार पर शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार डॉ. दलजीत सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनसे 48 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब मिलने के बाद पेड न्यूज के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।






**पंजाब के सीएम ने करतारपुर में किया पवन कुमार टीनू के लिए प्रचार**

# एक जून को झाड़ू से करनी है सफाई: मान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर/चंडीगढ़, 17 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को जालंधर से आप उम्मीदवार पवन कुमार टीनू के लिए प्रचार किया। उन्होंने करतारपुर में एक बड़ा रोड शो किया और लोगों से अपील की कि 1 जून को झाड़ू से सफाई करनी है और आम आदमी पार्टी को 13-0 से जिताना है। मान ने लोगों से कहा कि उनका प्यार और समर्थन उन्हें कभी थकने नहीं देता। उन्होंने कहा कि मैं इस प्यार का कर्ज सात जन्मों में भी नहीं चुका सकता। दूसरे राजनेताओं के लिए लोग अपने घरों से बाहर भी नहीं निकलते और आप मुझ पर फूलों की वर्षा करते हैं और इतना प्यार देते हैं। यह मेरा सबसे बड़ा उपहार है।

रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मान ने अपने दो साल के काम गिनाते हुए कहा कि वह अपने काम के आधार पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें पंजाब के लोगों की सेवा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि पैसा ही सब कुछ नहीं है। बेशक अमीर लोग थोड़े समय के लिए तो मशहूर हो जाते हैं लेकिन उनके चले जाने के बाद उन्हें कोई याद नहीं रखता। सीएम मान ने गुरु नानक देव जी का जिक्र करते हुए कहा कि जीवन में बहुत सी चीजें पैसे से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए काम करने, उनकी समस्याओं को सुलझाने और उनकी सेवा करने से जो खुशी मिलती है वह अमूल्य है। मान ने कहा कि पिछले दो साल में 43000 युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर मैं आपके बीच हूं। 90 प्रतिशत घरों के बिजली बिल मुफ्त कर दिये। 830 मोहल्ला क्लीनिक खोले और स्कूल ऑफ एमिनेंस बनाए। वहीं, किसानों को दिन में खेती के लिए पर्याप्त बिजली दी और 59त्न खेतों तक नहर का पानी पहुंचाया गया।

उन्होंने कहा कि आप सरकार ने 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादा किया था, उससे कहीं अधिक दो साल में किया। सड़क सुरक्षा बल (एसएसएफ) का जिक्र करते हुए मान ने कहा कि पिछले साल हमने सड़क सुरक्षा बल का गठन किया, जिसने अब तक सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 1250 लोगों की जान बचाई है। पिछले साल मार्च-अप्रैल में सड़क हादसों में करीब 1500 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि इस साल इन महीनों में 250 लोगों की ही मौत हुई है। मान ने कहा कि एसएसएफ से पहले पंजाब में सड़क हादसों में 17 लोगों की रोज मौके पर ही मौत हो जाती थी, जो देश में सबसे ज्यादा थी। अब एसएसएफ हर दिन कीमती जिंदगियां बचा रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब में 16 टोल प्लाजा बंद कर दिए जिससे पंजाबियों को रोजाना करीब 60 लाख की बचत हो रही है।

**पंजाब में हो रहा रिवर्स माइग्रेशन**

मान ने कहा कि अब पंजाब में रिवर्स माइग्रेशन हो रहा है। जो लोग सिस्टम और भ्रष्टाचार से निराश होकर पंजाब छोड़कर चले गए थे, वे अब पंजाब लौट रहे हैं। मान ने कहा कि पंजाब के पास सब कुछ है, बस एक चीज की कमी है, साफ नियत वाले ईमानदार नेताओं की, अब 2022 के बाद वह समस्या भी हल हो गई है, इसलिए लोग घर लौट रहे हैं। रोड शो के दौरान इंग्लैंड से लौटे एक शख्स ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की तारीफ की और कहा कि पहली बार पंजाब को एक ईमानदार मुख्यमंत्री मिला है। उन्होंने कहा कि सीएम मान के कुशल नेतृत्व में पंजाब ने जो प्रगति की है, उससे वह खुश हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि वह घर वापस आकर बहुत खुश हैं। मान ने अकाली दल और सुखबीर बादल पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अकाली दल को पंजाब में लोकसभा चुनाव के लिए 13 उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। सुखबीर बादल पर उन्होंने कहा कि वह तापमान पूछकर घर से बाहर निकलते हैं। जब तापमान 30 डिग्री के आसपास होता है तो वह दो घंटे के लिए पंजाब बचाओ यात्रा निकालते हैं। ऐसे लोगों से हम पंजाब के कल्याण की उम्मीद कैसे कर सकते हैं।

**लोक सभा चुनाव** | **कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार में जुटे हिमाचल के मुख्यमंत्री**

# जनसेवा नहीं, धन सेवा के लिए राजनीति कर रहे राजेंद्र राणा: सीएम सुक्खू

क्रशर की एनवायरमेंट क्लीयरेंस और एक होटल सड़क बनवाने के लिए मेरे पास आते थे पूर्व विधायक

अर्थ प्रकाश/ शिल्पा शर्मा

**सुजानपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा जनसेवा नहीं, धन सेवा के लिए राजनीति कर रहे हैं। पूर्व विधायक भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिके हैं, 14 महीने में वह जनता के काम नहीं, सिरमौर के नैना टिक्कर स्थित अपनी पार्टनरशिप वाले क्रशर की एनवायरमेंट क्लीयरेंस और अपने राजगढ़ के होटल की सड़क बनवाने के लिए मेरे पास आते थे। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हराया गया। वह हमीरपुर से चुनाव लड़ते थे, भाजपा के एक खेमे ने उन्हें सुजानपुर से टिकट दिलवा दिया। धूमल चुनाव हार गए और पूर्व भाजपा सरकार में हमीरपुर जिला को अधिमान नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने ये बातें सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के जोल पलाही, खैरी गोशाला, कक्कड़, ऊटपुर, ऊहल, पटनौण व सराकड़ में आईटीआई के पास चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहीं।



मुख्यमंत्री ने तूफानी दौरा करते हुए सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन रणजीत राणा व लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के लिए वोट की अपील की। सुखविंदर सिंह ने कहा कि पहले जो गलती सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से हुई थी, उसे सुधारना है। मैंने मुख्यमंत्री के नाते पूर्व विधायक से कई बार सुजानपुर दौरे पर आने के लिए कहा, लेकिन वह ना-नुकर करते रहे। आपदा में भी उन्होंने मुझे नहीं बुलाया, लोगों की पीढ़ा को समझते हुए मैंने खुद आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। आपदा में 8 करोड़ रुपये सुजानपुर क्षेत्र को दिए। 100 करोड़ रुपये ग्रामीण सड़कों के लिए दिया है। बिकाऊ विधायक अपने क्रशर व होटल की बात करते रहे, लेकिन सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के खेतों में कंटीली तार लगाने का मुद्दा कभी नहीं उठाया। हमारी सरकार 50 करोड़ रुपये से लोगों की खेती को बचाने के लिए कंटीली तार लगाएगी।

**जनता से मिलने क्यों नहीं आए 'बिकाऊ' विधायक**

मुख्यमंत्री ने कहा, बिकाऊ विधायक से जनता यह पूछे कि वह बिकने के बाद एक महीने तक घर और सुजानपुर की जनता से मिलने क्यों नहीं आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ विधायक इसलिए दर-दर भटक रहे थे, क्योंकि सरकार गिराने के नाम पर उन्होंने भाजपा नेताओं से तीसरी क़िस्त लेनी थी। सुजानपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन रणजीत ने न तो क्रशर लगाना है, न भू माफिया बनना है। उन्होंने केवल और केवल समस्याओं को ढूंढकर उनका हल करवाना है। कैप्टन ने सेना में रहते सीना ठोककर देश की सरहद पर दुश्मन की गोली का सामना किया है। वह ईमानदार हैं और गरीब घर से होने के कारण जनता के दर्द को समझते हैं।




अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने अमृतसर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ की मीटिंग, केजरीवाल ने कहा-

# सुप्रीम कोर्ट ने मुझे प्रचार के लिए जमानत दी, जिसका मैं एक-एक क्षण अपने देश के लिए लगा रहा हूं

कहा–मैं यहां पंजाब के लोगों और अपने कार्यकर्ताओं से मिलने आया हूं, जेल में मुझे आपकी बहुत याद आती थी

बीजेपी को लगता है कि मुझे गिरफ्तार करके वह आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे

जेल अधिकारियों ने जानबूझकर मुझे और भगवंत मान को कमरे में नहीं मिलने दिया

जेल में मेरी बैरक के बाहर दो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, जिसका एक फुटेज पीएमओ भी जाता था

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर/चंडीगढ़, 17 मई।** आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अमृतसर में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। मीटिंग में केजरीवाल और भगवंत मान ने कड़ी मेहनत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की सराहना की और आगे की चुनावी रणनीतियों पर चर्चा की।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस बार पंजाब आने का मेरा कोई खास एजेंडा नहीं था। मैं इस बार यहां पंजाब के लोगों और अपने कार्यकर्ताओं से मिलने आया हूं। जेल में मुझे आप लोगों की बहुत याद आती थी। भगवंत मान से जब भी जेल में मेरी मुलाकात होती थी मैं आपके बारे में पूछता था।

भाजपा की आलोचना करते हुए केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी को लगता था कि मुझे गिरफ्तार करके वह आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे। लेकिन मेरी गिरफ्तारी से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला क्योंकि आम आदमी पार्टी एक परिवार है और परिवार में जब मुसीबत आती है तो सब और इकट्ठे हो जाते हैं अलग-अलग बिखरते नहीं है। आपने भी वैसा ही किया सब लोग भी इकट्ठे हो गए। इससे उनको मैसेज चला गया कि एक केजरीवाल को गिरफ्तार करने से काम नहीं चलेगा। आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता केजरीवाल है। यहां हर कार्यकर्ता खड़ा होकर कमान संभालेगा और किसी भी हालत में पंजाब को और देश झुकने नहीं देगा।

केजरीवाल ने कहा कि जेल अधिकारियों ने जानबूझकर मुझे और भगवंत मान को कमरे में नहीं मिलने दिया, जबकि जेल मैन्युअल के अनुसार वे हम दोनों को मुख्यमंत्री के नाते सिंगल कमरे में मीटिंग करा सकते थे। यह सब जेल मैन्युअल में लिखा हुआ है, यह प्रोविजन है। यहां से पंजाब पुलिस और मुख्यमंत्री कार्यालय लिखकर भेजता था कि पंजाब के सीएम दिल्ली के सीएम से मिलने के लिए आ रहे हैं, लेकिन इन्होंने मेरी उनके साथ कमरे में मीटिंग नहीं करवाई। जेल की जाली के एक तरफ मैं और दूसरी तरफ भगवंत मान खड़े होकर बात करते थे। इनको लगता था कि ऐसा कर वह केजरीवाल की बेइज्जती कर रहे हैं, लेकिन इन छोटी छोटी चीजों से केजरीवाल की बेइज्जती नहीं होती। जब तक भारत माता का सिर ऊंचा है तब तक केजरीवाल का सिर ऊंचा है।

उन्होंने कहा कि जेल में मेरी बैरक के बाहर मेरी निगरानी के लिए दो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे। जेल के 13 अफसर मेरे ऊपर चौबीसों घंटे नजर रखते थे, उसका एक फुटेज पीएमओ भी जाता था। ये लोग मेरी हरेक गतिविधि पर नजर रखते थे, लेकिन उनको कुछ हासिल नहीं हुआ क्योंकि हम सच के आधार पर जीते हैं। मेरे पास छुपाने के लिए कुछ भी नहीं है। जेल में भी मैं अपना काम करता था और किताबें पढ़ता था।

उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने जेल में मुझे तोड़ने की बहुत कोशिश की। मुझे 20 साल से शुगर की बीमारी है। पिछले दस सालों से मैं रोज 52 यूनिट इंसुलिन लेता हूं यह जानते हुए इन्होंने मेरी जेल में इंसुलिन बंद कर दी। जिसके कारण मेरा सुगर लेवल काफी बढ़ गया। उन्होंने कहा कि अगर ज्यादा दिनों तक किसी व्यक्ति का शुगर लेवल बढ़ा रहता है तो उसका लीवर और किडनी भी खराब हो सकता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मेरे उपर कृपा करते हुए मुझे 21 दिनों के लिए जमानत दी। अब मैं इन 21 दिनों में एक एक पल देश से इस तानाशाही सरकार को खत्म करने के लिए काम करुंगा।

केजरीवाल ने आप कार्यकर्ताओं से अपील की कि अभी चुनाव प्रचार के लिए 10-12 दिन बचे हैं। इन 10-12 दिनों में इतनी मेहनत करें कि पार्टी पंजाब की सभी 13 सीटें जीत जाए। चुनाव के नतीजे वाले दिन 4 जून को मैं जेल में रहूंगा लेकिन मैं टीवी पर चुनाव नतीजे को देखूंगा। मुझे पूरा भरोसा है कि आप लोग मुझे निराश नहीं करोगे।

## केजरीवाल थकने-हारने वाले नेता नहीं, बीजेपी इनको जेल में डालकर डरा नहीं सकती: मान

मान ने आप कार्यकर्ताओं की तारीफ की, कहा – आपकी मेहनत की बदौलत अभी चुनाव प्रचार में देशभर में नंबर –1 पर है पार्टी

रिपोर्ट के अनुसार चारों चरण में भाजपा हार रही है, 400 पार नहीं, इस बार इनका बेड़ा पार होना मुश्किल है: मान




**चंडीगढ़।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं क्योंकि आप सभी ने संकट की इस घड़ी में हमारा बहुत साथ दिया। जिस तरह की एकता और आपसी भाईचारा आपने दिखाई है उसके लिए मैं आपको सलाम करता हूं। मान ने कहा कि अगला 12-13 दिन बहुत महत्वपूर्ण है। इन 12-13 दिनों में हमें मेहनत कर देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने में अपना योगदान देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह 12-13 दिन पंजाब के लिए लगा दो, चाहे घर वालों को बोलकर इसके लिए 12-13 दिन के लिए छुट्टी दे दो। उन्होंने कहा कि जब देश का इतिहास लिखा जाएगा तो यह भी लिखा जाएगा कि जब देश को बचाने की लड़ाई चल रही थी तो सबसे ज्यादा योगदान पंजाब और आम आदमी पार्टी ने दिया था।

उन्होंने कहा कि जब मैं अरविंद केजरीवाल से जेल में मिलने जाता था तो वह अपनी सेहत से पहले मुझसे पंजाब और दिल्ली के बारे में पूछा करते थे। मान ने कहा कि भगवान की कृपा से सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 21 दिन के लिए जमानत दी है। यह 21 दिन तानाशाहों के लिए बहुत खतरनाक साबित होगा क्योंकि अरविंद केजरीवाल थकने और हारने वाले लोगों में से नहीं है। भाजपा इन्हें जेल में डालकर डरा नहीं सकती। अरविंद केजरीवाल जैसी सोच भगवान बहुत कम लोगों को देता है। हम बहुत किस्मत वाले हैं कि अरविंद केजरीवाल हमारी पार्टी के प्रधान है। अरविंद केजरीवाल संकट से डरने वाले नहीं है। जब भी उन पर कोई संकट आया, वह और मजबूत होकर बाहर निकले।

मान ने आप कार्यकर्ताओं की तारीफ की और कहा आपकी मेहनत की बदौलत अभी चुनाव प्रचार में देशभर में आम आदमी पार्टी नंबर -1 पर है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार चारों चरण में भाजपा हार रही है। उन्हें 400 पार नहीं, इस बार इनका बेड़ा पार होना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यह बात बिल्कुल साफ हो गई है कि केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और उसमें सबसे बड़ा योगदान आम आदमी पार्टी का होगा। उन्होंने कहा कि हम पंजाब में दो साल और दिल्ली में आठ साल के कार्यों पर वोट मांग रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा 10 साल बाद भी मंगलसूत्र और मुसलमान की बातें करते हैं।

# 13 सीटों के लिए 328 उम्मीदवार मैदान में : सिबिन सी

सभी राजनैतिक पार्टियों और उम्मीदवारों से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करने की अपील

लुधियाना में सबसे अधिक 43 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 17 मई।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया है कि पंजाब की 13 लोक सभा सीटों के लिए कुल 328 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे जबकि लोक सभा मतदान-2014 में 253 और 2019 में कुल 278 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था।

उन्होंने बताया कि नामांकन-पत्र वापिस लेने की आख़िरी तारीख़ तक कुल 25 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए हैं। इससे पहले राज्य में 466 उम्मीदवारों ने 598 नामांकन-पत्र पत्र दाख़िल किये थे और कागज़ों की पड़ताल और पत्र वापसी के बाद कुल उम्मीदवारों की गिनती 328 रह गई है, जिनमें 302 पुरूष और 26 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लुधियाना लोक सभा सीट पर सबसे अधिक 43 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

अब जब यह साफ़ हो गया है कि कौन से उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं तो मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने सभी राजनैतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग की आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करने की अपील की है। उन्होंने उम्मीदवारों को दूसरों की आलोचना करते समय बेबुनियाद दोष लगाने और विवादित बयान देने से बचने के लिए कहा है।

उन्होंने बताया कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिना आगामी लिखित इजाज़त के लाउड स्पीकरों के प्रयोग पर पाबंदी लगाई गई है और स्थानीय ट्रैफ़िक नियमों की पालना करने के लिए भी कहा गया है। इसके इलावा उन्होंने चुनाव प्रचार में लगे सभी राजनैतिक वर्करों को बैज या पहचान-पत्र दिखाने और चुनाव प्रचार के दौरान और मतदान वाले दिन वाहन संबंधी नियमों की पूरी तरह पालना करने के लिए कहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वोटरों को जारी की ग़ैर-अधिकारत पहचान पर्ची सादे (सफ़ेद) कागज़ पर होनी चाहिएं और इसमें पार्टी का कोई चिह्न और नाम या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। उन्होंने हलके से बाहर के वोटरों और उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार की समाप्ति वाले दिन के बाद हलका छोड़ने की अपील की है।

उन्होंने आगे कहा कि रिश्वतखोरी और वोटरों पर किसी भी तरीके का प्रभाव और अन्य चुनाव अपराध, जैसे कि पोलिंग स्टेशनों के 100 मीटर के अंदर प्रचार करने की सख़्त मनाही है।

उन्होंने मतदान की पारदर्शिता बरकरार रखने के लिए राजनैतिक पार्टियों को नकद लेन-देन और बड़ी मात्रा में नकदी लेजाने से गुरेज़ करने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि दूसरी पार्टियों की मीटिंगों और सभाओं में गड़बड़ी करने की मनाही है और पोलिंग बूथों के नज़दीक प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं होनी चाहिए।

सिबिन सी ने कहा कि निजी रिहायशों के बाहर प्रदर्शन या धरना लगाना भी निषेध है और राजनैतिक मीटिंगों में किसी भी विघ्न विरुद्ध पुलिस की मदद लेनी चाहिए। जन प्रतिनिधितत्व एक्ट, 1951 की धारा 127 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो सार्वजनिक मीटिंगों में माहौल को बिगाड़ता है, वह छह महीने की कैद, दो हज़ार रुपए तक का जुर्माना या दोनों सज़ाओं के योग्य हो सकता है।

### किस लोक सभा हलके से कितने उम्मीदवार

जानकारी देते सिबिन सी ने बताया कि गुरदासपुर से 26 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें 23 पुरूष और 3 महिलाएं शामिल हैं, जबकि अमृतसर से 30 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें 26 पुरूष और 4 महिलाएं शामिल हैं। खडूर साहिब से 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनमें सभी उम्मीदवार पुरूष हैं। जालंधर से 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें 17 पुरूष और 3 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। होशियारपुर से कुल 16 उम्मीदवारों में से 14 पुरूष और 2 महिला उम्मीदवार मतदान लड़ रही हैं। आनन्दपुर साहिब से कुल 28 उम्मीदवारों में से 26 पुरूष और 2 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। लुधियाना से 43 उम्मीदवारों में से 41 पुरूष और 2 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। फतेहगढ़ साहिब से कुल 14 उम्मीदवारों में से 13 पुरूष और 1 महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। फरीदकोट से कुल 28 उम्मीदवारों में से 26 पुरूष और 2 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। फ़िरोज़पुर से कुल 29 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जोकि सभी पुरूष हैं। बठिंडा से कुल 18 उम्मीदवारों में 15 पुरूष और 3 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। संगरूर से 23 उम्मीदवारों में से 22 पुरूष और 1 महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं जबकि पटियाला से 26 उम्मीदवारों में से 23 पुरूष और 3 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

## यात्रा के दौरान 50 हज़ार से अधिक नकदी के लिए अपने पास रखें उचित दस्तावेज़: सिबिन सी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 मई।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज 'टॉक टू यूयर सी. ई. ओ. पंजाब' के शीर्षक के अंतर्गत करवाये गए दूसरे फेसबुक लाइव सैशन के दौरान बात करते हुये पंजाब के निवासियों को सलाह दी कि राज्य में लोक सभा मतदान- 2024 के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के मद्देनज़र अगर कोई भी व्यक्ति अपनी यात्रा के दौरान 50,000 रुपए या इससे अधिक की नकदी लेकर जा रहा है तो वह सबूत के तौर पर अपने साथ उचित दस्तावेज़ जैसे बैंक की रसीद आदि ज़रूर रखे। इसके साथ ही व्यापारियों को ऐसे मामले में अपने पास रसीद बुक या कोई उपयुक्त दस्तावेज़ रखने की सलाह दी गई है।

सैशन के दौरान वोटरों के अलग-अलग सवालों का जवाब देते हुये उन्होंने लोगों से अपील की कि वह चुनाव आचार संहिता के किसी भी तरह का उल्लंघन की रिपोर्ट के लिए सी - विजील एप, टोल- फ्री नंबर 1950 और भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एन. जी. पी. एस.) का प्रयोग ज़रूर करें जिससे निष्पक्ष और शांतमयी मतदान यकीनी बनाये जा सकें। पोलिंग बूथों पर मोबाइल लेकर जाने संबंधी पूछे सवाल के जवाब में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से मतदान वाले दिन पोलिंग बूथों के अंदर मोबाइल फ़ोन या ऐसे अन्य किसी भी तरह के उपकरण को लेकर जाने की सख़्त मनाही है। राजनैतिक पार्टियों की तरफ से किये जा रहे प्रचार के बारे एक अन्य सवाल का जवाब देते हुये सिबिन सी ने बताया कि राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने तक फ्लैक्स बोर्ड और होर्डिंग, ज़िला चुनाव अधिकारियों या दफ़्तर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मंज़ूरी के बाद सिर्फ़ निर्धारित स्थानों पर ही लगाए जा सकते हैं।

ਡਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭੁਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।
(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)
ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰ: 401660 ਮਿਤੀ 03.05.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਲਾਟ ਨੰ: 170, ਬਲਾਕ-ਏ, ਸੈਕਟਰ 82-ਅਲਫਾ, ਸਾਈਜ 400 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਸੁਰਿੰਦਰ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਸੁਖਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ, ਸ੍ਰੀ ਜਗਪ੍ਰੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੁਖਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ, ਸ੍ਰੀਮਤੀ ਕਰਨੈਲ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ ਸਵਰਨ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਸ੍ਰੀ ਰਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸੁਖਦਰਸ਼ਨ ਸਿੰਘ ਪਿੰਡ ਚਾਚੂ ਮਾਜਰਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦਾ ਸ੍ਰੀ ਦੀਪਕ ਅੱਗਰਵਾਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਵਿਨੋਦ ਅੱਗਰਵਾਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ 209, ਸੈਕਟਰ 36-ਏ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਪੰਚਕੂਲਾ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰਬਰ:-2023-24/3/4/1260, ਜਾਇਦ ਬਹੀ-4, ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਦੇ ਸਫਾ ਨੰਬਰ- , ਮਿਤੀ 29.08.2023 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਇਆ ਹੈ।
ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ੍ਰੀ ਦੀਪਕ ਅੱਗਰਵਾਲ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਵਿਨੋਦ ਅੱਗਰਵਾਲ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ 209, ਸੈਕਟਰ 36-ਏ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਨੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 170, ਬਲਾਕ-ਏ, ਸੈਕਟਰ 82-ਅਲਫਾ, ਸਾਈਜ 400 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਸ੍ਰੀ ਸਿਧਾਰਥ ਜੈਨ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਮਨੀਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਜੈਨ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 277, ਸੈਕਟਰ 4, ਪੰਚਕੂਲਾ, ਹਰਿਆਣਾ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਸੁਪਰਡੰਟ, ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮੇ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 170, ਬਲਾਕ-ਏ, ਸੈਕਟਰ 82-ਅਲਫਾ, ਸਾਈਜ 400 ਵਰਗ ਗਜ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਉਕਤ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਸੁਪਰਡੰਟ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ।
AP-1107

## अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान ने भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ मंदिर में नतमस्तक होकर पंजाब की शांति-समृद्धि के लिए की प्रार्थना



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर/चंडीगढ़, 17 मई।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार सुबह अमृतसर में भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ मंदिर में नतमस्तक होकर पंजाब की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। अरविंद केजरीवाल को अपने अन्य चुनावी अभियान की प्रतिबद्धताओं के कारण अपनी पंजाब यात्रा में कटौती करनी पड़ी। इसलिए उन्होंने यहां के कार्यक्रमों में कटौती कर भगवान श्री वाल्मीकि तीर्थ मंदिर में जाने के लिए समय निकाला और वहां पूजा अर्चना की। उनके साथ मुख्यमंत्री भगवंत मान और अमृतसर से आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल भी थे। वहीं कल आप नेताओं ने स्वर्ण मंदिर और श्री दुर्गियाना मंदिर के दर्शन किए थे, जहां उन्होंने पंजाब की शांति और समृद्धि के लिए अरदास की और भगवान से हमारे देश को वापस सही रास्ते पर लाने की प्रार्थना की। उनके साथ वहां बड़ी संख्या में आप समर्थक भी मौजूद थे।

मान ने होशियारपुर से आप उम्मीदवार डा. राजकुमार चब्बेवाल के लिए किया प्रचार, डा. चब्बेवाल को भारी वोटों से जिताने की अपील की, कहा-

# इस बार 13-0 से जीता दो, फिर मैं दोगुने हौसले के साथ करूंगा पंजाब के विकास के लिए कार्य

कहा–मैं आपकी मजबूरी को मर्जी में बदलना चाहता हूं, 6–7 महीने बाद यह आपका फैसला होगा कि इलाज और पढ़ाई सरकारी में करवाना है या प्राईवेट में, दोनों जगह समान सुविधाएं होंगी

भाजपा पर बोला हमला, कहा–भाजपा देश का संविधान और लोकतंत्र खत्म करना चाहती है, उसे हराना बेहद जरूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**होशियारपुर/चंडीगढ़, 17 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने होशियारपुर से आम आदमी पार्टी(आप) के उम्मीदवार डॉ राजकुमार चब्बेवाल के लिए प्रचार किया। उन्होंने यहां आप उम्मीदवार के साथ एक बड़ा रोड शो किया लोगों से डॉ चब्बेवाल को जिताने की अपील की। रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने कहा कि हमें तो अब प्रचार के लिए कुछ कहने की जरूरत ही नहीं पड़ती। लोग खुद ही हमारे काम गिनाने लगते हैं। लोगों के बीच हमारा जीरो बिजली बिल बोलता है। आम आदमी क्लीनिक बोलता है। नहरी पानी बोलता है। मान लोगों से अपील की कि इस बार हमें 13-0 से जीता दो, फिर मैं दोगुने हौसले के साथ पंजाब के विकास के लिए काम करूंगा।

उन्होंने कहा कि मैं आपकी मजबूरी को मर्जी में बदलना चाहता हूं। आज प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाना और प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाना आपकी मजबूरी है क्योंकि सरकारी स्कूलों और अस्पतालों पर अभी आपका भरोसा नहीं है। आने वाले दोनों में मैं सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को इतना बेहतरीन बना दूंगा कि प्राइवेट स्कूल और अस्पताल चुनना आपकी मर्जी होगी, मजबूरी नहीं।

मान ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा बाबा साहब का संविधान और देश के लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। उसे हराना बेहद जरूरी है। वहीं हमारी सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही है। हम गरीबों और दलितों के बच्चों के लिए अच्छा सरकारी स्कूल बना रहे हैं और उनके ईलाज के लिए सरकारी अस्पतालों को बेहतर कर रहे हैं।

गन्ना किसानों पर मान ने कहा कि होशियारपुर और आसपास के इलाकों में गन्ना की काफी खेती होती है। मैं गन्ना किसानों को भरोसा देता हूं कि आप चिंता न करें। जो भी प्राइवेट गन्ना मिल किसानों का बकाया पैसा नहीं दे रहे, उनसे आपका एक-एक रूपया जल्द दिलवाएंगे, मैं हमेशा ही किसानों का साथ खड़ा हूं। आज पंजाब में गन्ना का एमएसपी देश में सबसे ज्यादा है। मान ने कहा कि केंद्र ने 5500 करोड़ (आरडीएफ) रूरल डेवलपमेंट फंड को रोक रखा है परन्तु कोई बात नहीं, हम पंजाब को फिर से पैरों पर खड़ा करेंगे।

### 'आप' सरकार ने बिजली के बिल जीरो किए, आप विरोधियों की सीट जीरो कर दो : चब्बेवाल

लोगों को संबोधित करते हुए आप उम्मीदवार डॉ राजकुमार चब्बेवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान जहां से भी गुजरते हैं वहां जीत का छाप छोड़ जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि मान सरकार ने आपके बिजली के बिल जीरो किए, आप विरोधियों के सीट जीरो कर दो।


▲ अधिकतम 44 डिग्री से.
डिग्री से. 28 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.26 बजे
सूर्यास्त 7.12 बजे


| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | : | 75,790.00 |
| सैंसेक्स | : | 73,917.03 |
| अमेरिका | : | 83.39 |
| कैनेडियन | : | 61.14 |
| आस्ट्रेलिन | : | 55.46 |

# संजय टंडन के समर्थन में पहुंचेंगे भाजपा के जाने माने चेहरे

**पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी सहित यूपी के सीएम योगी, अनुराग ठाकुर और मनोज तिवारी भी पहुंचेंगे प्रचार के लिये चंडीगढ़**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा











**चंडीगढ़, 17 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 मई के बाद कभी भी चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर जनसभा को संबोधित करने पहुंचेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी का व्यापारियों व उद्योगपतियों के साथ कार्यक्रम कराने की योजना है। चंडीगढ़ के मलोया स्थित सरकारी स्कूल के पास मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली कराई जाएगी। मलोया में स्मॉल फ्लैट और आसपास के इलाके में उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले वोटरों की संख्या ज्यादा है लिहाजा उन्हें भाजपा के पक्ष में करने के लिए मलोया में कार्यक्रम रखा गया है। इसके अलावा मनोज तिवारी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की भी जनसभा चंडीगढ़ में की जाएंगी। भाजपा के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों का अता पता नहीं

हालांकि कांग्रेस की तरफ से अभी किसी भी बड़े नेता की रैली आयोजित नहीं हुई है। कांग्रेस के किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता का कार्यक्रम भी चंडीगढ़ में तय नहीं है। लेकिन कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि जल्द ही उनकी तरफ से भी बड़े नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार किया जाएगा क्योंकि चंडीगढ़ में आखिरी चरण में चुनाव होना है।

वहीं, राजस्थान के मुख्यमंत्री की भी एक जनसभा चंडीगढ़ में होनी है हालांकि इसके लिए अभी तक समय तय नहीं किया गया है। आज नामांकन वापसी होने के बाद उम्मीदवार भी फाइनल हो जाएंगे। इसके बाद चुनाव प्रचार में और तेजी आएगी। यहां बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहले ही उम्मीदवार संजय टंडन के लिए जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी उनके नामांकन के दिन उनके रोड शो में साथ चले थे।


## स्वाति मालीवाल प्रकरण में मनीष तिवारी की चुप्पी कांग्रेस के न्याय की खोल रही है पोल: संजय टंडन

**कहा-चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी की चंद वोटों के लालच में बोलना भूल चुके हैं कांग्रेस के प्रखर वक्ता मनीष तिवारी**

**मालीवाल प्रकरण को केजरीवाल के महल में ही दफन करना चाहती थी आम आदमी पार्टी**

**घमंडिया गठबंधन के साथ होने का गुरुर भाजपा ने तोड़ा और मालीवाल की पीड़ा को उठाया**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 17 मई।** भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन ने कहा कि आम आदमी पार्टी भले अपनी सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई अन्यापूर्ण घटना में पीछे कदम खींचे दिख रही है,लेकिन भाजपा महिलाओं के सम्मान की खातिर उनके समर्थन आगे खड़ी है।उन्होंने अफसोस जाहिर किया कि इस मामले में आम आदमी पार्टी के साथ एक बार फिर कांग्रेस और उसके नेता भी बेनकाब हुए हैं।महिलाओं का सम्मान और न्याय के दावे कांग्रेस की डिजाइनर पालिटिक्स का हिस्सा है। वह पहले भी करती रहे है,आज भी करती है। उन्होंने चंडीगढ़ से कांग्रेस के प्रत्याशी मनीष तिवारी पर कहा कि वह तो खुद को दबंग और देश का माहिर अधिवक्ता और वक्ता बताने में कोई चूक नहीं करते।मगर स्वाति मालीवाल मामले में उनका मुंह चंद वोटों के लालच में सिल चुका है।

टंडन ने सवाल उठाया कि मनीष तिवारी जिस राजनीतिक संगठन के नेता हैं,अगर चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का समझौता नहीं होता तो क्या तब भी आप इसी मोड पर चुप्पी साधे होते? उन्होंने कहा कि तिवारी जी कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी तो न्याय,न्याय और न्याय की दुहाई देती,लेकिन एक महिला सांसद की पिटाई मामले में यह कहकर काम चलाती है कि स्वाति मालीवाल मामला पार्टी मामला है। स्वाति मालीवाल महिला के साथ, एक राजनीतिक दल की नेत्री भी है और देश की सबसे बड़ी पंचायत की सदस्य भी।अगर न्याय के लिए उन्हें भी रोना और भटकना पड़ रहा है तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से जनता किस मुंह से न्याय की उम्मीद करेगी,इसका जवाब भी मनीष तिवारी को देना चाहिए।

टंडन ने कहा कि भाजपा ने देशभर में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई घटना का पुरजोर विरोध सड़कों पर उतर कर किया था,इसी के बाद चंद घंटे पहले स्वाति मालीवाल मामले में कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मामले को समझौते की ओर ले जाकर रफा दफा कराना चाहता था, ताकि यह मामला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीशमहल में ही दब कर खत्म हो। आम आदमी पार्टी को विश्वास था कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भी इंडिया गठबंधन में है, जिसकी वजह से उन्हें ज्यादा विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा, मगर भाजपा ने जिस तरीके से इस मामले का विरोध जताया,उसके बाद ही एफआईआर दर्ज हुई है। टंडन ने कहा कि शर्मनाक है कि आम आदमी पार्टी की चंद वोटों के लिए मनीष तिवारी अपने लंबे राजनीतिक करियर पर सवालिया निशान लगवा दिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हेरोइन सप्लाई करने वाली महिला तस्कर काबू




**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** यूटी डिस्ट्रिक क्राइम सैल पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने वाली आरोपी महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गई आरोपी महिला की पहचान उतराखंड की रहने वालीं एक महिला के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पकड़ी गई आरोपी महिला के कब्जे से 09.96 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी के मुताबिक पता चला है की चण्डीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते डिस्ट्रिक क्राइम सैल पुलिस के एएसआई बलबीर सिंह अपनी टीम के साथ 17 मई को थाना मनीमाजरा क्षेत्र एरिया के अंतर्गत पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस मनीमाजरा के एक स्कूल के पास पहुंची तो समाने से आ रही महिला पुलिस पार्टी को देखकर एकदम से पीछे की तरफ मुड़ गई। जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो पुलिस ने महिला को रोककर हाथ में पकडा बैग चैक किया तो पुलिस को आरोपी महिला के कब्जे से 09.96 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया ।जांच के दौरान आरोपी महिला ने खुलासा किया कि वह पंजाब के विभिन्न इलाकों से हेरोइन खरीदती है और ट्राईसिटी में नशे के आदी लोगों को बेचती है।

### बैग से लाखों रुपए की नकदी व जरूरी कागजात चोरी

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 26 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत बैग से लाखों रुपए की नकदी और जरूरी कागजात गायब हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जॉच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज़ कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता मौली जगरा निवासी राम शकर ने पुलिस को बताया की उसने अपनी कार सैक्टर 26 स्थित कम्युनिटी सेंटर के पास 11 मई को खडी की थी। कार में एक ब्लैक रंग का बैग भी रखा था। जिसमे एक लाख 70 हजार रुपए की नकदी और जरूरी कागजात थे। जब पीड़ित ने कार में रखा बैग चैक किया तो बैग में से नकदी और जरूरी कागजात गायब थे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज़ कर जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल फोन स्नैचिंग मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना आईटी पार्क पुलिस ने मोबाइल फोन स्नैचिंग के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज़ किया है। और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पंजब के जिला गुरदासपुर की रहने वालीं पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया की कोई अज्ञात व्यक्ति 16 मई को उसका रेलवे लाईट प्वॉइंट के पास से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज़ कर जांच शुरू कर दी है।

# मनीष तिवारी ने हार को 'विनम्रतापूर्वक' स्वीकार करने के लिए टंडन को धन्यवाद दिया

**2029 के बाद भी बने रहने की गारंटी दी**

**लेकचरारों को जल्द नियमित करने का आश्वासन दिया**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 17 मई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मनीष तिवारी ने अपने भारतीय जनता पार्टी के प्रतिद्वंद्वी संजय टंडन को '2024 की हार को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करने और 2029 पर ध्यान केंद्रित करने' के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने टंडन को यह भी 'आश्वासन' दिया कि वह (तिवारी) 2029 और उसके बाद भी बने रहेंगे।

टंडन के इस सवाल का जवाब देते हुए कि तिवारी को चंडीगढ़ के लोगों को बताना चाहिए कि 2029 के बारे में उनकी क्या योजनाएँ हैं, जब अगली लोकसभा का कार्यकाल पूरा हो जाएगा, पर उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मैं संजय टंडन को 2024 में हार को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करने और 2029 के चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए धन्यवाद देता हूँ'।

तिवारी ने भाजपा के अपने प्रतिद्वंद्वी को यह गारंटी देते हुए कहा कि वे हमेशा उनके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप चिंता मत करो, मैं चंडीगढ़ में ही रहूंगा, 2029 में भी और उसके बाद भी अपनी जन्मभूमि की सेवा करता रहूंगा और तब तक आप शायद अपना सामान पैक करके अमृतसर वापस चले गए होंगे, जहां आप पैदा हुए और जहां के आप हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यहां शहर के विभिन्न हिस्सों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पक्ष में पूरे देश में रुझान है और चुनावों के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है।

उन्होंने कहा कि टंडन द्वारा यह स्वीकार करना इस कठोरता सच्चाई की पुष्टि है कि कि चार चरणों के चुनावों के बाद भाजपा इंडिया गठबंधन से बुरी तरह पिछड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए अब कोई रास्ता नहीं है और टंडन यह अच्छी तरह जानते हैं कि चंडीगढ़ अपवाद नहीं हो सकता और इसलिए उन्होंने इसे बहुत शालीनता से स्वीकार किया।

### लेक्चरारों को रेगुलर करना

इससे पहले दिन में तिवारी ने लेकचरारों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिन्होंने नियमितीकरण सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया। तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहा कि नियमितीकरण पार्टी घोषणापत्र में सबसे शीर्ष एजेंडों में से एक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविदा और अस्थायी नियुक्तियों को खत्म कर रही है और सभी नियुक्तियां नियमित और पेंशन योग्य होंगी।

### पुनर्वास कॉलोनियों का नियमितीकरण

पुनर्वास कॉलोनियों के नियमितीकरण की लंबे समय से लंबित मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए, तिवारी ने निवासियों से सहमति जताते हुए कहा कि यह बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। उन्होंने इन कॉलोनियों के निवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी कॉलोनियों का नियमितीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाएगा।

### ट्राई-सिटी कैब यूनियन की बैठक

ट्राई-सिटी कैब यूनियन के अध्यक्ष अमनदीप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तिवारी से उनके पैतृक घर पर मुलाकात की। यूनियन ने विभिन्न मांगों और मुद्दों को उठाया, जो लंबे समय से लंबित हैं। तिवारी ने कहा कि कैब ऑपरेटर और ड्राइवर शहर के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि सभी लंबित मुद्दों को तत्काल आधार पर संबोधित किया जाएगा, ताकि वे किसी भी तरफ से बिना किसी उत्पीड़न के काम कर सकें।

## आजाद प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह के साथ गांव बहलाना में हुई मारपीट

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 मई।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट से आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे पुष्पेंद्र सिंह के साथ गांव बहलाना में मारपीट का मामला सामने आया है। पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि गत देर रात जब वह अपना चुनाव प्रचार कर रहे थे, तो उनके साथ यह हादसा हुआ है। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को दे दी है। हल्लोमाजरा चौकी इंचार्ज गुरविंदर सिंह का कहना है कि उन्हें इस तरह के किसी मामले की जानकारी नहीं है। जांच कर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वह अकेले अपनी बहन के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनके पास चंडीगढ़ को लेकर कई प्लानिंग है और वह अपना मेनिफेस्टो पंपलेट के रूप में लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कल अपने पर्सनल सिक्योरिटी अफसर को शाम 8 बजे ड्यूटी से फ्री कर वापस घर भेज दिया था। उसके बाद वह अकेले ही चुनाव प्रचार कर रहे थे। इस दौरान एक एक्टिवा सवार युवक को उन्होंने अपना मेनिफेस्टो दिया। इस दौरान वहां एक शराब में धुत युवक आ गया। एक्टिवा सवार ने उस युवक को कुछ कहा, फिर उस युवक ने हमला कर दिया। उनका कहना है कि उन पर जो हमला हुआ है, वह किसी न किसी राजनीतिक पार्टी की साजिश है।

यह राजनीतिक पार्टियां इस तरह से आजाद उम्मीदवार को डरा धमकाकर नॉमिनेशन वापस करवाना चाहती थी लेकिन वह किसी से डरने वाले नहीं है। वह अभी भी चुनाव में खड़े हुए हैं और इसी प्रकार लोगों के बीच में जाते रहेंगे। उनकी बहन दिव्यांग है और वह उसी के साथ चलकर अपना चुनाव प्रचार करते हैं।

## लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने भागीदार बनने की ठानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 17 मई।** चंडीगढ़ में 1 जून को होने वाले लोकसभा मतदान में इस बार सेंट्रल डिविजन के अंतर्गत आने वाले सेक्टर 16, 17, 18 और 19 के मतदाताओं ने भी मतदान में भागीदार बनने की ठानी है। इन चार सेक्टरों की बात करें तो यहां अनुमानित आबादी के आधार पर 12950 से ज्यादा मतदाता हैं। जिनमें व्यापारी, सरकारी कर्मचारियों के अलावा युवा मतदाताओं की संख्या अधिक है। अर्थ प्रकाश की ओर से इन चारों सेक्टरों में 6576 महिला और 6400 से अधिक पुरुष मतदाताओं के लिए पोलिंग स्टेशनों की जानकारी जुटाई गई है।

क्रमशः कल पढ़े सेक्टर 20 व 21 का ब्यौरा

| क्र.सं. | पोलिंग स्टेशन | पोलिंग स्टेशन लोकेशन | पोलिंग क्षेत्र | पुरुष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 153. | सेक्टर 16 | गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 16-सी | सेक्टर 16-ए म.नं. 1 से 200, गवर्नमेंट मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, डॉक्टर काम्पलैक्स रेडक्रॉस, नर्सिंग हॉस्टल, पंजाब कला भवन, गांधी स्मारक भवन सेक्टर 16 यूटी | 463 | 480 | 0 | 943 |
| 154. | सेक्टर 16 | गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 16-सी | सेक्टर16-ए म.नं. 201 से 303, सेक्टर16-डी 501 से 650, एससीएफ 1 से 40 एवं 80 से 86, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल | 552 | 523 | 0 | 1075 |
| 155. | सेक्टर 16 व 17 | गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 16-सी | सेक्टर16-डी म.नं. 651 से 848, सनातन धर्म मंदिर, आर्य समाज मंदिर, गवर्नमेंट आदर्श स्कूल पुलिस कालोनी सेक्टर 17, 6 से 23, फायर स्टेशन, एससीओ सेक्टर 17 | 313 | 300 | 0 | 613 |
| 156. | सेक्टर 18 | न्यू पब्लिक स्कूल, सेक्टर 18-बी | सेक्टर18ए म.नं. 1 से 300, टैगोर थियेटर न्यू पब्लिक स्कूल सेक्टर 18-बी, मैसंस हॉल | 546 | 523 | 0 | 1069 |
| 157. | सेक्टर 18 | न्यू पब्लिक स्कूल, सेक्टर 18-बी | सेक्टर18-बी म.नं. 501 से 624, सेक्टर 18-सी 1001 से 1120, ड्रग डे एडिक्शन सेंटर सेक्टर 18-ए, बे-शॉप | 582 | 551 | 0 | 1133 |
| 158. | सेक्टर 18 | गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 18-सी | सेक्टर18-सी म.नं. 1121 से 1500, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चर्च बिल्डिंग, एससीएफ, बे-शॉप | 527 | 527 | 0 | 1054 |
| | | | | | | | |
| 159. | सेक्टर 18 | गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 18-सी | सेक्टर18-डी म.नं. 1501 से 1636, कम्युनिटी सेंटर, आर्य समाज मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, एससीएफ, लायंस क्लब | 527 | 527 | 0 | 1054 |
| 160. | सेक्टर 19 | गवर्नमेंट हाई स्कूल सेक्टर 19-डी | सेक्टर19-ए म.नं. 1 से 250, गोस्वामी गणेश दत्त भवन, कैथोलिक चर्च, ब्रह्मऋषि योग ट्रेनिंग, प्राचीन शिव मंदिर, इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सेक्टर 19-एश सिविल | 580 | 543 | 0 | 1123 |
| 161. | सेक्टर 19 | गवर्नमेंट हाई स्कूल सेक्टर 19-डी | सेक्टर19-बी म.नं. 1001 से 1200, ओल्ड बिल्डिंग पीडब्ल्यूडी हरियाणा, सेक्टर 19-बी | 501 | 497 | 0 | 998 |
| 162. | सेक्टर 19 | गवर्नमेंट हाई स्कूल सेक्टर 19-डी | सेक्टर19-बी म.नं. 1201 से 2000, सेक्टर सेक्टर 19-सी 2001 से 2200, ओल्ड एज होम, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 19-सी, गुरु गौरख नाथ मंदिर, महाराष्ट्र भवन सेक्टर 19-डी | 491 | 4482 | 0 | 973 |
| 163. | सेक्टर 19 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 19-सी | सेक्टर19-सी म.नं. 2001 से 2550, एससीएफ एसडी पब्लिक स्कूल | 607 | 585 | 0 | 1192 |
| 164. | सेक्टर 19 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 19-सी | सेक्टर19-सी म.नं. 2551 से 3000, सेक्टर 19-डी, म.नं. 3001 से 3150, कौशलेंद्र सीताराम मंदिर सेक्टर 19-सी, गुरु गौरख नाथ मंदिर, सेक्टर 19-सी, महाराष्ट्र भवन | 421 | 440 | 0 | 861 |
| 165. | सेक्टर 19 | गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 19-सी | सेक्टर19-डी म.नं. 3151 से अंत तक, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 19-सी, एससीएफ, एससीओ सेक्टर 19-डी, चर्च सेक्टर 19-डी | 598 | 591 | 0 | 1189 |

## नगर निगम सामुदायिक और शहरी स्वच्छता मानकों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध

**पिंक एमआरएफ में प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छता की मोहर पहल के तहत जागरूकता बढ़ाई और स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार किया**

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 17 मई।** चंडीगढ़ की स्वच्छता यात्रा पर स्थायी प्रभाव डालने के उद्देश्य से, एमसी चंडीगढ़ ने 'स्वच्छता की मोहर' पहल के तहत जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए पिंक एमआरएफ में दूसरे दिन विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया। दो सप्ताह तक चलने वाले अभ्यास के भाग के रूप में टीम। यह अभ्यास अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के साथ मेल खाता है और इसका उद्देश्य प्रभावी स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन पर नगरपालिका कर्मचारियों और नागरिकों दोनों को शिक्षित और सशक्त बनाना है।

एमआरएफ स्टाफ के लिए प्रशिक्षण सत्र ने स्वच्छ और हरित भारत की राह पर एक अमिट छाप छोड़ने के लक्ष्य के साथ, अन्य अपशिष्ट धाराओं से सैनिटरी कचरे को अलग करने के महत्व को रेखांकित किया।

अगले दो हफ्तों के दौरान, इस अभ्यास में सभी एमआरएफ कर्मचारी, फील्ड स्टाफ और घर-घर कचरा इकट्ठा करने वाले शामिल होंगे। उन्हें उचित स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, टीम नागरिकों को 'स्वच्छता' माने जाने वाले कचरे के प्रकारों के बारे में शिक्षित करने और पर्यावरण के अनुकूल मासिक धर्म स्वच्छता विकल्पों पर जानकारी प्रदान करने के लिए शहर भर के घरों का दौरा करेगी।

नगर आयुक्त सुश्री अनिंदिता मित्रा, आईएएस, ने कहा कि नगर निगम के प्रयासों के पहले ही ठोस परिणाम सामने आ चुके हैं। प्रारंभ में, सैनिटरी कचरे का दैनिक संग्रह केवल 12-15 किलोग्राम था। हालाँकि, पिछले दो वर्षों में, दैनिक संग्रह बढ़कर 650-700 किलोग्राम हो गया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार, सैनिटरी कचरे को जलाकर संसाधित किया जाना चाहिए, और नगर निगम अधिकृत बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रसंस्करण एजेंसी, एलायंस केयर के माध्यम से ऐसा कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि जैसे-जैसे नगर निगम अलग-अलग कचरे के 100 प्रतिशत संग्रह की दिशा में आगे बढ़ रहा है, इस अभ्यास से निगम को शहर में स्वच्छता कचरे के प्रबंधन को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

नगर आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने स्वच्छता कचरे को अलग करें और इसे नगर कचरा कलेक्टर को सौंप दें।

दो सप्ताह के ÷स्वच्छता की मोहर÷ अभियान का उद्देश्य कचरा पृथक्करण और प्रबंधन में हुई प्रगति को आगे बढ़ाना है, जिसमें जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को अपने स्वच्छता कचरे को प्रभावी ढंग से अलग करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# किसान नई फसल तो जनता नई सरकार की कर रही है तैयारी: हुड्डा

## लोकसभा में जीत के बाद हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनना तय

कांग्रेस सरकार बनने पर बदमाशों को हरियाणा में नहीं रहने दूंगा- हुड्डा

करनाल की जनता खुद लड़ रही है पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव- बुद्धिराजा

जनता के पास पूर्व और मौजूदा दोनों मुख्यमंत्रियों को सबक सिखाने का मौका- त्रिलोचन



अर्थ प्रकाश/शैलेन्द जैन

**करनाल, 17 मई।** किसान नई फसल तो जनता नई सरकार की तैयारी में जुट गई है और देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने असंध के बल्ला गांव में हुई रैली के मंच से कही। हुड्डा आज करनाल लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा और उपचुनाव में उम्मीदवार सरदार त्रिलोचन सिंह के लिए वोट मांगने पहुंचे थे।

इस मौके पर उन्होंने बल्ला के साथ काछवा गांव, विकास कॉलोनी, सदर बाजार, खंबा चौक पर लोगों को संबोधित किया और कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। अपने संबोधन में हुड्डा ने कहा कि जिस बीजेपी ने किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, कच्चे कर्मी, सफाई कर्मी समेत हर वर्ग पर लाठियां बरसाई हैं। अब लाठी की चोट का बदला वोट की चोट से लेने का मौका आ गया है। ये सिर्फ चुनावी नहीं बल्कि संविधान व लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। जिस तरह पूरा हरियाणा बीजेपी को हराने के लिए एकतरफा कांग्रेस को वोट दे रहा है, उसी तरह करनाल भी इस मुहिम का हिस्सा बना गया है। हुड्डा ने कहा कि पूरे देश से इनपुट आ रहे हैं कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा की जीत के बाद हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनना तय है। जैसे ही हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो अपराधी और बदमाशों को यहां नहीं रहने दिया जाएगा। हुड्डा ने 2005 में जो संदेश बदमाशों को दिया गया था, उनको रैली के मंच से दोहराते हुए कहा कि बदमाश या तो अपराध का रास्ता छोड़ दें या फिर हरियाणा छोड़ दें।

कांग्रेस चाहती है कि हरियाणा के युवा नशे, अपराध व पलायन का शिकार होने की बजाए रोजगार के रास्ते पर आगे बढ़ें। इसीलिए कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में 30 लाख सरकारी नौकरियां एक साल के भीतर देने का वादा किया है। हरियाणा कांग्रेस ने भी 2 लाख से ज्यादा नौकरियां देने की घोषणा की है। साथ ही कांग्रेस का वादा है कि प्रदेश में सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन और किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। इस मौके पर दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि बीजेपी के पास बेशक धनबल और सत्ताबल है, लेकिन कांग्रेस के पास जनबल और युवाबल है। कांग्रेस हाईकमान ने एक सामान्य परिवार के युवा को एक पूर्व मुख्यमंत्री के सामने चुनाव मैदान में उताया है। इसलिए करनाल की जनता खुद उनका चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए लगातार नए साथी भी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

पानीपत की पूर्व विधायक रोहिता रेवड़ी, नीलोखेड़ी से निर्दलीय विधायक धर्मपाल गोंदर और पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा जैसे कई बड़े नेताओं ने बीजेपी का दामन छोड़कर कांग्रेस का साथ निभाने के लिए आगे आए हैं। अपने संबोधन में त्रिलोचन सिंह ने कहा कि बीजेपी ने अपने मुख्यमंत्री को पद से हटाकर खुद मान लिया है कि उनकी सरकार पूरी तरह विफल रही। लेकिन उनकी साढ़े 9 साल की विफलता का खामियाजा पूरे हरियाणा खासकर करनाल की जनता को भुगतना पड़ा। ऐसे में करनाल की जनता के पास इसबार पूर्व और मौजूदा दोनों मुख्यमंत्रियों को सबक सिखाने का मौका है। जनता ये डबल मौका हाथ से नहीं जाने देगी और अपना एक-एक कीमती वोट कांग्रेस को देगी। कांग्रेस के चुनाव प्रचार में आज विधायक शमशेर सिंह गोगी, बलबीर वाल्मीकि, धर्मसिंह छोक्कर समेत कई वरिष्ठ नेता भी हुड्डा के साथ मौजूद रहे।

आज जेजेपी छोड़कर कई पदाधिकारियों ने कांग्रेस ज्वाइन की। वरिष्ठ नेता सतीश बल्हारा के साथ जेजेपी के पूर्व हल्का प्रधान सरदार करतार सिंह ढिल्लों, पूर्व वरिष्ठ जिला उपप्रधान रोहताश राणा, असंध शहरी जेजेपी प्रधान सतीश गुप्ता, व्यापार सैल जेजेपी प्रधान रजत गर्ग, बीसी सैल प्रधान दीपक पाल, एससी सैल प्रधान विनोद अटकान, पूर्व उप प्रधान किसान सैल बलिंद्र मान, असंध जेजेपी सचिव सत्यवान मूंड, कोषाध्यक्ष कुलदीप, जेजेपी हलका अध्यक्ष प्रदीप राणा समेत सैंकड़ों कार्यकर्ताओं सने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# जेजेपी के दो विधायकों पर लटकी तलवार

पार्टी ने स्पीकर के समक्ष दायर की याचिका

सुरजाखेड़ा व सिहाग पर भाजपा के लिए प्रचार करने का आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पार्टी विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले जननायक जनता पार्टी के दो विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। पार्टी ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा स्पीकर के समक्ष याचिका दायर करके पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होकर दलबदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है। जजपा ने यह याचिका दोनों विधायकों को दो बार कानूनी नोटिस जारी करने के बाद लगाई है।

हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन टूटने के बाद जननायक जनता पार्टी बिखर चुकी है। जजपा के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा तथा जोगी राम सिहाग इन दिनों भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं। पार्टी के कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सुरजाखेड़ा ने नरवाना में तथा जोगी राम सिहाग ने हिसार में भाजपा प्रत्याशी के साथ मंच साझा किया है, जबकि इन क्षेत्रों में जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। रणधीर सिंह ने कहा कि दोनों विधायकों ने वर्ष 2019 में जजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा था। अब वह जजपा प्रत्याशियों का समर्थन करने की बजाए भाजपा प्रत्याशियों का समर्थन कर रहे हैं। जिसके चलते पार्टी के संविधान के अनुसार दोनो विधायकों को दो बार कानूनी नोटिस जारी किए गए। जिसका उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद आज ट्रिब्यूनल के नाते विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता के समक्ष याचिका दायर करके पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का हवाला देकर दलबदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है। रणधीर सिंह ने बताया कि दोनों विधायकों की प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्रकाशित खबरें तथा वीडिया रिकार्डिंग को सबूत बनाया गया है। अब स्पीकर द्वारा इस याचिका पर सुनवाई के दौरान सभी सबूत पेश किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### खाना खा रहे छह मजदूरों पर चढ़ाई कार, दो की मौत

**जींद (अप्रस/नीरज सिंगला)।** जींद-रोहतक मार्ग पर जुलाना बाईपास के समीप एक कार और ऑटो के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने एक घायल की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गतौली गांव के सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसने नेशनल हाईवे 352 डी पर सफेद पट्टी लगाने का कार्य ठीक है पर लिया हुआ है। जब वह अपने साथी ढ़ाणा खुर्द निवासी सन्नी, दीक्षांत, भैणी जाटान निवासी साहिल, भैणी ठाकरान निवासी विकास, गतौली निवासी सुनील के साथ काम करने के बाद ऑटो में बैठकर खाना खा रहे थे तो एक तेज रफ्तार करने ऑटो को टक्कर मार दी। जिसमें सभी 6 मजदूर घायल हो गए। सभी को तुरंत सीएचसी ले जाया गया, जहां से उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जिनमें से ढाणा खुर्द निवासी सन्नी और भैणी जाटान निवासी साहिल की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस के जांच अधिकारी कुलदीप के अनुसार पुलिस ने मौका पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया है। पुलिस ने दो मौत होने की पुष्टि करते हुए कहा कि जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 34 ग्राम स्मैक सहित अपंग महिला गिरफ्तार

**जींद (अप्रस/नीरज सिंगला)।** पुलिस ने लोहचब गांव से एक महिला को स्मैक बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ नशा निरोधक अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। सीआईए स्टाफ जुलाना की एक पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि पिंकी पत्नी मुकेश वासी गांव लोहचब अपने रिहायशी मकान के सामने चारपाई लगाकर नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है जिसके पास काफी मात्रा में नशीला पदार्थ है अगर तुरंत रैड करके चैक किया जाए तो उसके पास से काफी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हो सकता है। जब पुलिस पार्टी महिला पुलिस के साथ लोहचब पहुंची तो एक औरत मकान के सामने चारपाई पर बैठी दिखाई दी। जिसको महिला एएसआई अनीता ने काबू किया। काबू की गई महिला अपंग है व चलने फिरने में असमर्थ है। महिला ने अपना नाम पिंकी बताया। इसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट जयवीन कुमार एईटीओ उब आबकारी एवं कराधान आयुक्त जींद को मौका पर बुलाकर उनके सामने महिला की तलाशी ली तो उसकी औढी हुई काले रंग की चुन्नी में लगी गांठ को खोलकर चैक किया तो उसमें एक पोलीथीन बरामद हुआ, जिसमें लाल रंग की हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई। व उसके पास से करंसी नोट व कुछ नोट पिंकी द्वारा गन्दे पानी के नाले मे गिराये गए को निकालकर बरामद किया। पिंकी ने पुलिस को बताया कि यह पैसे उसने दिन में स्मैक बेचकर कमाये हैं। बरामद करंसी 37300 रूपये है। जबकि हेरोइन (स्मैक) का वजन 33.89 ग्राम है। पुलिस ने महिला के खिलाफ नशा निरोधक अधिनियम में मामला दर्ज किया है।

### कांग्रेस का हाथ भाजपा पर पड़ेगा भारीः बृजेंद्र सिंह

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उचाना हलके से कांग्रेस की बड़ी जीत होगी। हालात हरियाणा में बहुत बदल चुके है। जब तीन राज्यों में भाजपा की सरकार आई तो अजीब सा माहौल हरियाणा में हो गया था। प्रदेश में लोग कहने लगे थे कि भाजपा की दस की दस सीट प्रदेश में आएगी। चुनाव घोषित होने के बाद जो प्रक्रिया आगे चली है। उम्मीदवार चुनाव मैदान में आए है। कांग्रेस का हाथ हरियाणा में भाजपा पर बहुत भारी है। हरियाणा में कांग्रेस भाजपा पर भारी पड़ेगी। जो 400 पार का नारा दे रहे है ये नारा ऐसा ही साबित होगा जो हरियाणा में 75 पार का भाजपा का रहा था। अब तो भाजपा के नेता 400 का जिक्र भी नहीं कर रहे। हरियाणा में 75 पार का नारा देने के बाद भाजपा की विस चुनाव में 40 सीट आई थी। चुनाव जब से शुरू हुए है हर चरण के बाद भाजपा के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है।

### 10वीं बोर्ड की परीक्षा में छाए मिशन बुनियाद के बच्चे

**कैथल (अप्रस)।** हरियाणा में दसवीं कक्षा के बोर्ड के परीक्षा परिणाम में मिशन बुनियाद के छात्र-छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी ने बताया कि 2022 में मिशन बुनियाद कार्यक्रम हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग के सौजन्य से विकल्प फाउंडेशन द्वारा हरियाणा के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 51 केन्द्रों के साथ शुरू किया गया था जिसमें नौवीं और दसवीं कक्षा के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है। इसे सरकार ने 2023 में बढ़ा दिया था एवं आज इसके सरकारी स्कूलों में स्थित 103 केन्द्रों में लगभग 5000 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर के उत्कृष्ट परिणाम ला रहे हैं। जिला कैथल में बुनियाद सैंटर डाइट में पढने् वाले विद्यार्थी तरुण ने 97.6 प्रतिशत, अक्षित ने 96.8 प्रतिशत और प्रतिष्ठा पांचाल ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर जिले का नाम रोशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने इन विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा है कि भविष्य में भी वे इसी तरह आगे बढ़ते रहें और मेहनत करें। बता दें कि आगामी सत्र के लिए मिशन बुनियाद के तीनों चरणों की परीक्षाएं प्रदेश में समाप्त हो चुकी हैंऔर जल्द ही इस सत्र की कक्षा लगनी शुरू हो जाएंगी। मिशन बुनियाद प्रोग्राम इन्चार्ज सुशील कुमार ने बताया कि सभी विषयों में बच्चों की नींव मजबूत करना और बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करना है ताकि भविष्य में यह बच्चे जिस भी क्षेत्र में जाएं कामयाब हो पाएं।

### महंत राजेंद्र पुरी ने विश्व दूरसंचार दिवस पर की चर्चा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने विश्व दूरसंचार दिवस पर चर्चा करते हुए कहा कि आज आधुनिक जीवन में दूरसंचार व्यवस्था का बहुत महत्व है। आज तो पूरा जीवन एवं व्यवस्थाएं ही संचार प्रणाली पर निर्भर है। महंत राजेंद्र पुरी ने जग ज्योति दरबार में कहा कि मनुष्य जीवन के साथ ही संचार व्यवस्था जुड़ी हुई है। समय एवं जीवन परिवर्तन के साथ संचार प्रणाली में परिवर्तन होता है। उन्होंने महाभारत युद्ध काल में भी संचार व्यवस्था के प्रयोग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह प्रश्न है कि क्यों महाभारत और वेद अभी भी आधुनिक हथियार और युद्ध विज्ञान को प्रभावित करते हैं। भारत में हजारों साल पहले से संचार एवं वैज्ञानिक तकनीकों का प्रयोग होता रहा है। आज आधुनिक जीवन में संचार व्यवस्था ने भी लोगों को आध्यात्म से भी जोड़ने का कार्य किया है।

# जनता भाजपा सरकार की तानाशाही के विरोध में कांग्रेस के पक्ष में करेगी वोट: जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 मई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि इस बार हरियाणा प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की तानाशाही के विरोध में कांग्रेस के पक्ष में वोट करेगी और जनता के आशीर्वाद से इंडिया गठबंधन जीत का परचम लहराऐगा। देश-प्रदेश में कांग्रेस की लहर चली हुई है और हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, भुखमरी से हर वर्ग को परेशानी के अलावा कुछ नहीं दिया। सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के बजाए उन्हें युद्ध ग्रस्त देश में भेज रही है। ढांड नई अनाज मंडी में कार्यकर्त्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि किसानों ने जब फसलों पर एम.एस.पी. मांगा तो सरकार ने ना केवल लाठियों से पीटा बल्कि उनके ऊपर गोलियां चलाई गई। किसान आंदोलन में कई किसान शहीद हो गए और किसानों पर सरकार ने झूठे मुकदमे दर्ज कर जेलों में डालने का काम किया। इसके साथ सरपंचों, कर्मचारियों, युवाओं सहित आमजनमानस पर भी डंडे बरसाने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत हासिल करने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में भी हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। जडौला ने कहा कि कांग्रेस सरकार आते ही पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। सरकारी विभागों में दो लाख से अधिक खाली पड़े पदों पर पक्की भर्तियां की जाऐगी और हर वर्ग के युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिलेगी। सुल्तान जडौला ने कहा कि जनता जान चुकी है कि अब समय आ चुका है कि जनविरोधी भाजपा से छुटकारा पाने का और जागरूक लोग लोकसभा चुनाव में वोट की चोट सरकार के हर जुल्म का हिसाब लेते हुए भाजपा का सफाया करने का काम करेंगे।

# बिना किसी आधिकारिक सील के इस्तेमाल किये जा रहे बैलेट बॉक्स: अनुराग ढांडा

बीजेपी उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने के लिए गुपचुप तरीके से वोटिंग करवा रहा प्रशासन

कहा- प्रशासन बिना एजेंटों की मौजूदगी के डलवा रहा बैलेट पेपर वोट




अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 17 मई।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता की और बैलेट पेपर से चुनाव को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से ज्यादा आयु के वोटर और दिव्यांग वोटरों के बैलेट पेपर से वोटिंग करवाई जा रही है। इसमें गंभीर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सीधे मुकाबले में हार रही है। इसलिए प्रशासन की मदद से इस प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से ये चुनाव करवाया जा रहा है। उससे स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग इसको लेकर गंभीर नहीं है। जिस लिफाफे में बैलेट पेपर को डाला जा रहा है, उस पर सील नहीं लगाई जा रही।

वहीं बैलेट बॉक्स को भी सील नहीं किया गया है, सिर्फ ताला लगाकर ही बिना किसी प्रशासनिक सील के छोड़ दिया गया है। ढांडा कहा कि इनके साथ कभी भी छेड़छाड़ की जा सकती है और बदला जा सकता है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस चुनाव को स्थगित करने की मांग की और राजनीतिक पार्टियों के एजेंटों की मौजूदगी में चुनाव करवाने की मांग की। उन्होंने कहा यहां तक कि गांवों में सरपंचों को भी इस बारे में जानकारी नहीं है कि गांव में बैलेट पेपर से वोटिंग चल रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने के लिए प्रशासन गुपचुप तरीके से वोटिंग करवा रहा है। अनुराग ढांडा ने कहा कि इसको लेकर आम आदमी पार्टी चुनाव आयोग में भी आधिकारिक शिकायत दर्ज करेगी और मुख्य चुनाव आयुक्त को भी सुबूत के साथ वीडियो और फोटोग्राफ भेजे जाएंगे। आखिर बिना किसी सील और एजेंट्स की मौजूदगी के बिना बैलेट पेपर के साथ वोटिंग हो रही है। इसमें कोई भी वोट बदल कर किसी के लिए एक तरफा वोटिंग कर सकता है। उन्होंने कहा कि ये निश्चित तौर पर बीजेपी सरकार की मिलीभगत और प्रशासन के इशारे पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा आखिर कैसे ये पूरी प्रक्रिया बिना किसी राजनीतिक एजेंट के बगैर निष्पक्ष तरीके से पूरी की जा सकती है। क्यों किसी भी राजनीतिक पार्टी को इसके बारे में जानकारी नहीं गई? आम आदमी पार्टी ये सभी सवाल चुनाव आयोग को भेजेगी। वहीं इसको रद्द कर दोबारा से बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सीधे बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। इस मौके पर उनके साथ मास्टर सतबीर गोयत, उमेश शर्मा और पुरूषोतम सरपंच भी मौजूद रहे।

# 128 विद्यार्थियों ने पास की एनएमएमएसएस की परीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 17 मई।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरु ग्राम के निर्देशानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा गत 19 नवंबर को राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) राज्य स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया जिसका परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कैथल डॉक्टर विजयलक्ष्मी ने बताया कि हरियाणा राज्य से 2337 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है और कैथल जिले से 128 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके लिए स्कूल मुखिया, अध्यापक, छात्र एवं अभिभावक बधाई के पात्र हैं। इन विद्यार्थियों को 1000 रुपए प्रतिमाह स्कॉलरशिप दिया जाएगा। उपरोक्त स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सरकारी स्कूल में पढ़ता रहना चाहिए। उसके परिवार की वार्षिक आय 3.50 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। अनुसूचित जाति जनजाति के विद्यार्थियों को प्रथम क्लास अधिकारी से प्रमाण पत्र बना कर ऑन लाइन आवेदन के साथ अपलोड करना होगा। स्कॉलरशिप की राशि कक्षा नौवीं से 12वीं तक प्रदान की जाएगी जिसके लिए विद्यार्थी को प्रत्येक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक लाने अनिवार्य हैं। राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। जैसे ही पोर्टल खुलेगा विद्यार्थियों को सूचना दे दी जाएगी। छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी का डाटा आधार कार्ड से मैच होना चाहिए। छात्रवृत्ति के लिए चयनित सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को यह हिदायत है कि केवल परीक्षा सूची में नाम आने से उन्हें छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होगी।

## सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को नगद राशि देकर किया सम्मानित

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** शिव गुरूकुलम छात्तर में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। 10वीं कक्षा में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। रिंकू, खुशी, मंशा देवी स्कूल में टॉप तीन स्थान पर रहे। चार विद्यार्थी बोर्ड के दस सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों में शामिल रहे। स्कूल प्रबंधक शेखर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को 11 हजार एवं 5100-5100 रुपए से सम्मानित किया। अग्रवाल ने कहा कि स्कूल के होनहार विद्यार्थी गांव, स्कूल एवं क्षेत्र की शान है। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आ रहे है। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है।

# पिकअप ने महिला को कुचला, मौत

**कैथल (अप्रस)।** एक गाड़ी चालक की लापरवाही से महिला की मौत हो गई। इंदिरा कालोनी चीका निवासी साहिल की शिकायत पर पिकअप गाड़ी चालक अंकित के विरुद्ध चीका थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसकी 49 वर्षीय माता दर्शना देवी कैथल रोड पर एक रेस्टोरेंट में काम करती थी। इसके अलावा घर पर सिलाई का काम भी करती थी। 16 मई को उसकी मां होटल में काम करने के लिए गई हुई थी। वह भी साथ में गया हुआ था। दोपहर करीब एक बजे उसकी मां होटल के के पास वाले प्लाट में काम कर रही थी। उसी समय पिकअप गाड़ी कोल्ड ड्रिंक उतारने के लिए वहां आई हुई थी। सामान उतारने के बाद चालक खाली प्लाट में गाड़ी को पीछे करने लगा। तभी उसकी मां गाड़ी की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। चालक ने हार्न भी नहीं बजाया था और एक दम से तेजगति से गाड़ी पीछे कर दी थी। गंभीर रूप से घायल होने पर उसकी मां को अमर अस्पताल पटियाला लेकर पहुंचे। वहां से रात के समय कैथल के एक प्राइवेट अस्पताल में ले आए। कैथल आने के बाद उसकी मां को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां व उम्मीदवार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अम्बाला, 17 मई।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि चुनाव के दौरान राजनैतिक पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर मकान मालिक की अनुमति के बिना झंडे, पंपलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाए जाएं। दीवारों पर वॉल पेंटिंग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थानों पर ही वॉल पेंटिंग की जा सकती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने के लिए सभी सेवाओं और सामग्री के रेट तय किए हुए हैं। प्रशासन की सर्विलांस टीमें चुनाव प्रचार की गतिविधियों पर पूरी नजर बनाए हुए है। एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 95 लाख तक की राशि का खर्च कर सकता है। जो उम्मीदवार चुनाव का खर्च जमा नहीं करवाता है तो उसे चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

# गर्मी चरम पर, लोगों के छूट रहे पसीन

## 46 डिग्री के पार पहुंचा पारा, कुरुक्षेत्र में भी भीषण गर्मी का येलो अलर्ट जारी

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 17 मई।** नौतपा से पहले ही गर्मी ने अपना तीखा असर दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को भी कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री के पार तक चला गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार तापमान आने वाले दिनों में 46 डिग्री के पार जाने की संभावना है। आजकल मई महीने के मध्य तन झुलसाने वाली गर्मी ने सबको बेबस कर दिया है। गर्मी के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों में अब भीषण गर्मी पड़ने लगी है, शरीर को झुलसाती गर्मी अब लोगों के पसीने छुड़वा रही है। मौसम विभाग ने हीट वेव को देखते हुए मौसम विभाग ने प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि दिन का अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री के पार पहुंच सकता है। डा. सिंह ने बताया कि जानकारी अनुसार हरियाणा में 31 मई तक गर्मी का प्रकोप पीक पर रह सकता है।

जानकारों के अनुसार नौतपा के पहले ही तापमान में बढ़ौतरी बनी हुई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह के अनुसार तापमान बढ़ने से बेल वाली सब्जियों को नुकसान की संभावना है। आगे तापमान में ब?ौतरी होगी और गर्म हवाएं व लू चलेंगी। नौतपा शुरू होने में अभी एक सप्ताह है।

चिकित्सा विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी के तापमान में बढ़ौतरी को देखते हुए खान पान के साथ पहनावे पर भी ध्यान देना चाहिए। विशेषकर नौतपा के दिनों में पहनावे और खान-पान में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। डा. संदीप छाबड़ा के अनुसार ऐसी गर्मी में सूती कपड़े पहनें, अन्यथा त्वचा संबंधी रोग हो सकते हैं। खाने-पीने का भी विशेष ध्यान रखें। श्री जयराम संस्कृत महाविद्यालय प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज के अनुसार नौतपा की शुरुआत 25 मई को होने वाली है जो 2 जून तक चलेगा। नौतपा के 9 दिन सबसे भीषण गर्मी के होते हैं। हर साल मई-जून में पड़ने वाली तेज गर्मी में नौतपा की भूमिका भी अहम होती है।




## भाजपा के स्टार प्रचारक मनोहर लाल का करनाल में जनसंपर्क अभियान 'उफान' पर

# पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया में हो रही है मोदी की मांग: मनोहर लाल

सीधा-संवाद कर मनोहर लाल का जनता से आह्वान, 25 मई को भाजपा को वोट देकर विजय बनाएं

जात-पात का भेद किए बिना हरियाणा के सभी लोगों को एक साथ आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 17 मई।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अपने अंदाज में किए जा रहे जनसंपर्क अभियान की कड़ी में शुक्रवार को अढ़ाई दर्जन गांवों में ठेठ हरियाणवी में सीधा संवाद करते करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता का लोहा मानती है। नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से देश की समस्याओं का समाधान करने का काम किया है वह काबिले तारीफ़ है। जब विश्व के 200 देशों के सामने कोई समस्या आती है तो वह सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर समस्या का समाधान पूछते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जिस प्रकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास हुआ है उसे देखते हुए भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान के लोग अब इस बात को मानने लगे हैं कि उन्हें भी नरेंद्र मोदी जैसा नेता चाहिए। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा क्षेत्र मे आज सुबह समौरा से भादसौ तक जनसंपर्क यात्रा अभियान किया। दोपहर बाद में गांव काछवा से सिरसी तक जनसंपर्क अभियान किया। दोनों यात्राओं में करीब अढ़ाई दर्जन गांवों में उन्होंने लोगों को संबोधित किया। अपनी यात्राओं के दौरान उन्होंने लोगों को आह्वान किया कि वह 25 मई को भाजपा को वोट देकर विजयी बनाएं ताकि नरेंद्र मोदी अधिक ताकत के साथ देश का तेज गति से विकास कर सकें। उन्होंने लोगों से कहा कि 25 मई से पहले सभी गावों में जाना संभव नहीं है इसीलिए वह इस यात्रा के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ संपर्क करने निकले हैं लेकिन 4 जून के बाद वह फिर से लोगों के बीच आएंगे और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करवाने का काम करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस समस्या को बनाए रखकर लोगों के पास जाकर वोट हथियाने का काम करती थी। उन्होंने कहा की धारा 370 ने बेटे को बाप से बड़ा कर दिया था। कांग्रेस इस बात का प्रचार करती थी कि धारा 370 हटी तो खून की नदियां बह जाएगी और गृहयुद्ध के हालात बन जाएंगे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कलम से धारा 370 को खत्म कर दिया और किसी को खरोंच तक नहीं आने दी।

उन्होंने कहा कि उन्होंने साढ़े 9 साल हरियाणा के लोगों की सेवा करने का काम किया है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें जो भी दायित्व सौंपेंगे उस दायित्व को निभाते हुए वह करनाल लोकसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 9 साल के अपने शासनकाल में उन्होंने बिना किसी भेदभाव और जात-पात का भेद किए बिना हरियाणा के सभी लोगों को एक साथ आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है। पहले जहां हर कदम पर भ्रष्टाचार पनप रहा था सरकार ने उसे खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों की खुले आम नीलामी होती थी लेकिन उन्होंने प्रदेश में एक लाख से ज्यादा नौकरियां ÷बिना खर्ची बिना पर्ची÷ देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए लोगों को चक्कर काटने पड़ते हैं लेकिन आज जैसे ही व्यक्ति की उम्र पूरी होती है सरकारी कर्मचारी उसके घर जाकर उसकी पेंशन बनाने का काम करते हैं। इसी प्रकार पहले पीला राशन कार्ड बनवाने के लिए लोगों को धक्के खाने पड़ते थे लेकिन आज परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अपने आप पीला राशन कार्ड बन रहा है।

उन्होंने कहा कि आज भारत को पूरे विश्व में एक शक्तिशाली देश के तौर पर जाना जाता है और 2047 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प किया है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए इस बार नरेंद्र मोदी की सरकार जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार बन रही है यह बात कांग्रेस ने भी स्वीकार कर ली है और राजनीतिक पंडित और चुनाव के दौरान सर्वे करने वाले भी इस बात को मानते हैं कि पहले चार चरणों के मतदान में भाजपा ने बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है अब अगले तीन चरणों में भाजपा को केवल 400 सीटों के आंकड़े को पार करना है। उन्होंने कहा कि वह पूरे हरियाणा में गए हैं और लोगों का उत्साह इस बात का सूचक है कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर एक बार फिर कमल खिलाने जा रहा है और करनाल विधानसभा चुनाव में भी बड़े अंतर से कमल जीत दर्ज करेगा।

# जनता ने कांग्रेस को सिरे से नकारा: नायब सैनी

## कहा- लोकसभा चुनाव राष्ट्र की उन्नति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री, भाजपा के लिए की मतदान की अपील

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द जैन



**करनाल, 17 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव राष्ट्र की उन्नति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण चुनाव है। 25 मई को बड़ी संख्या में लोग नरेंद्र मोदी को अपना तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनेंगे। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल एक बड़े अंतर से जीत दर्ज करने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। डीएवी कॉलेज के सामने सतीश कुमार गोयल, महाबीर दल कुंजपुरा रोड पर कैलाश गुप्ता व कृष्ण लाल तनेजा, सेक्टर-9 में अनिल चौहान व ओल्ड चार चमन में मुख्तयार सैनी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और विश्वास दिलाया कि करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में वे भाजपा का साथ देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंबाला व सोनीपत के गोहाना में मोदी जी का कार्यक्रम होने जा रहा है। प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सभी 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की प्रचंड जीत होगी और करनाल से मनोहर लाल बडे अंतर से जीत दर्ज करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी कमल खिलेगा और करनाल का विकास निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, प्रवेश शर्मा, विजय सेतिया, विपिन गुप्ता, डा. रामपाल सैनी, संजय बठला, ज्ञान अरोड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

### शहीदों के सपनों का भारत बनाना हर देशवासी की जिम्मेदारी: सैनी




प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे देश 1947 में आजाद हुआ था लेकिन जिन शहीदों की बदौलत हमारे देश को आजादी मिली उन्हें पूर्व की सरकारों ने याद नहीं किया। जब हमारे देश को आजाद हुए 75 वर्ष हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि अब जब हम अपने देश की आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएं उस समय हमारा देश उन शहीदों का भारत होना चाहिए जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर किया। उनके सपनों का भारत बनाना हर देशवासी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को कर बार एसोसिएशन द्वारा करनाल क्लब में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता 2014 से पहले का भारत भी देख चुकी है और अब 2014 के बाद का भारत भी देख रही है। पहले दुनिया बोलती थी भारत सुनता था। अब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि हमारा देश पूरी दिया में नंबर एक पर हो। राष्ट्र के विकास और उत्थान के लिए और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए जरूर मतदान करें। उन्होंने कहा कि 25 मई को करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, प्रवेश शर्मा, विजय सेतिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे वार्ड 10 के लोगों ने रेलवे रोड पर लगाया जाम

आक्रोशित महिलाओं ने रेलवे रोड पर कुर्सियां बिछा लकड़ियां डालकर रोका रास्ता

लोगों का आरोप बार-बार शिकायत करने पर भी नहीं हुआ समस्या का समाधान तो मजबूरन उठाना पड़ा कदम

कपिल रोहिल्ला/कुलदीप परमार



**कलायत, 17 मई।** पेयजल सप्लाई की समस्या को लेकर कलायत के सुभाष नगर वार्ड 10 की महिलाओं ने रेलवे रोड पर जाम लगाकर जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष प्रकट किया। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे स्थानीय महिलाएं रेलवे रोड पर बांस की लकडि?ां डालकर सड? के बीचो-बीच कुर्सियां बिछाकर बैठ गई। कुछ ही देर में रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। जाम की सूचना मिलते ही कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे एस आई कृष्ण कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा पेयजल समस्या का जल्द समाधान का आश्वासन देने के बाद महिलाओं ने रास्ता खोल दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में वार्ड 10 में पिछले करीब एक महीने से घरों में ठीक से पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही है और कभी-कभी थोड़ा बहुत पानी आता है जो बिल्कुल गंदा व बदबूदार होता है जो बिल्कुल भी पीने लायक नहीं होता। उन्होंने बताया कि गंदे पानी के कारण बच्चे व महिलाएं बीमार हो रहे है। कई बार शिकायत करने के बाद भी संबंधित विभाग अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मजबूरन उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। जन स्वास्थ्य विभाग जेई कमल कुमार ने बताया कि सुभाष नगर के तीन चार घरों में पानी सप्लाई की समस्या थी। समस्या के समाधान व घरों में पेयजल सप्लाई बढ़ाने के लिए अलग से कनेक्शन जोड़ दिया गया है। अब उन घरों में सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई शुरू हो जाएगी।

# देवर ने भाभी के साथ किया दुष्कर्म

## अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला

**जींद, 17 मई।** जुलाना थाना क्षेत्र के होटल में रिश्ते के देवर द्वारा भाभी के साथ दुष्कर्म करने तथा अश्लील फोटो खींच कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित देवर के खिलाफ दुष्कर्म करने, मारपीट करने तथा आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाना हांसी इलाके की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बुआ सास रोहतक जिले के गांव में विवाहित है। उसकी बुआ सास का लड़का यानि रिश्ते का देवर सौरभ उनके पास आता जाता था। वे जुलाना इलाके रिश्तेदारी में विवाह मे आए हुए थे। जिस पर सौरभ उसे जुलाना इलाके के होटल में ले गया और रात को उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसकी आरोपित ने अश्लील फोटो खींच ली। जब वह अपनी ससुराल में थी तो आरोपित ने उन्ही फोटो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित सौरभ के खिलाफ दुष्कर्म करने, मारपीट करने, आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला थाना प्रभारी मुकेश देवी ने बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पांचवे स्थापना दिवस पर होगी कैंसर हॉस्पिटल की घोषणा

**करनाल (शैलेन्द जैन)।** परम पूज्य संस्कार प्रणेता ज्ञानयोगी, जीवन आशा हॉस्पिटल प्रेरणा स्रोत आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित जीवन आशा हॉस्पिटल का पंचम स्थापना दिवस आगमी 20 मई, 2024 को गंग नहर पर स्थित श्री मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र में बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। सौरभ सागर सेवा संस्थान के ट्रस्टी संजय जैन ने बताया की परम पूज्य आचार्य गुरुदेव का आगमन पांच साल बाद श्री मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र पर हुआ है और उनके सानिध्य में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन 12 मई से 20 मई तक होने जा रहा हैं। जिसमे दूर दूर से आने वाले सेकड़ो श्रावक भाग लेकर पुण्यार्जन करेंगे। उन्होने जानकारी दी की अस्पताल में मुख्यत- दिव्यांगों को निशुल्क कृतिम अंग लगाने के साथ, सभी प्रकार की ओपीडी सेवाएं, डायलिसिस सेंटर सुविधा, एवम् रक्त जांच संबंधी क्रियाएं सुचारु रूप से प्रदान की जाती हैं। आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि श्री सिद्धचक्र विधान करने से मनुष्य के जीवन मे पुण्य कर्म की प्रभावना बढ़ती है तथा जीवन मे आये हुए कष्टो का निवारण भी होता हैं। जैन धर्म मे मैना सुंदरी ने 8 दिन का सिद्धचक्र विधान करके 700 कुष्ठ रोगियो का कष्ट निवारण किया था। जीवन आशा हॉस्पिटल धर्म व चिकित्सा का एक संगम है जहां पर धर्म की प्रभावना के साथ-साथ रोगियो के कष्टो का निवारण भी होता हैं। आचार्य श्री ने आगे एक प्रश्न के उत्तर मे बताया की दिगम्बर अवस्था ही मनुष्य के जीवन का मूल स्वरूप हैं, दिगम्बर अवस्था वही व्यक्ति धारण कर सकता है जिसके अन्दर किसी भी तरह का विकार नही होता हैं। जब मनुष्य पैदा होता है तो दिगम्बर अवस्था मे पैदा होता है और जब इस दुनिया से जाता है तब भी दिगम्बर अवस्था मे ही जाता हैं। इसका साफ मतलब यह है कि ईष्वर का मूल स्वरूप दिगम्बर अवस्था ही हैं इसलिए दिगम्बर अवस्था वही धारण कर सकता है जिसका मन साफ है एवं उसके अन्दर किसी भी तरह का विकार नही हैं। मिडिया प्रभारी सी.ए. राहुल जैन ने बताया की संस्था द्वारा विगत 5 वर्षों में 2500 दिव्यांगजनो को कृतिमांग लगाए जा चुके हैं। उनमें से लगभग चार सौ दिव्यांगों को रोजगार मेला लगाकर रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी की आगामी 20 तारीख को संस्था के स्थापना दिवस पर पुजा प्रक्षाल और आचार्य श्री के प्रवचन के उपरांत, रथ यात्रा निकाली जायगी। संस्था के अध्यक्ष एवम् भारतवर्ष तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन ने बताया की स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अस्पताल मे अत्यधुनिक उपकरणो के द्वारा कैंसर के उपचार हेतु आगामी योजना की विधिवत घोषणा होगी।

# नवीन जिंदल ने पूर्व में 10 साल की है कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता की सेवा: सावित्री जिंदल

बेटे नवीन जिंदल के लिए चुनाव प्रचार करने कलायत पहुंची सावित्री जिंदल

कपिल रोहिल्ला/कुलदीप परमार



**कलायत, 17 मई।** कुरुक्षेत्र लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल के चुनाव प्रचार की कमान उनकी माता सावित्री जिंदल संभाल रही हैं। हरियाणा की पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिन्दल ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी नवीन जिंदल के प्रचार में कलायत में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि नवीन जिंदल ने 10 साल सांसद रहते हुए ईमानदारी से जनता की सेवा की। अपने पिता स्व. ओपी जिंदल के दिखाए मार्ग पर चलते हुए 2 बार कुरुक्षेत्र से सांसद रहते हुए जरूरतमंदों को कैंपो के माध्यम आंखों का इलाज करवाना, चश्मे व दवाइयां वितरित करना तथा युवाओं के लिए व्यायामशाला व क्रिकेट किट वितरित करना आदि कार्य किए। नवीन जिंदल द्वारा करवाए गए कार्यों के लिए आज भी नवीन जिंदल को हर घर में याद किया जाता है। इस बार वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में जनसेवा के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर कुरुक्षेत्र के चुनाव मैदान में उतरे हैं। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार में कलायत के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले भी यहां पर विकास के कार्य लगातार हुए हैं और आगे भी इन्हें और गति प्रदान की जाएगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि अबकी बार कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का निशान नहीं है और जो उम्मीदवार है वह उम्मीदवार भी बाहरी है। यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है यह चुनाव देश हित से जुड़ा है। इस अवसर पर उनके साथ तुषार ढ़ांडा, सुमन राणा, जयदीप राणा, पूजा धीमान, राजीव राजपूत, राहुल राणा, धर्मपाल धीमान, सुरेंद्र नंबरदार, प्रमोद कंसल, रविंद्र धीमान, भगवान दास बंसल, करणदीप दहिया आदि मौजूद रहे।

## भारतीय किसान मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कंडेला खाप के प्रधान टेकराम कंडेला ने अभय सिंह चौटाला को दिया अपना समर्थन

# किसानों, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के समर्थन से हमारी जीत पक्की: अभय

अर्थ प्रकाश/कुलतार



**कुरुक्षेत्र, 17 मई।** भारतीय किसान मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कंडेला खाप के प्रधान टेकराम कंडेला ने शुक्रवार को कुरूक्षेत्र लोकसभा से इनेलो उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला को अपना समर्थन दिया।. कंडेला ने कहा कि हमने अपने संगठन के लोगों की सहमति के बाद यह निर्णय किया कि जिसने किसान आंदोलन में हमारा साथ दिया उसका लोकसभा चुनाव में पूर्ण रूप से साथ देंगे। कंडेला ने कहा कि कुरूक्षेत्र में तीन पार्टियों के उम्मीदवार मैदान में हैं। बीजेपी ने जिसपे कोयला चोर के आरोप लगाए थे उसे ही खड़ा कर दिया। दूसरा आम आदमी पार्टी ने दिल्ली से लाकर खड़ा कर दिया जो जिंदल की तरह बड़ा पूंजीपति है और किसान कमेरे से कोई लेना देना नहीं है। तीसरा उम्मीदवार अभय सिंह चौटाला है जिसने तन मन धन से तीन काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों का साथ दिया और पूरे देश में एकमात्र विधायक थे जिन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दिया। कांग्रेस ने विपक्षी पार्टी होते हुए भी किसानों के लिए कुछ नहीं किया। अगर कांग्रेस चाहती तो अभय सिंह की तरह सारे विधायक इस्तीफा देते जिससे केंद्र की भाजपा सरकार पर दबाव बनाने में आसानी होती और 750 किसानों को अपनी शहादत नहीं देनी पड़ती।

अभय सिंह चौटाला ने प्रेस को संबोधित करते हुए समर्थन देने पर टेकराम कंडेला का आभार प्रकट किया और कहा कि हम दोनों ने जाट आरक्षण आंदोलन और किसान आंदोलन का साथ दिया और सक्रिय भूमिका निभाई। आज जो किसानी से जुड़ा हुआ है, जिसे किसान आंदोलन याद है वो अब लोकसभा चुनाव में मुझे वोट करेगा। किसानों, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के समर्थन से हमारी जीत पक्की हो गई है।अभय सिंह चौटाला ने कहा कि ये भाजपा की सरकार कातिलों की सरकार है। भाजपा के 10 साल के राज में सबसे ज्यादा कत्लेआम हुए हैं। संत रामपाल के 6, जाट आरक्षण आंदोलन में 32, राम रहीम के 46 लोगों का कत्लेआम किया। 13 महीने चले किसान आंदोलन में 750 किसान शहीद हो गए। भाजपा देश का सबसे घातक राजनीतिक दल है। इन्होंने देश को जाती और धर्म में बांट दिया। जिस भी प्रदेश में कोई किसान कौम जो ताकतवर है उनको दूसरी कौमों के खिलाफ लड़वा दिया। आज प्रदेश का बच्चा बच्चा भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार बैठा है। 4 जून को नतीजे आ जाएंगे, भाजपा कई सीटों पर जमानत भी नहीं बच पाएगी।

भूपेंद्र हुड्डा पर बड़ा हमला बोलते हुए अभय सिंह ने कहा कि जबतक भूपेंद्र हुड्डा राजनीति में है तब तक भाजपा को कोई खतरा नहीं है। इसके कई उदाहरण सभी के सामने हैं। सुभाष चंदआ के राज्यसभा के चुनावों में स्याही कांड को सभी जानते हैं कैसे भूपेंद्र हुड्डा एवं कांग्रेस के विधायकों ने इनेलो और कांग्रेस के सांझे उम्मीदवार को हराने के लिए पेन की स्याही बदल कर वोट कैंसिल करवा दिए थे। हुड्डा ने अपने बेटे को राज्यसभा का सांसद बनाने के लिए भाजपा से सैटिंग की और भाजपा ने अपना उम्मीदवार ही नहीं उतारा। करनाल में खट्टर और नायब सैनी के खिलाफ कमजोर उम्मीदवार उतार कर भाजपा की मदद कर रहे हैं। मेरे ऐलनाबाद के उप चुनाव में भूपेंद्र हुड्डा मेरे खिलाफ वोट मांगने गया लेकिन वहां जाकर बोला की कांडा मेरा दोस्त है और कांग्रेस के उम्मीदवार की जमानत जब्त करवा दी। भूपेंद्र हुड्डा ने तो राव इंद्रजीत, धर्मवीर, सेलजा, रणदीप सुर्जेवाला, किरण चौधरी और कैप्टन अजय सिंह यादव जैसों को भी साफ कर गए। आम आदमी पार्टी पर भी तीखे हमले किए और कहा कि ये हरियाणा का पानी रोकने वाले लोग हैं। पहले एसवाईएल पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे आप पार्टी। पंजाब में कहते हैं एक बूंद पानी नहीं देंगे और यहां लोकसभा चुनाव में लोगों से वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी भी एसवाईएल के पानी न देने पर इनके साथ खड़ी है।

सम्पादकीय

# हरियाणा में कांग्रेस के सामने भितरघात का खतरा क्यों?

*हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 25 मई निर्धारित है। जैसे-जैसे यह दिन नजदीक आ रहा है, राज्य में चुनावी घमासान तेज हो रहा है। प्रदेश में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है, लेकिन जजपा एवं आम आदमी पार्टी और इनेलो की ओर से भी अपने हथियार तेज कर लिए गए हैं। निश्चित रूप से हरियाणा में मतदाता की नब्ज समझना किसी भी राजनीतिक विश्लेषक के लिए आसान नहीं है। हरियाणा वह प्रदेश है, जिसने आया राम-गया राम की कहावत को जन्म दिया था, हालांकि अब यहां का मतदाता भी इतना परिपक्व हो चुका है कि उसके चेतन का अंदाजा लगाना आसान नहीं है। प्रदेश में राजनीतिक दलों के लिए इस बार के चुनाव करो या मरो की स्थिति वाले हैं। इन चुनावों में अनेक राजनीतिकों का भविष्य दांव पर है। यह चुनाव ऐसे होंगे, जिसमें हार या जीत के बाद अनेक राजनेताओं को रिटायरमेंट लेनी ही होगी। इन चुनावों में प्रत्येक दल का अपना दावा है। भाजपा की ओर से जब सभी 10 सीटों पर जीत का दावा किया जा रहा है, वहीं कांग्रेस गठबंधन भी सभी सीटों पर जीत का दावा पेश कर रहा है। अभी तक के हालात ऐसे हैं कि देश के दूसरे हिस्सों में प्रचार में जुटे भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों को अब प्रदेश की ओर रुख करना पड़ रहा है।*


**यह लोकसभा चुनाव पहला ऐसा चुनाव होगा, जिसमें प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने में कांग्रेस को इतना समय लग गया। हालांकि भाजपा की ओर से बहुत पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई थी। कांग्रेस के लिए यह चुनाव निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है। इसका अंदाजा इससे भी लगता है कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी की ओर से पार्टी नेताओं को पत्र लिखकर कहा गया है कि विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण के दौरान यह देखा जाएगा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किस प्रकार का प्रदर्शन पार्टी नेताओं का रहा है।**

*यह लोकसभा चुनाव पहला ऐसा चुनाव होगा, जिसमें प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने में कांग्रेस को इतना समय लग गया। हालांकि भाजपा की ओर से बहुत पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई थी। कांग्रेस के लिए यह चुनाव निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है। इसका अंदाजा इससे भी लगता है कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी की ओर से पार्टी नेताओं को पत्र लिखकर कहा गया है कि विधानसभा चुनाव में टिकट वितरण के दौरान यह देखा जाएगा कि लोकसभा चुनाव के दौरान किस प्रकार का प्रदर्शन पार्टी नेताओं का रहा है। यानी अगर लोकसभा चुनाव में किसी नेता का पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार के दौरान प्रदर्शन हल्का रहा तो फिर विधानसभा चुनाव में उसके नाम पर गौर शायद न किया जाए। बेशक, इस प्रकार की चेतावनी कांग्रेस में नई नहीं है, लेकिन यह अपने आप में उद्घाटित करने वाली बात है कि कांग्रेस को अपने नेताओं को इस प्रकार अनुशासित करने की जरूरत पड़ रही है। पार्टी की ओर से टिकट आवंटन में देर की गई और फिर स्वाभाविक रूप से जिनके नाम जिस सीट से चल रहे थे, उनको धता बताते हुए ऐसे नाम उन सीटों पर घोषित किए गए जोकि एकदम नये हैं। कांग्रेस में तमाम नेता यह अभी तक नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर गुरुग्राम सीट से अभिनेता राज बब्बर को टिकट देने की क्या जरूरत आ पड़ी थी, जबकि इस सीट से हरियाणा में ही अनेक नाम सामने थे। आखिर कांग्रेस नेतृत्व ने इसका पता कैसे लगाया कि राज बब्बर ही इस सीट से उपयुक्त उम्मीदवार होंगे। वास्तव में इसी प्रकार दूसरी सीटों पर भी जो उम्मीदवार हैं, उनके पीछे संशय, किंतु-परंतु चल रहे हैं। यही वजह है कि कांग्रेस प्रभारी को ऐसा पत्र लिखना पड़ रहा है, क्योंकि पार्टी में भितरघात की पूरी आशंका है।*

*यह लगभग तय था कि पार्टी रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा को टिकट देगी। यह तब है, जब वे राज्यसभा सांसद भी हैं, अगर वे जीत गए तो कांग्रेस के हाथ से राज्यसभा सीट चली जाएगी। बेशक, इस सीट पर जीत-हार का गणित कांग्रेस ने लगा लिया होगा। यह कितना हैरान करता है कि हिसार सीट पर कांग्रेस ने निवर्तमान सांसद बृजेंद्र सिंह को टिकट नहीं दिया है, जबकि वे इसी उम्मीद में भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए थे। उनके पिता बीरेंद्र सिंह एवं माता भी भाजपा छोड़ चुके हैं। खुद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने बृजेंद्र सिंह को पार्टी में शामिल किया था। शुरुआत से यह समझा जा रहा था कि बृजेंद्र सिंह को पार्टी टिकट देगी, लेकिन कांग्रेस जैसा कि उसकी कार्यप्रणाली प्रसिद्ध है, एक और गुट बनने से पहले ही उसे खत्म कर दिया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह एवं उनके बेटे ने भाजपा पर तमाम आरोप लगाए थे, लेकिन अब कांग्रेस में जाकर उनकी स्थिति न घर के और न घाट के जैसी रह गई है। यह भी सुनने को आ रहा है कि हरियाणा में कांग्रेस नेताओं को बड़ी उम्मीद विधानसभा चुनाव से है। लोकसभा चुनाव में भी ऐसे चेहरे ही उतारे गए हैं जोकि उस सीट पर स्थापित चेहरों को पीछे कर सकें। यानी एक पक्ष चाहता है कि लोकसभा चुनाव में दूसरा गुट जीत न सके और जब विधानसभा चुनाव आएं तो उसे सफलता मिले। कांग्रेस की कार्यप्रणाली अद्भुत है।*

# तोड़ो, कारा तोड़ो

**दैनिक अर्थ प्रकाश**



स्पिरिचुअल हीलर
**सिद्ध गुरू प्रमोद जी**
गिनीज़ विश्व रिकॉर्ड विजेता लेखक

कारा, यानी, कारावास, जेल। हम सब जेल में ही तो हैं, अपने विचारों की जेल, अपनी इच्छाओं की जेल, महत्वाकांक्षांओं की जेल, घृणा की जेल, ईर्ष्या की जेल, क्रोध की जेल, उदासी की जेल, घबराहट की जेल, डर की जेल, पछतावे की जेल। यह सारी कोठरियां हैं जेल की, और हम एक साथ कई-कई कोठरियों में बंद हैं, जेलकाट रहे हैं, नरकभोग रहे हैं।क्या हम इस जेल से छूटना नहीं चाहते?

कामकाजी लोग, कार्पोरेट जगत वाले लोग, यहां तक कि घरेलू महिलाएं भी, यानी, लगभग हम सब हर रोज एक लिस्ट बनाते हैं कि हमें आज क्या-क्या काम करने जरूरी हैं, किस क्रम में उन्हें किया जाए, आदि। उस सूची के हिसाब से फिर हम तय करते हैं कि काम किस तरह से हो, उसकी प्रक्रिया क्या हो? हमारी यह ''टुडू लिस्ट'' हर रोज़ बनती है। कुछ काम हो जाते हैं, कभी-कभार कुछ रह भी जाते हैं। हर साल के शुरुआत में हम अपने लक्ष्य तय करते हैं कि इस साल हम क्या पाना चाहते हैं और उसके लिए हम क्या-क्या काम करेंगे। तत्पश्चात हम अपनी रणनीति तय करते हैं कि किससे मिलेंगे, किससे पूछेंगे, किस से बात करेंगे, किससे सिफ़ारिश करवायेंगे, किसकी सिफारिश करेंगे। यानी, हर लिस्ट किये जाने वाले कामों की लिस्ट है, इसीलिए इसे ''टुडू लिस्ट'' कहा जाता है। कामों की सूची, किये जाने वाले कामों की सूची। बस।

हम हर रोज़ सोचते हैं कि हमें आज क्या करना है। सवाल यह है कि क्या हमने कभी सोचा है हम ''होना'' क्या चाहते हैं, ''बनना'' क्या चाहते हैं? क्या कभी हमने अपने लिए कोई ''टुबी लिस्ट'' बनाई है? क्या हम सच्चे इन्सान बनना चाहते हैं, ईमानदार इन्सान बनना चाहते हैं, प्यारे इन्सान बनना चाहते हैं, करुणामय होना चाहते हैं, सहायक होना चाहते हैं, यदि नहीं तो क्यों, और यदि हां, तो उसके लिए हम क्या कर रहे हैं? इससे भी आगे का सवाल यह हैकि जब हमने तय कर लिया कि हम एक खास तरह के शख्स बनना चाहते हैं तो फिर क्या हमने कभी विश्लेषण किया कि हमारे कौन से ऐसे काम हैं, और कौन सी ऐसी आदतें हैं जो उसमें रुकावटें पैदा कर रही हैं?

जब हम ''टुडू लिस्ट'' से आगे बढ़ कर''टुबी लिस्ट'' पर आ जाते हैं तो हमें अपना ही विश्लेषण करने की आवश्यकता होती है, अपना ही ऑडिट करने की आवश्यकता होती है, आत्मचिंतन की आवश्यकता होती है ताकि हम देख सकें कि हमें अपनी किन आदतों को छोड़ना है, कौन सी नई आदतें अपनानी हैं, क्या कहना बंद करना है, क्या करना बंद करना है, यानी अब हमें एक ''टुस्टॉपडुइंग लिस्ट''बनानी है, ताकि हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकें।

कहा जाता है कि एक हज़ार मील की यात्रा भी पहले कदम से शुरू होती है। जब किसी हथौड़े की चोट से कोई बड़ा पत्थर टूटता है तो वह सिर्फ़ एक आखिरी चोट से ही नहीं टूटता, बल्कि उससे पहले किया गया हर प्रहार उस पत्थर को थोड़ा-थोड़ा कमज़ोर करता चलता है जिससे आखिरकार वह टूट जाता है। इसी तरह जब हम किसी एक काम को बार-बार दोहराते हैं तो अंततः उससे हमें मनवांछित फल मिलता है, मिलता ही है। जब हमने एक ''टुबी लिस्ट''बना ली और तय कर लिया कि हम किस तरह के इन्सान होना चाहते हैं तो हमें हर रोज़, बेनागा, आत्म विश्लेषण करना होगा, मंथन करना होगा, चिंतन करना होगा कि आज दिन भर हमने क्या-क्या किया, कैसे किया, उसका परिणाम क्या रहा, क्या हम कुछ बेहतर कर सकते थे, क्या हम कुछ बेहतर कह सकते थे, अच्छा क्या किया, उसे कैसे दोहराते रह सकते हैं, गड़बड़ी कहां हुई, वह गड़बड़ी दोबारा न हो, उसके लिए क्या किया जाना आवश्यक है, आदि-आदि। जब हम इस विश्लेषण को अपने जीवन में उतार लेते हैं तो जीवन आगे बढ़ना शुरू हो जाता है। शुरू में किसी बड़ी छलांग की आवश्यकता नहीं है, थोड़ा-थोड़ा, पर हर रोज़, धीरज के साथ, माइंडफुलनेस के साथ,



पूरे फोकस के साथ जब हम छोटे-छोटे कदम उठाते हैं तो वो किसी बड़े परिवर्तन का कारण बन जाते हैं। कदम अच्छे होंगे तो जीवन पॉजिटिव हो जाएगा और कदम गलत होंगे तो जीवन नरक हो जाएगा। हम क्या करते हैं, यह हम पर निर्भर करता है।

भूतकाल सचमुच भूत जैसा होता है जो अक्सर लोगों के दिमाग से चिपका ही रहता है। जो बीत चुका है, हम उसे सोच सोचकर हलकान होते रहते हैं, परेशान होते रहते हैं, दुखी होते रहते हैं। किसी ने हमारा अपमान कर दिया, किसी ने हमारा नुकसान कर दिया, किसी ने हमारी बात नहीं मानी, हमने कोई अवसरगंवा दिया, हमसे कोई गलती हो गई,जैसे बहुत से कारण हैं जो हमें बीत चुके समय की याद दिलाते रहते हैं और हम खामखा परेशान होते रहते हैं। इसीलिए कहा गया है कि''बीतिताहिबिसार दे''। जो बीत गया उसे भूल जाओ और आगे बढ़ो, आगे की सोचो, यह सोचो कि अब क्या करना है, अब क्या करना जरूरी है। इसी भूल का दूसरा रूप है किसी आने वाले परिवर्तन को लेकर चिंतित होना, डरे रहना, सिमटे रहना, अनिश्चित भविष्य को लेकर डरे रहना, चिंतित होते रहना। भूत का भूत और भविष्य का डर, दोनों ही ऐसे राक्षस हैं जो हमारी ऊर्जा खा डालते हैं, हमें कमजोर बनाते हैं। अगर हमें अपना ''कल'' सुधारना है तो उसके लिए आज जरूरी कदम उठाने होंगे। आज के हमारे काम, हमारे कल को बदल सकते हैं, सुधार सकते हैं। इसलिए ''आज'' में जिएं, बल्कि ''अब'' में जिएं, वर्तमान में जिएं।

इसके लिए ''गोल ओरिएंटिड पॉजिटि व थिंकिंगएंडऐक्शन''यानी लक्ष्य की ओर उन्मुख रचनात्मक सोच और काम ही इसका इलाज हैं। जब हमारा हर विचार और हर काम लक्ष्य की ओर उन्मुख हो जाता है तो किसी भी लक्ष्य को पाना आसान हो जाता है। महाकवि मलिक मुहम्मद जायसी ने अपने महाकाव्य''पद्मावत'' में एक बड़ी सुंदर बात कही है, वह है- ''जौलहि आप हेराई न कोई, तौल हि हेरत पाव न सोई''। इसका अर्थ है कि अपनी खोई हुई मंजिल को अगर पाना हो तो हमें उसी काम में खो जाना होगा, उसी काम में रत रहना होगा, उसी काम में सतत, लगातार लगे रहना होगा जो हमें मंजिल के नज़दीक ले जा सकता है।

अपने विचारों की जेल, इच्छाओं की जेल, महत्वाकांक्षाओं की जेल, घृणा की जेल, ईर्ष्या की जेल, क्रोध की जेल, उदासी की जेल, घबराहट की जेल, डर की जेल, पछतावे की जेल अगर हमने तोड़नी है तो एक ही तरीका हैकि जो भी काम करना हो, उसके लिए योजना बनाएं, साधन इकट्ठे करें, जो सहायता लेनी हो लें, काम की प्रक्रिया तय करें और काम शुरू कर दें। किसी भी कठिन काम को करने का एक ही तरीका है, ''बस, करडालो'', जस्टडूइट, और फिर निश्चिंत होकर सो जाएं। जो होना होगा, हो जाएगा। परिणाम की चिंता न करें, पर परिणाम आने पर विश्लेषण अवश्य करें, उससे जो सीखना हो सीखें और आगे बढ़ चलें। बिना किसी आध्यात्मिकता के भी आप आध्यात्मिक हो गये, निष्काम कर्म के योगी हो गये। यह हो गया तो कारा टूट गई, कारावास से मुक्त हो गये, जेल से छूट गये और जीवन संवर गया।

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## चीनी राष्ट्रपति ने हिन्दी-चीनी भाई-भाई का सपना साकार करने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली।** राष्टपति रामा स्वामी वैंकटरमण तथा चीन के राष्ट्रपति यांग शांगकुन ने दोनों देशों के आपसी सबंधों को मधुर व मजबूत बनाए जाने पर जोर दिया है। वेंकटरमण अपनी छह दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार को आधी रात को यहां से चीन के लिए रवाना हुए थे। उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी गया है। इसमें उनकी पत्नी जानकी वेंकटरमण उनकी दो पुत्रिया और संसदीय कार्य राज्यमंत्री पीआर कुमार मंगलम विदेश सचिव के एन दीक्षित और वरिष्ठ राजनयिक भी शामिल है। कुछ वशिष्ठ पत्रकारों का दल भी सरकारी प्रतिनिधिमंडल में सम्मिलित है। राष्ट्रपति वेंकटरमण के आज सुबह पेइचिंग पहुंचने पर चीन की सरकारी स्वागत समिति के अध्यक्ष होऊ जीये जो चीन के निर्माण मंत्री भी है ने आज राष्ट्रपति वेंकटरमण का हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत किया। बाद में राष्ट्रपति श्री वेंकटरमण ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के तीनों अंगों की एक सलामी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर चीन के राष्ट्रपति शंगकुल भी उपस्थित थे। बाद में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने आगामी बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच आपसी भाई चारे का संबंध स्थापित करने पर जोर दिया। श्री वेंकटरमण ने कहा कि हमारे आपसी संबंधी में हो रहे सुधारों से किसी तीसरे देश को कोई खतरा नहीं पैदा होना चाहिए। दोनों राष्ट्रपतियों के बातचीत में वेंकटरमण ने कहा कि इस मुलाकात से एशिया में स्थिरता बढ़ेगी और भारत चीन के बीच एक मजबूत आधार तैयार होगा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1881- | एक वकील, राजनीतिज्ञ और संविधान सभा के सदस्य राम लिंगम चेट्टियार का जन्म। | 1994- | गाजा पट्टी क्षेत्र से अन्तिम इजरायली सैनिक टुकड़ी हटाये जाने के साथ ही क्षेत्र पर फिलीस्तीनी स्वायत्तशासी शासन पूरी तरह से लागू। |
| 1912- | पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्?म श्री पुंडालिक रिलीज। | 2004- | इजरायल के राफा विस्थापित कैम्प में इजरायली सैनिकों ने 19 फिलीस्तीनियों को मौत के घाट उतारा। |
| 1933- | भारत के बारहवें प्रधानमंत्री बने एच.डी. देवगौड़ा का जन्म। | 2006- | नेपाल नरेश को कर के दायरे में लाया गया। |
| 1934- | भारतीय बांग्ला भाषा के कवि, गीतकार, संगीतकार और देशभक्त मुकुन्द दास का निधन। | 2007- | कजाकिस्तान के राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजर वायेव का कार्यकाल असीमित समय के लिए बढ़ा। |
| 1948- | भारतीय राजनेता थावर चंद गहलोत का जन्म। | 2008- | पार्श्वगायक नितिन मुकेश को मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण से सम्मानित किया। |
| 1951- | भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ जगदीप धनखड़ का जन्म। | 2009- | श्रीलंका सरकार ने 25 साल से तमिल विद्रोहियों के साथ हो रही जंग के खत्म होने का एलान किया। सेना ने देश के उत्तरी हिस्से पर कब्जा किया और लिट्टे प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरन को मार गिराया। |
| 1974- | राजस्थान के पोखरण में अपना पहला भूमिगत परमाणु बम परीक्षण करके भारत परमाणु शक्ति संपन्न देशों की कतार में शामिल हो गया। | | |
| 1991- | चॉकलेट कंपनी में कैमिस्ट के तौर पर काम करने वाली 27 वर्षीय हेलेन ने ब्रिटेन की पहली अंतरिक्ष यात्री के तौर पर सोवियत सोयूज यान से उड़ान भरी। उन्हें एक पहेली का जवाब देने पर यह मौका दिया गया। | | |

## बोल ब्यूटीफुल



**पल्लवी घोषः** जिन विभव कुमार पर स्वाति मालीवाल से दुर्व्यवहार के आरोप लगे है, वह एयरपोर्ट पर अरविंद केजरीवाल के साथ देखें गए। वह भी तब जब पार्टी ने इस मामले में कार्रवाई की बात की थी। यह स्पष्ट दिखाता है कि मामला गड़बड़ है और विभव कुमार का कुछ नहीं बिगड़ने वाला।

**जितेन्द्र प्रताप सिंहः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलीकाप्टर को तलाशी में उनके पूरे सामान की जांच हुई। यह चुनाव आयोग का एक रूटीन काम होता है। आप कल्पना कीजिए कि विपक्षी दल के किसी मुख्यमंत्री के साथ ऐसे हुआ होता तो कितना विरोध होता और पता नहीं क्या-क्या आरोप लगाए जाते।

अपराध  कथा

# अपराधी तो अपराधी, लेकिन कम नहीं है पुलिस भी!

अपराधी अभी बाज नहीं आते हैं। पुलिस उन्हें देर-सबेर दबोच ही लेती है, लेकिन उनको क्या कहा जाये, उनके कंधों पर आम लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। अगर पुलिस ही अपहरण और फिरौती जैसे मामलों की आरोपी के रूप में सामने आए तो आम लोग किससे फरियाद करेंगे?







### होटल में हत्या

मध्यप्रदेश में भोपाल की युवती की हिमाचल प्रदेश में मनाली के एक होटल में हत्या का दी गई. हत्या के बाद उसका हरियाणवी प्रेमी शव को सूटकेस में पैककर ले जाते समय पकड़ा गया, सूटकेस को भारी देख कर होटल स्टाफ को शक हो गया और इससे पहले कि शव को ठिकाने लगाया जा सके, इस हत्याकांड का भंडाफोड़ हो गया।

मृतक 26 साल की युवती की पहचान शीतल कौशल के रूप में हुई है। हरियाणा में पलवल के रहने वाले अपने प्रेमी विनोद ठाकुर के साथ वह घूमने मनाली आई थी। इस दौरान ठाकुर ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने मनाली के होटल से वापस लौटने के लिए बीएस स्टैंड तक के लिए टैक्सी मंगवाई थी।

होटल स्टाफ ने जब सूटकेस उठाया तो उसके भारीपन को देख कर शक हुआ और पुलिस बुलवा ली गई। इस बीच ठाकुर मौके से भाग निकला। शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को न तो आरोपी की फोटो मिली और न ही कोई दस्तावेज मिल। होटल में बुकिंग युवती के नाम से की गई थी। हालांकि, पुलिस ने अपना अभियान कुछ इस तरह से शुरु किया कि आरोपी को फौरन ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से हत्या के कारणों के बारे में पूछताछ की जा रही है। उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

कुल्लू के पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि युवती के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक ठाकुर अपनी प्रेमिका के साथ 13 मई को घूमने के लिए मनाली आया था और वे यहां एक होटल में ठहरे थे।

### मौत का इंजेक्शन

हरियाणा में अपनी तरह का एक अजीब ही मामला सामने आया है, जहां बेटे ने प्रेम विवाह करने के लिए अपने पिता को मौत का टीका लगवा दिया। इससे दलबीर सिंह की मौत हो गई। प्रेमिका ने अपने प्रेमी की मां को भी पानी में पैरासिटामोल मिला कर इंजेक्शन लगा दिया। यह मामला सोनीपत जिले के गन्नौर क्षेत्र के पुराने राठी गांव का है।

पुलिस ने इस मामले में बेटे नवीन और उसकी प्रेमिका सुषमा को गिरफ्तार कर लिया है। गन्नौर के थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार के मुताबिक नवीन ने अपनी प्रेमिका सुषमा, जो पेशे से नर्स है, को घर पर कैंसर रोधी टीका लगाने के लिए भैया था। टीका लगाने के कुछ देर बाद दलबीर सिंह की तबीयत बिगड़ गई और फिर मौत भी हो गई।

गन्नौर पुलिस थाने में दलबीर सिंह के बेटे परमिंदर ने लिखित शिकायत दी थी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की तो पता चला कि नवीन बेहोशी में इस्तेमाल किया जाने वाला एकता क्यूरियम इंजेक्शन अस्पताल से चोरी कर के लाया था। योजना के तहत उसकी प्रेमिका सुषमा ने दलबीर सिंह को दस एमएल डोज का टीका लगा दिया। नवीन की मां को भी पानी में पैरासिटामोल मिला कर इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी भी तबीयत बिगड़ गई।

### मारा गया गैंगस्टर

हरियाणा में रोहतक जिले के रिटौली गांव का शार्प शूटर अजय उर्फ गोली पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसे दिल्ली पुलिस ने खेड़ा खुर्द गांव के पास गोली मारी गई। कई मामलों में वांछित गोली की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी।

गोली का नाम सोनीपत में मुरथल ढाबे के बाहर शराब ठेकेदार की हत्या में सामने आया था। गोली के खिलाफ रोहतक में हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट में भी मुकदमा दर्ज किया गया था और उसकी गिरफ्तारी भी हुई थी। गोली पर दिल्ली के तिलक नगर थाने में भी फायरिंग करने का आरोप है।

इन सभी मामलों में पुलिस को गोली की तलाश थी। गोली को दिल्ली के बाहरी इलाके में खेड़ा खुर्द गांव के पास रात के समय एक होंडासिटी कार में देखा गया था। पुलिस ने जब गोली को रुकने और आत्मसमर्पण के लिए कहा गया तो उसने फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। बाद में जख्मी हालत में गोली को अस्पताल ले जा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गोली के पास से पुलिस ने दो पिस्तौल और गोलियां बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक भाऊ विदेश में बैठा कर अपना गैंग चला रहा है। हिमांशु उर्फ भाऊ भी गोली के गांव रिटौली का ही रहने वाला है।

### खुद ही मार ली गोली

हरियाणा पुलिस से घिरे पांच हजार के इनामी बदमाश संजय उर्फ भेड़िया ने खुद को गली मार ली। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना राजस्थान में झुंझुनू जिले के खानपुर गांव के पास की है। चरखी दादरी जिले में कलियाणा गांव के रहने वाले भेड़िया पर लूट और अपहरण के कई मामले दर्ज थे। भेड़िया बाबा गैंग का सदस्य था।

हरियाणा पुलिस भेड़िया का पीछा करते हुए नारनौल के सीमावर्ती राजस्थान के खानपुर गांव पहुंची थी। पुलिस ने जब उसे चारों तरफ घेर लिया तो उसने अपनी कनपटी पर गोली मार ली। पुलिस जब उसे लेकर सिंघाना के अस्पताल पहुंची तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि संजय उर्फ भेड़िया राजस्थान में सिंघाना थाना क्षेत्र के मेहराणा गांव के बूटीनाथ आश्रम में छुपा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने इस आश्रम की घेराबंदी कर ली और उसे आत्मसमर्पण के लिए कहा। भेड़िया ने पहले तो हवाई फयर किए, फिर जब उसे लगा कि गिरफ्तारी से बचना मुश्किल है तो उसने अपने सिर में गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई।

### पुलिस पर केस

पंजाब पुलिस के दस कर्मियों पर राजस्थान में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी को अफीम के साथ पकड़ा जोधपुर से था, लेकिन गिरफ्तारी लुधियाना से दिखाई गई है. जोधपुर में झंवर इलाके के भीखाराम की तरफ से पुलिस को दी गई शिकायत के आधार पर मनवीर के अपहरण और वसूली के साथ-साथ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। भीखा राम ने शिकायत के साथ पुलिस को पूरे सबूत भी उपलब्ध कराए हैं।

भीखाराम ने अपनी शिकायत में कहा कि उसका बेटा मनवीर कोचिंग के लिए जयपुर जाने की बात कह कर घर से निकला था। बाद में उसका मोबाइल बंद हो गया। इस पर पुलिस में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दी गई। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि मनवीर को पंजाब पुलिस ने लुधियाना पुलिस ने ड्रग तस्करी के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो किलो अफीम भी बरामद दिखाई गई है। उसकी गिरफ्तारी लुधियाना में डाबा रोड से बताई गई. मनवीर के परिजनों का आरोप था कि उनसे 15 लाख रुपए की फिरौती की भी मांग की गई।

पंजाब पुलिस के साथ मनवीर कार से विभिन्न टोल नाकों से सीसीटीवी फुटेज में राजस्थान से होते हुए पंजाब जाते नजर आ रहा है। ऐसे में राजस्थान पुलिस ने माना कि पंजाब पुलिस ने मनवीर का जोधपुर से अपहरण किया था. ऐसे में जोधपुर पुलिस ने पंजाब पुलिस के एएसआई सुभेष सिंह, इंद्रजीत सिंह, मनिंदर सिंह, गुरपिंदर सिंह, सुखदीप सिंह, बसंत लाल, धनवंत सिंह, हरप्रीत कौर, सतनाम सिंह और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

**रिपोर्ट:सुमित्रा**

# पंजाब राजभवन में मनाया सिक्किम दिवस

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** सिक्किम के सुंदर परिदृश्य और जीवंत संस्कृति का पंजाब राजभवन में शानदार प्रदर्शन हुआ, जहां सिक्किम स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यह अवसर उस ऐतिहासिक दिन को दर्शाता है, जब हिमालय के हृदय में बसा सिक्किम 1975 में 22वें राज्य के रूप में भारतीय संघ में शामिल हुआ था।

इस कार्यक्रम ने सिक्किम और पंजाब/चंडीगढ़ के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिससे एक-दूसरे की परंपराओं और रीति-रिवाजों के बारे में गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा मिला। इसने विविधता के बीच एकता को रेखांकित किया जो भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य की पहचान है।

कार्यक्रम में बोलते हुए पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित ने भारत के विभिन्न राज्यों के बीच विविधता का जश्न मनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। राज्यपाल ने सिक्किम की गहन सुंदरता पर जोर दिया, जिसकी विशेषता इसके राजसी पहाड़, शांत नदियाँ और हरे-भरे जंगल हैं। ÷पूर्व का स्विट्जरलैंड÷ कहे जाने वाले सिक्किम का आकर्षण सीमाओं को पार करता है, जो दूर-दूर से यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

श्री पुरोहित ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के माध्यम से राज्यों के लोगों में आपसी परिचय, एकता की भावना, विविध परम्पराएं, कला, संस्कृति, वेशभूषा और खान-पान का आदान-प्रदान भी होता है। उन्होंने कहा कि हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है और राज्यों की विविधता में एकता ही भारत की ताकत है। इस विविधता के बावजूद हम सब एक हैं जो भारत की विशेषता है।





राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता में सिक्किम की अग्रणी पहल सराहनीय है। सबसे कम कार्बन फुटप्रिंट वाले देश के पहले जैविक राज्य के रूप में, सिक्किम पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन के लिए एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर चंडीगढ़ के विभिन्न स्कूलों के छात्रों द्वारा संगीत, नृत्य और परंपरा के माध्यम से सिक्किम की समृद्ध सांस्कृतिक झलक दिखाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार श्री राजीव वर्मा, राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री के.शिव प्रसाद, यूटी चंडीगढ़ के गृह सचिव श्री नितिन कुमार यादव और चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के प्रमुख दलित नेता शमशेर सिंह लोटिया बीजेपी में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन की संभावनाओं को आज भारी बढ़ावा मिला जब कांग्रेस के सबसे प्रमुख दलित नेताओं में से एक शमशेर सिंह लोटिया भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ उम्मीदवार संजय टंडन, चंडीगढ़ बीजेपी के अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के समक्ष भाजपा में शामिल हो गए। सेक्टर 33 में पार्टी कार्यालय कमलम में आयोजित एक प्रभावशाली समारोह में उनके साथ कई समर्थक भी भाजपा में शामिल हुए। लोटिया चंडीगढ़ में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। वे कॉलोनी सेल के संयोजक के रूप में कांग्रेस पार्टी के चुनाव अभियान की देखरेख कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने पार्टी सचिव और विभिन्न पदों पर कांग्रेस संगठन में काम किया। उन्हें चंडीगढ़ में बाल्मीकि समुदाय के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता है। शहर के एक और बाल्मीकि नेता ओम प्रकाश सैनी ने लोटिया को भाजपा में शामिल करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुछ दिन पहले ही सैनी भी बीजेपी में शामिल हुए हैं.

पार्टी में शमशेर सिंह लोटिया का स्वागत करते हुए संजय टंडन ने कहा, 'लोटिया और उनके सैकड़ों समर्थकों को पार्टी में शामिल करने पर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। बाल्मीकि समाज का कल्याण सदैव भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा है। मैं लोटिया जी और अन्य साथियों को विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें पार्टी में भरपूर सम्मान मिलेगा।'इस मौके पर शमशेर सिंह लोटिया ने भी अपने विचार रखे और कहा कि वह पिछले कुछ सालों से कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे थे. उन्होंने कहा, मैंने पीएम नेंद्र मोदी के अच्छे काम और संजय टंडन जी के प्रसन्न और मिलनसार स्वभाव के कारण भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। लोटिया ने पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान की भी सराहना की और कहा कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के दलित समाज और निर्धन वर्ग को गैस सिलेंडर मिले हैं, प्रत्येक घर में शौचालय बना है और इससे भी बढ़कर अयोध्या के एयरपोर्ट को भगवान बाल्मिकी का नाम दिया गया है। इतना मान और सम्मान सरकार ने दिया आज तक किसी भी सरकार ने नहीं दिया। इस अवसर पर, पूनम शर्मा, अमित जिंदल, सुभाष चावला भी मौजूद रहे। शमशेर सिंह लोटिया के साथ भाजपा में शामिल होने वालों में मनोज लोटिया, राजेश लोटिया लाडी, सूरज टोंक, बिट्टू दिसवाड, मनीष लोटिया, बिसम लाल पुहाल, राज कुमार काला, सन्नी, अभिषेक वोहरा, दाना राम मीना, मदन लाल जागड़ा, रिशु, सुखविंदर शामिल हैं। , विजय कुमार, कविता देवी, रूपा देवी, सीमा देवी, जसप्रीत कौर, पम्मी शर्मा और और अन्य शामिल थे।

# डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पॉलीथिन की एकत्रित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**डेराबस्सी।** डेरा बस्सी डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल डेरा बस्सी के विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन एकत्रित की। स्वच्छ भारत मिशन के प्रोग्राम कोआर्डिनेटर सुखविंदर सिंह देयोल द्वारा प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि कैसे प्लास्टिक धरती पर परत बनाकर मिट्टी, पानी और हवा को नुकसान पहुंचा रहा है. सी. एफ. धरमिंदर ने प्लास्टिक से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों के बारे में बताया। विद्यार्थियों से कहा गया कि वे जब भी बाजार जाएं तो अपने साथ सूती या जूट का थैला लेकर जाएं और पॉलिथीन लेने से मना करें। प्रिंसिपल प्रीतम दास जी और वाइस प्रिंसिपल समिता आहूजा ने बताया कि वे समय-समय पर पॉलिथीन उन्मूलन के लिए प्रयास करते रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल स्टाफ और एसबीएम टीम भी मौजूद रही।

## हेरोइन तस्कर काबू, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**पंचकूला, (अप्रस)।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। सेल के इंस्पेक्टर अजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने रामबाग रोड कालका की तरफ से आ रहे हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रजत उर्फ मोंटी (31) के रूप में हुई। वह कालका में रहता है। इंस्पेक्टर ने बताया कि रामबाग रोड की तरफ से मोंटी आता दिखाई दिया। उसे रोककर पूछताछ की गई। युवक ने नाम रजत उर्फ मोंटी बताया। उसके कपड़ों की तलाशी लेने पर आरोपी ने अपनी जेब से सामान निकाल कर फैंकनें की कोशिश की । पुलिस की टीम ने उस समान को काबू करके चेक किया तो उसके अन्दर 10.60 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने तुरन्त नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद करके आरोपी के खिलाफ थाना कालका में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने उसे जिला अदालत में पेश किया जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

# बीएसएनएल पुराने 2 जी और 3 जी सिम कार्डों को 4 जी में कर रहा अपग्रेड, मिलेगी हाई स्पीड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** बीएसएनएल की तरफ से अपने उपभोक्ताओं को आकर्षक और किफायती ऑफर दिया जा रहा है। अब उपभोक्ता अपने पुराने 2 जी या 3 जी सिम कार्ड को 4 जी में अपग्रेड करवा सकते हैं। दिलचस्प बात ये है कि उपभोक्ता को इसके लिए कोई पैसे भी नहीं देने पड़ेंगे और बेहद किफायती मूल्य के वाउचर के साथ रिचार्ज करके अनलिमिटेड वॉयस कॉल, हाई स्पीड डेटा का आनंद ले सकते हैं।

अजय करारा सीजीएमटी, पंजाब सर्कल ने कहा कि बीएसएनएल ने वर्ष 2023 में अपने सम्मानित ग्राहकों के लिए स्वदेशी 4जी नेटवर्क लांच किया है और 2000 संख्या में 4-जी साइटें स्थापित करके अपने नेटवर्क का विस्तार किया है। तो 4जी कवरेज पाने के लिए अपने नजदीकी सीएससी/फ्रैंचाइज़ी कार्यालय में जाकर अपने पुराने 2जी/3जी सिम को 4जी सिम के साथ निःशुल्क अपग्रेड करें। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल द्वारा पेश किया गया आकर्षक प्लान प्लान बीएसएनएल अपने सम्मानित ग्राहकों को किफायती मूल्य पर उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### प्लान वाउचर-699 और एसटीवी-91 में ये है खास

पीवी-699 के साथ रिचार्ज करने पर ग्राहकों को 150 दिनों के लिए असीमित वॉयस, असीमित डेटा और प्रतिदिन 100 एसएमएस मिलेंगे। एसटीवी -91 60 दिनों की वैधता के साथ वॉयस श्च 15पी/मिनट, डेटा श्च 1पी/एमबी, एसएमएस श्च25पी/एसएमएस प्रदान करता है। इस रिचार्ज ऑफर का लाभ उठाने के लिए केवल सीमित अवधि बची है।

# गर्मी का मौसम शुरू होते ही पीने वाले पानी को तरसे सन्नी एनक्लेव के निवासी

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग



कल से पानी की सप्लाई की समस्या सन्नी एंकलेव में आ रही थी। वीरवार को टीम लगाकर हमने लीकेज ठीक कर दी थी लेकिन दुबारा से लीकेज होने लगी तो आज हमारी टीम दुबारा से सारी लीकेज सही ढंग से ठीक कर रही है और आज रात की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**राकेश कुमार, जेई वाटर सप्लाई, नगर परिषद, जीरकपुर।**

**जीरकपुर ।** पंचकुला रोड पर स्थित पारस डाउन टाउन माल के साथ लगती सोसायटी सन्नी एंकलेव में पिछले तीन दिन से पीने वाले पानी की सप्लाई ना होने के कारण परेशान है। लोगों द्वारा खुद के टेंकर मंगवाकर काम चलाया जा रहा है। पीने वाले पानी के साथ साथ नहाने व कपड़े धोने के लिए भी पानी की किल्लत आ रही है। लोगों द्वारा पीने वाले पानी का इंतजाम खुद अपने खर्चे पर करना पड़ रहा है। सोसायटी निवासी रमन शर्मा, नगीना सिंह, एससी ढल, रविंदर चंदेल, अतुल जॉली, अनु, परमजीत कौर, ममता, शकुंतला देवी, सुषमा मिश्रा ने बताया कि बुधवार से पानी की सप्लाई में समस्या आ रही है। कभी पानी की सप्लाई कम आती है और कभी पानी बिलकुल ही बंद हो जाता है। लेकिन अब तो दो दिन से बिलकुल भी पानी नही आ रहा है। लोगों को टेंकर खुद के खर्चे पर लाने पड़ रहे हैं जबकि नगर परिषद को टेंकर भेजने चाहिए। वहीं लोगों ने बताया की उनकी सोसायटी के लोग पिछले कई सालों से हरेक गर्मी के मौसम में यह समस्या झेलते आ रहे हैं। लेकिन उनकी समस्या का स्थाई समाधान नही किया जा रहा है। लोगों ने बताया की अभी तो गर्मी शुरू हुई है और यह हालत पैदा हो गए हैं। यदि गर्मी बड़ी तो लोगों के क्या हालत होने। लोगों ने कहा की यह नगर परिषद अधिकारियों और ठेकेदारों की नाकामी है, के गर्मी के हर मौसम ने लारा लगाकर उनके तड़पने के लिए छोड़ दिया जाता है। हरेक वर्ष वह खुद टेंकरो से काम चलाते हैं। वहीं लोगों ने बताया की बुधवार को शिकायत के बाद ठेकेदार के कुछ लोग पानी की पाइप रिपेयर करने के लिए आए थे लेकिन उनकी लापरवाही के कारण लाइन ज्यादा टूट गई और अब अब लोगों को तीन दिन से परेशान होना पड़ रहा है। इसके बाद अभी दो दिन का समय ओर लगने की बात कहीं जा रही है।

## 28 अस्थि पुष्पों को श्री गंगा जी में किया विसर्जन




**पंचकूला (सुनील संघई)।** लावारिस मृतक प्राणियों की मोक्ष प्राप्ति हेतु सर्वपितृ मुक्ति एवं मानव कल्याण संस्था के संस्थापक कुमार पेंटर ने अपने साथियों सहित 28 अस्थि पुष्पों को हरिद्वार श्री गंगा जी में विसर्जन किया। इन अस्थियों में तीन अस्थि पुष्प बेसहारा परिवारों से दिए गए थे जो विसर्जन करने में असमर्थ थे इस अवसर पर कुमार की पत्नी पूनम,पंकज काटल दंपति, बलविंदर कुमार बब्बू दंपति, मानसी, हरप्रीत सिंह, संजीव कुमार, राहुल कुमार, शिव, अमित आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर पुरोहित संजय विशिष्ट जी ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सतीघाट पर अस्थि विसर्जन किया उसके उपरांत हर की पौड़ी पर स्नान आदि करके पिंडदान करवाया और उन्होंने कहा लावारिस मृतक प्राणियों की मोक्ष प्राप्ति के लिए कुमार पेंटर जो कार्य कर रहे हैं बहुत ही सराहनीय है और गंगा तट पर मोक्ष प्राप्ति के लिए किया अस्थि विसर्जन पिंडदान करवाना अक्षय फलदायक है इससे प्राणियों के पाप नष्ट हो जाते हैं।

# 8 मामलों में लोगों से धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश /रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** यूटी पुलिस ने वीरवार को भी अभियान चला कर भोलेभाले लोगों से ठगी करने वाले अलग अलग 8 मामलो में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**केस नबर एक :** जानकारी के मुताबिक सैक्टर 7 के रहने वाले शिकायतकर्ता नर शेर सिंह ने पुलिसको बताया कि वह उत्तर से पर अपने परिवार सहित रहता है। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल फोन पर कॉल किया और शिकायतकर्ता से कहा कि उनका बेटा अपने दोस्त के साथ अपहरण के अपराध में फंस गया है। अगर वह मामले को सुलझाना चाहता है तो उसे पैसे भेजने होंगे। शिकायतकर्ता ने 18 फरवरी 2024 को 72,000/- रुपये का भुगतान किया और बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी हुई है। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज़ कर जांच शुरु कर दी है।



**केस नबर तीन :** जिरकपुर के रहने वाले शिकायतकर्ता अरविंद कुमार ने पुलिस को बताया की अज्ञात व्यक्ति ने 25 जनवरी को ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से 99,000/- रुपये की ठगी की। मामले की जांच जारी है।

**केस नबर दो :** जानकारी के मुताबिक सैक्टर 37 के रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को बताया की सेक्टर 9 स्थित एक प्राईवेट इमीग्रेशन कंपनी के कर्मी ने विदेश भेजने के नाम पर उनके साथ 3,11,445 रूपए की ठगी की। पीड़ित को ना तो विदेश भेजा।और ना ही उनके लिए गए लाखों रुपए वापस किए। बाद में जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थीश्च पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज़ कर लिया।

**केस नंबर चार :** पंजाब के जिला पटियाला के रहने वाले शिकायतकर्ता अमरजीत सिंह ने पुलिस को बताया की सेक्टर 9 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन के अमनदीप एक महिला और अन्य ने शिकायतकर्ता के बेटे को विदेश भेजने के नाम पर 5,25,100 लाख रुपए की ठगी। ना तो उसे विदेश भेजा और ना ही लिए गए लाखों रुपए वापस किए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस जॉच के बाद उक्त आरोपियों पर मामला दर्ज़ कर लिया है।

**केस नबर पांच :** पंजाब के जिला संगरूर की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया की आरोपी कमल कुमार और अन्य ने शिकायतकर्ता के बेटे को विदेश भेजने के नाम पर 700,400 की ठगी की। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज़ कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नबर छ :** जिला अमृतसर के रहने वाले शिकायतकर्ता अमनदीप सिंह ने पुलिस को बताया की सैक्टर 9 स्थित के प्राईवेट इमीग्रेशन कंपनी के मनप्रीत और अन्य ने शिकायतकर्ता को विदेश भेजने के लिए 1,20,000/- रुपये की ठगी की। मामले की जांच जारी है।

**केस नंबर सात :** जिला संगरूर के रहने वाले शिकायतकर्ता सुखविंदर सिंह ने पुलिस को बताया की सेक्टर 17 स्थित एक प्राइवेट इमीग्रेशन कंपनी के कुलबीर सिंह और अन्य ने शिकायतकर्ता के बेटे को विदेश भेजने के नाम पर 7,28,720 मांगें। बाद में जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।

# इमोशनल कोशेंट व इंटेलिजेंस कोशेंट हैं सफलता की कुंजी : टीम कैंपस लाइव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** किसी भी व्यक्ति या संस्था की सफलता में हमारे आई क्यू व टीमवर्क, डिसीजन मेकिंग, लीडरशिप का बहुत बड़ा योगदान है, लेकिन इमोशनल कोशेंट के बारे में तो हम अनभिज्ञ हैं , जबकि आई क्यू और ई क्यु का मिलन ही सफलता की गारंटी है ।

जहां आई क्यु के बहुत से मापदंड हैं लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जमाने में अब इमोशनल कोशेंट को भी मापा जा सकता है ,और वह भी तुरन्त , शनिवार को 150 प्रिंसिपलों के हो रहे कॉन्क्लेव *संवाद* में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , सोशल मीडिया के न्यू एजुकेशन पालिसी पर प्रभाव के कर्टेन रेजर के मौके पर ई क्यू का लाइव डेमोंस्ट्रेशन आयोजित हुआ , और बड़े रोचक परिणाम सामने आए । एजुकेशन व साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट राजेश राणा ने बताया कि हमारी टीम कैंपस लाइव लगातार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शोध में लगी है , और आने वाले कुछ वर्षो में भारत सहित पूरे विश्व में एजुकेशन के परिदृश्य में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। टीम कैंपसलाइव के फाउंडर राजेश राणा ने बताया कि एआई की प्रगति ने कंप्यूटर समर्थित शिक्षा को एक नए युग में ला दिया है। मानव बुद्धि को शामिल करके, एक कंप्यूटर सिस्टम एक बुद्धिमान ट्यूटर, टूल या ट्यूटी के साथ-साथ शैक्षिक सेटिंग्स में निर्णय लेने की सुविधा प्रदान कर सकता है। एआई और शिक्षा के एकीकरण से शिक्षण और सीखने की गुणवत्ता में व्यापक सुधार के नए अवसर खुलेंगे , इसी पर विस्तृत चर्चा के लिए शनिवार को उत्तर भारत के 150 से अधिक प्रिंसिपल जुटेंगे , होटल पार्क प्लाजा में ।

# स्टाक में निवेश का लालच देकर डॉक्टर से 28.35 लाख ठगे

## फेसबुक पर आए एक लिंक पर क्लिक करते ही व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा था

**आरोपियों के अनुसार निवेश पर 300 फीसदी रिटर्न मिलने का किया दावा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली।** एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एक डॉक्टर से संपर्क कर स्टॉक में निवेश कर अच्छा मुनाफा देने का लालच देकर 28.35 लाख रुपये ठग लिए है। इस मामले में ठगी का शिकार हुए डॉ. संदीप ने पंजाब स्टेट साइबर क्राइम पुलिस को 30 अप्रैल को शिकायत दी थी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 व आईटी एक्ट की धारा 66 (सी) 66 (डी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में साइबर एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है।

डॉ. संदीप निवासी टॉवर-9 स्काई गार्डन सेक्टर-66/ए मोहाली ने बयान में कहा कि वह मोहाली के एक निजी अस्पताल में काम करते हैं। 19 फरवरी 2024 को वह फेसबुक अकाउंट पर स्क्रॉल कर रहे थे तो एक वेब लिंक मिला जो स्टॉक मार्केट में निवेश कर अच्छे मुनाफे का दावा करता था। उस वेब लिंक को उनकी आईडी पर पोस्ट किया गया था। लिंक में यू-ट्यूबर और स्टॉक इन्वेस्टमेंट कोच अक्षत श्रीवास्तव की फोटो लगी थी। उसने अधिक जानकारी लेने के लिए जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उन्हें तुरंत एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया। उस व्हाट्सएप ग्रुप का नाम द वैल्यू टीम ए-21 था। यह ग्रुप 16 जनवरी 2024 को बनाया गया था। उसे 19 फरवरी 2024 को उक्त समूह में जोड़ा गया था। ग्रुप के एडमिन अंजना कपूर, प्रियंका शर्मा व कुछ अज्ञात नंबर वाले थे। इसी दिन कई व्यक्ति ग्रुप इनवाइट लिंक के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल हुए। इसके बाद अंजना कपूर ने खुद को ग्रुप का मैनेजर बताया। अंजना ने ग्रुप में सभी जुड़े हुए मेंबर को भारतीय शेयर बाजार में निवेश और ट्रेडिंग के बारे में बताया।

अंजना कपूर ने ग्रुप में अविनाश अग्रवाल का परिचय गुरु के रूप में कराया और बताया कि वह उनके सहायक हैं। उन्होंने आगे बताया कि अविनाश अग्रवाल सही स्टॉक और निवेश के बारे में सिखाएंगे। ग्रुप में बताया गया कि अविनाश अग्रवाल 12 साल से गोल्डन सेचिस एशिया पैसिफिक में प्रिंसिपल इन्वेस्टमेंट एनालिस्ट हैं और 20 साल से इक्विटी रिसर्च में लगे हुए हैं। कंपनी की बातों से प्रभावित होकर उन्होंने शुरुआत में 1 लाख रुपये स्टॉक मार्केट में निवेश कर दिए। उनके द्वारा अपनाई गई विधि यह थी कि जब भी उसके अपने संस्थागत खाते में कुछ धनराशि जमा की जाती तो स्टॉक खरीदने के लिए मैसेज आ जाता। उसने इस तरह समय-समय पर निर्देशित शेयरों को खरीदकर शेयर बाजार में अधिक धनराशि निवेश करना शुरू कर दिया। आरोपियों के अनुसार निवेश पर 300 फीसदी रिटर्न मिलने का दावा किया गया और मुनाफे के साथ सभी फंड निकाले जा सकते थे। उन्हें निवेशक से अर्जित कुल मुनाफे का 25 फीसदी मिलना था। उनका खाता कुछ लाभ दर्शा रहा था, इसलिए यह देखने के लिए कि क्या वह मुनाफे को निकालने में सक्षम है तो उसने 5 हजार की राशि निकाल ली। उन्होंने उसे इतनी रकम निकालने की इजाजत दे दी, जिससे वह उन पर और भी ज्यादा भरोसा करने लगा। इसके बाद उन्होंने कंपनी में अलग अलग समय पर कुल 28.35 लाख रुपये निवेश कर दिए। बाद में फर्जी कंपनी ने न तो उसका पैसा रिफंड किया और न ही मुनाफा दिया, जिसके बाद उसने स्टेट साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद फर्जी स्टॉक कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# नगर निगम सामुदायिक और शहरी स्वच्छता मानक में सुधार के लिए प्रतिबद्ध

## स्वच्छता की मोहर पहल के तहत जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए दो सप्ताह का अभ्यास शुरू

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की स्वच्छता यात्रा पर स्थायी प्रभाव डालने, जागरूकता बढ़ाने और शहर में सैनिटरी कचरे के पृथक्करण और प्रबंधन को बढ़ाने के उद्देश्य से, एमसी चंडीगढ़ ने 'स्वच्छता की' के तहत दो सप्ताह तक चलने वाला अभ्यास शुरू किया है। मोहर÷ पहल। यह अभ्यास, जो अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के साथ मेल खाता है, का उद्देश्य प्रभावी स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन पर नगरपालिका कर्मचारियों और नागरिकों दोनों को शिक्षित और सशक्त बनाना है। पहल की शुरुआत में, नगर निगम की विशेषज्ञ टीम ने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), औद्योगिक क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। सत्र ने अन्य अपशिष्ट धाराओं से सैनिटरी कचरे को अलग करने के महत्व को रेखांकित किया, जिसका उद्देश्य स्वच्छ और हरित भारत की राह पर एक अमिट छाप छोड़ना है।

अगले दो हफ्तों के दौरान, इस अभ्यास में सभी एमआरएफ कर्मचारी, फील्ड स्टाफ और घर-घर कचरा इकट्ठा करने वाले शामिल होंगे। उन्हें उचित स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, टीम नागरिकों को ÷स्वच्छता÷ माने जाने वाले कचरे के प्रकारों के बारे में शिक्षित करने और पर्यावरण-अनुकूल मासिक धर्म स्वच्छता विकल्पों पर जानकारी प्रदान करने के लिए शहर भर के घरों का दौरा करेगी।

नगर आयुक्त सुश्री अनिंदिता मित्रा, आईएएस ने कहा कि नगर निगम के प्रयासों के पहले ही ठोस परिणाम सामने आ चुके हैं। प्रारंभ में, सैनिटरी कचरे का दैनिक संग्रह केवल 12-15 किलोग्राम था। हालाँकि, पिछले दो वर्षों में, दैनिक संग्रह बढ़कर 650-700 किलोग्राम हो गया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार, सैनिटरी कचरे को जलाकर संसाधित किया जाना चाहिए, और नगर निगम अधिकृत बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रसंस्करण एजेंसी, एलायंस केयर के माध्यम से ऐसा कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम अलग-अलग कचरे के 100 प्रतिशत संग्रह की दिशा में आगे बढ़ रहा है, इस अभ्यास से निगम को शहर में स्वच्छता कचरे के प्रबंधन को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

दो सप्ताह के 'स्वच्छता की मोहर÷ अभियान का उद्देश्य कचरा पृथक्करण और प्रबंधन में हुई प्रगति को आगे बढ़ाना है, जिसमें जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को अपने स्वच्छता कचरे को प्रभावी ढंग से अलग करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### संयुक्त किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र और भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह की टीम ने किया इंडिया गठबंधन का समर्थन

# झूठों के सरदार बन चुके मुख्यमंत्री नायब सैनी : सुशील गुप्ता

- 18 मई को कुरुक्षेत्र लोकसभा के दौरे पर रहेंगे पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान
- खुले मंच पर आकर मेरे साथ बहस करे मुख्यमंत्री नायब सिंह
- मीडिया को भी खामोश करने की कोशिश कर रहे नायब सिंह
- 5 जून को इनकी सरकार पलट रही, एक एक भ्रष्टाचार का हिसाब लेगा इंडिया गठबंधन



अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 17 मई।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर सीएम नायब सिंह को घेरा। इस दौरान संयुक्त किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र और भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह की टीम ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया। इनमें प्रदेश महासचिव संजीव आसापुर, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष संजु नंबरदार, प्रदेश प्रवक्ता जयभगवान काला, प्रदेश प्रचार मंत्री सूरज कपूर, दिलबाग सिंह, गुरजेंट सिंह, शीशन बुरा नंबरदार, मनू बुरा, विपिन आलमपुर, रघबीर बिल्लू, सुनील बतान, बिंद्र चंद्र भानपुर, दिनेश किरमच, रोशन खेड़ी रामनगर, हेमराज तायल, नरेंद्र जोगनाखेड़ा, राजेश बूरा और सुमित संगरोहा समेत सैंकड़ों किसानों ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कुरुक्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुरुक्षेत्र में लगातार प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का आशीर्वाद मिलता जा रहा है। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा का दौरा किया था। जिसमें जनता का भरपूर समर्थन देखने को मिला। इसी कड़ी में 18 मई को पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान कुरुक्षेत्र लोकसभा पहुंच रहे हैं। सुबह 10 बजे पूंडरी पहुंचेंगे, दोपहर 2:00 गुहला के सीवन, दोपहर 3:00 पेहवा के इस्माइलाबाद और शाम साढ़े 4:30 बजे शाहबाद में रोड शो करेंगे। पंजाब सीएम सरदार भगवंत मान को सुनने के लिए कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता काफी उत्साहित है।

### कुछ समय की बात है अब इनकी सरकार पलट रही है

सुशील गुप्ता ने मीडिया से कहा कि कुछ समय की बात है अब इनकी सरकार पलट रही है। 5 जून के बाद तो गवर्नर भी बदल जाएंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है, एक एक भ्रष्टाचार का हिसाब लिया जाएगा। इंडिया गठबंधन का हर जगह जलेबी, लड्डू और चुरमे के साथ स्वागत किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र में इंडिया गठबंधन को बैलेट नंबर 5 मिला है। पांडव भी पांच थे जिन्होंने कुरुक्षेत्र की धरती से विजय प्राप्त की। उन पांच के साथ धर्म, न्याय, सत्य और भगवान श्री कृष्ण थे। हमारे साथ भी भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि आज कुरुक्षेत्र में जो 80 साल से ऊपर हैं उनकी पोलिंग चल रही है। लेकिन उन्होंने बैलेट बॉक्स को सील कराने के लिए आम आदमी पार्टी के किसी नुमाइंदे से साइन नहीं कराए। मैं आरओ कुरुक्षेत्र और कैथल को कई बार फोन कर चुका हूं लेकिन मेरा फोन नहीं उठा रहे। मैं देश के मुख्य चुनाव से कहना चाहता हूं कि ऐसा एक तरफा व्यवहार सही नहीं है। यदि नोटिस देकर और फोन करके हमें बुलाते तो हम जरूर जाते, हम लिखित में इस मामले की शिकायत करेंगे।

### बीजेपी पूरी तरह से डरी हुई है: गुप्ता

गुप्ता ने कहा कि बीजेपी बुरी तरह से डरी हुई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने नेशनल चैनल पर मेरा नाम लेकर सफेद झूठ बोला। पीएम मोदी तो झूठों के सरदार थे ही अब हरियाणा के मुख्यमंत्री भी झूठों के सरदार बन चुके हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि वो अपने पद की गरिमा रखे और झूठ बोलना बंद करे। मैं उनको चुनौती देता हूं कि खुले मंच पर आकर मेरे साथ बहस करे। चैनल और एंकर सब उनके पंसद को होगा, जहां कहेंगे मैं पहुंच जाऊंगा और नायब सिंह के झूठ का पर्दाफास करूंगा। जनता समझ रही है कि कौन गुमराह कर रहा है। जब बाढ़ आई थी नायब सिंह कुरुक्षेत्र से गायब थे और मैं पानी में जनता के साथ घुम रहा है। वो बताएं कि विदेश में किस जगह घूम रहे थे।उन्होंने कहा सीएम नायब सिंह बताए कि जब खेतों में कई कई फीट रेता चढ़ गया था, जब नहरों के बांध टूट गए थे, जब बीजेपी ने बनी बनाई दादुपुर नलवी नहर तुड़वाई तब वो कहां थे। तब कहां रहते हैं जब कुरुक्षेत्र में पीने के पानी की कीलत होती है। नायब सिंह ने जो टैंकर माफियाओं के सिर पर हाथ रख रखा है इनके सारे पर्दाफाश करूंगा। आज नायब सिंह कुरुक्षेत्र में एक काम नहीं गिनवा सकते जो उन्होंने किया हो। बीजेपी लोगों को केवल जाति और धर्म के नाम पर गुमराह करती है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती पीठ दिखाकर भागने वालों को माफ नहीं करती। नायब सिंह आज मीडिया को भी खामोश करने की कोशिश कर रहे हैं। जहां ब्रह्मसरोवर पर सदियों से मीडिया आता रहा है, वहां पर पैसे लेने शुरू कर रहे हैं। जो नायब सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। मीडिया चैनल ये शिकायत कर रहे हैं कि मीडिया प्रोग्राम करने की इजाजत के लिए रिश्वत मांगी जा रही है और अलग से एक नंबर पर पैसे मांगे जा रहे हैं। नायब सिंह ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं।

## -हैल्थ केयर कॉर्नर-

## डिप्रेशन : लंबी उदासी



**शिखा जैन**
**मेंटल हेल्थ काउंसलर**
**जी.एम.सी.एच-32, चंडीगढ़**

'कभी खुशी, कभी गम' करण जौहर की बेहद सफल फिल्म थी। मनुष्य के जीवन में खुशी और गम अर्थात् उदासी का क्रम चलता ही रहता है। परंतु क्या हो, यदि यह गम का मौसम, यह उदासी का सिलसिला कभी खत्म ही न हो। नायक इरफान खान पर फिल्माए गए इस गाने के बोल बड़ी सटीकता से इस लंबी उदासी के एहसास को समझाते हैं: 'मैंने दिल से कहा, ढूंढ लाना खुशी; नासमझ लाया गम, तो ये गम ही सही'। मनोचिकित्सा की भाषा में इसे डिप्रेशन (अवसाद) का नाम दिया गया है।

कोई अच्छा खासा हंसता बोलता इंसान अचानक से चुपचाप व विचारों में खोया रहने लगे, हंसी की बात पर हंस न पाए, खुशी की बात पर खुशी अनुभव न कर पाए, या तो बहुत अधिक खाने लगे या फिर बिल्कुल न खाए, नींद भी उसे या तो बहुत ज़्यादा आने लगे या फिर सोने में बहुत ही परेशानी हो, गुस्सा अधिक आने, चिड़चिड़ापन होने लगे, किसी काम में ध्यान न लग पाए, किसी से मिलना बोलना अच्छा न लगे, अपना पसंदीदा काम भी अच्छा न लगे, जीवन बेकार लगने लगे, निराशा रहने लगे और यहां तक कि आत्महत्या के भी विचार आने लगें; तो समझ लें कि वह इंसान डिप्रेशन से पीड़ित है व उसे मदद की सख्त ज़रूरत है।

ऐसे लोगों की आलोचना करने से बचें, क्योंकि डिप्रेशन जैसा मानसिक रोग किसी को भी, कभी भी हो सकता है; बिना किसी आयु सीमा के। इसके कारण तो कई हो सकते हैं, परंतु निदान एक ही है: स्वीकृति व सहयोग। डिप्रेशन को भी अन्य शारीरिक रोगों की तरह स्वीकार करें तथा शीघ्र मनोचिकित्सक तथा काउंसलर की मदद लें। परिवार व समाज का सहयोग, ही ठीक कर सकता है मानसिक रोग।

### जेबीटी शिक्षकों को दो माह से नहीं मिला वेतन, रिपोर्ट तलब

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** प्रदेशभर में जेबीटी शिक्षकों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। मौलिक शिक्षा निदेशक ने आज इस संबंध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि वेतन रिलीज नहीं होने के कारणों का पता लगाते हुए तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्यालय की ओर से प्रोफार्मा भेजा गया है, जिसमें जिला, पीआरटी व जेबीटी की वर्तमान समय में नियुक्ति, पे-कोड और तनख्वाह नहीं मिलने के कारण उल्लेखित करना होगा।


**स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. एस/05/2024-25 तारीखः 15-05-2024। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्ननिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं: .

**क्रमिक संख्या. 1। निविदा संख्या. 30/23/5072/ओटी/32/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 03-06-2024

**संक्षिप्त विवरण:** (1) आरडीएसओ डीआरजी सं. सीजी-19005 और डीआरजी नंबर 18246 (संदर्भ आरडीएसओ पत्र सं. एमसी/एलएचबी/ब्रेक। दिनांक: 27-02-2019) के अनुसार मैसर्स केबीआईएल मेक, एयर ब्रेक सिस्टम के लिए कनेक्टर के साथ संशोधित जंक्शन बॉक्स सहित डब्ल्यूएसपी संशोधित वायरिंग की रेट्रोफिटमेंट की आपूर्ति और स्थापन। मैक: केएनओआरआर ब्रेमसे या उसी प्रकार के = 50 संख्यक एवं 2) आरडीएसओ डीआरजी संख्या. सीजी-19005 और डीआरजी संख्या 18246 (संदर्भ आरडीएसओ पत्र संख्या। एमसी/एलएचबी/ब्रेक। तारीखः 27-02-2019) के अनुसार मैसर्स एफटीआईएल मैक, एयर ब्रेक सिस्टम के लिए कनेक्टर के साथ संशोधित जंक्शन बॉक्स सहित डब्ल्यूएसपी संशोधित वायरिंग के रेट्रो फिटमेंट की आपूर्ति और स्थापन। मैक:-एफएआईवीईएलईवाई या उसी प्रकार के = 50 संख्यक, डी एंड जी शुल्क सहित अनुलग्नक ए और ए 1 के अनुसार अनुमानित मूल्य। पीबी आइटम नंबर 1270/22-23 (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], परिमाण-एसएसई /सी / आईसी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 100 संख्यक। पी.एल. नं- 339890750044।

**क्रमिक संख्या. 2। निविदा संख्या. 61/24/5126/ओटी/33/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 27-05-2024

**संक्षिप्त विवरण:** 1) आरडीएसओ डीआरजी. संख्या. टी-4218 के अनुसार, नायलॉन प्रबलित ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स 6 मिमी मोटी 12 में 1 के लिए 60 किग्रा पीएससी स्लीपरों के ऊपर रेल को नीचे रखने के लिए रेल पैड के लिए आईआरएस स्पेसिफिकेशन के अनुरूप, एसएल संख्या. टी-55-2023। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0] परिमाणः एसएसई/पीवे/टीडी/बंगाईगॉव, एनएफआर (असम) के लिए 353 सेट, पीएल संख्या- 60110909।

**क्रमिक संख्या. 3। निविदा संख्या. 61/24/5111/ओटी/34/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 29-05-2024

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ डीआरजी संख्या. टी-8838 और आईआरएस स्पेसिफिकेशन संख्या टी-39 के अनुसार 60 किग्रा (यूआईसी) रेल के लिए थिक वेब स्विच एक्सपेंशन जॉइंट (टीडब्ल्यूएसईजे) के लिए प्रेस्ट्रेसेड कंक्रीट स्लीपर का निर्माण और आपूर्ति। (छठा संशोधन मार्च, 2021) नवीनतम परिवर्तन के साथ, वर्क्स स्टेशन/वर्क्स साइडिंग के लिए यदि कोई हो 60 किग्रा (यूआईसी) रेल के उपयोगी होने वाले इसके ऊपर पार्ट ड्रायिंग और यथोचित रुप से सड़क वाहन/रेलवे वागनों में लोड। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 60 महीने] (निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: स्टेजेस: 0)। परिमाणः एसएसई/सीएस/एचक्यू, एनएफआर (असम) के लिए 3208 संख्यक। पीएल संख्या. - 600500361442।

**क्रमिक संख्या. 4। निविदा संख्या. 30/23/1442/ओटी/35/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 30-05-2024

**संक्षिप्त विवरण:** बीजी एलएचबी पैसेंजर कोचेस, एमएटी स्पेक: आरडीएसओ/2011/सीजी-03 (आरईवी-03) के लिए सपोर्टिंग डिवाइस असेंबली कामप्लिट। (सीबीसी के लिए आरडीएसओ स्त्रोतों से प्रापण किया जाना है)। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0] 1) परिमाण- न्यू बंगाईगॉव/वर्कशाप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 200 सेट 2) परिमाण- डिब्रूगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 200 सेट। पीएल संख्या- 33505536

**क्रमिक संख्या. 5। निविदा संख्या. 61/24/5110/ओटी/36/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 29-05-2024

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ के डीआरजी सं टी -6155 के अनुसार 10125 मिमी घुमावदार स्विचों का विनिर्माण और आपूर्ति। (नवीनतम विकल्पों के साथ) जेडयू 1-60 मोटी वेब ग्रेड 880 क्लास-ए टंग रेल और यूआईसी 60 किलोग्राम प्रति मीटर ग्रेड -880 के साथ, लोचदार फास्टेनरों और स्प्रींग संचालित सेटिंग डिवाइस के साथ क्लास ए या बी स्टॉक रेल [आरडीएसओ-टी -6216 नवीनतम परिवर्तनों के साथ] 12 में 1 के लिए सभी फिटिंग के साथ कामप्लिट, पीएससी स्लीपरों पर फेन शेपड के लेआउट के लिए बीजी 60 किलो टर्ण अउट यानी उप असेंबली नंबर टी -6155 के अनुसार स्विच पोर्शन के लिए सभी फिटिंग [नवीनतम परिवर्तन के साथ] मानक फिश प्लेट, फिश बोल्ट और नट को छोड़कर, इलास्टिक रेल क्लिप्स और इंसुलेटिंग लाइनर्स [एएलटी-5 के अनुसार फिटिंग की अनंतिम सूची दर संविदा के अनुबंध-क के पृष्ठ 4 पर संलग्न है। निविदा बंद होने की तारीख तक अगला परिवर्तनों में आरडीएसओ द्वारा जारी फिटिंग की सूची में कोई भी परिवर्धन/संशोधन भी फर्म द्वारा प्रदान किया जाना है, जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा, स्पेसिफिकेशन: टी-10/2000। दिसंबर 2016 का शुद्धिपत्र संख्या 1 या नवीनतम परिवर्तन के साथ, यदि निविदा बंद करने की तारीख तक कोई हो] [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हैं। स्टेजेस: 1) परिमाण- एसएसई / पी.वे/टीडी/बंगाईगॉव, एनएफआर (असम) के लिए 130 सेट। पीएल संख्या. -60060268।

**क्रमिक संख्या. 6। निविदा संख्या. 61/24/5115/ओटी/37/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 31-05-2024

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ डीआरजी. संख्या. टी-6618 के अनुसार 60 किलो पीएससी स्लीपरों के लिए हॉर्न के साथ प्लेटेड 6.2 मिमी मोटी कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल का निर्माण और आपूर्ति। 2017 के संशोधन संख्या 2 के साथ रेल को आरडीएसओ/एमएंडसी/आरपी-198/2006 (प्रावधान) के नीचे रखने के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट्स के लिए आईआरएस स्पेसिफिकेशन के अनुरूप। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0)। परिमाणः एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगॉव, एनएफआर (असम) के लिए 290500 संख्यक। पी.एल. संख्या.-60112700।

**क्रमिक संख्या. 7। निविदा संख्या. 40/24/0543/ओटी/38/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 04-06-2024

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/एसी/0177 (आरईवी 1)-2013 के अनुरूप 500 एम्पियर, 750 वी, ईओजी टाइप एसी कोच / पावर कार के लिए इंटरवेह्किुलर (IV) कपलर यूनिट। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0] 1) परिमाण- न्यू बंगाईगॉव/वर्कशाप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 120 संख्यक 2) परिमाण- डिब्रूगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 120 संख्यक 3) परिमाणः कटिहार/जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए- 2 संख्यक 4) न्यू जलपाईगुड़ी/जीएसडी, एनएफआर (पश्चिम बंगाल) के लिए 2 संख्यक 5) पांडु/जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 40 संख्यक। पीएल संख्या. 45218948।

**क्रमिक संख्या. 8। निविदा संख्या. 61/24/5058ए/ओटी/39/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 30-05-2024

**संक्षिप्त विवरण:** 1) वाइडर कर्व स्लैक गेज स्लीपर 1675 मिमी डीआरजी संख्या. टी - 8979 = 310 संख्यक। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: नहीं। स्टेजेस: 0]। परिमाण- वरिष्ठ खंड अभियंता/पी-वे/न्यू हॉफलांग, एनएफआर (असम) के लिए 310 संख्यक। पी.एल. नं- 60111008। 2) वाइडर कर्व स्लैक गेज स्लीपर 1675 मिमी, डीआरजी नं. टी-8982 [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0) परिमाण- वरिष्ठ खंड अभियंता/पी.वे/न्यू हाफलांग, एनएफआर (असम) के लिए 2556 संख्यक। पीएल संख्या.- 60190206। 3) वाइडर कर्व स्लैक गेज स्लीपर 1675 मिमी डीआरजी संख्या. टी -8980 [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0]। परिमाण- वरिष्ठ खंड अभियंता/पी-वे/न्यू हॉफलांग, एनएफआर (असम) के लिए 310 संख्यक, पी.एल.संख्या.- 601902060। 4) वाइडर कर्व स्लैक गेज स्लीपर 1675 मिमी, डीआरजी संख्या -8981 [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0]। परिमाण-वरिष्ठ खंड अभियंता/पी.वे/न्यू हॉफलांग, एनएफआर (असम) के लिए 310 संख्यक, पीएल नंबर-6019020600।

**क्रमिक संख्या. 9। निविदा संख्या. 60/23/5066बी/ओटी/40/2024-25** बंद/खुलने की तारीखः 24-05-2024

**संक्षिप्त विवरण:** 1) तकनीकी स्पेसिफिकेशन की आवश्यकता को पूरा करने वाले बेसिक ट्रैवर्स की खर्च [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 24 महीने] [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0] परिमाण- एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 संख्यक, पीएल संख्या- 659018400010। 2) अनुच्छेद-V के दफा 5 के अनुसार दो साल के लिए सामान्य संचालन और रखरखाव के पूर्जे (यह ध्यान दिया जाए कि ये पुर्जे अनुसूची-1 के तहत उल्लिखित अतिरिक्त पुर्जों के बरकर हैं) [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी नहीं. स्टेजेस 0] परिमाण-एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 संख्यक। पी एल संख्या. -65901843। 3) अनुच्छेद खंड IV के दफा 4.3 में निर्धारित व्यक्तिगत आईटम के ब्रेक अप के साथ वैकल्पिक एक्सेसर्ट [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी : नहीं, स्टेजेस: 0)। परिमाण- एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट, पीएल संख्या- 65901844। 4) लागू होने वाले व्यक्तिगत आईटम के विवरण के साथ अनुच्छेद V के दफा 6 के अनुसार कॉनज्यूमेबलस। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0]। परिमाणः एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रुगड़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल संख्या. - 65901845. 5) अनुसूची में निर्दिष्ट अतिरिक्त पुर्जो/मदों की लागत [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस : 0]। परिमाण-एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम)के लिए 1 सेट। पीएल-संख्या. 65901846। 6) दफा 17 के अनुसार वारंटी के बाद पांच साल के लिए विस्तृत एएमसी की खर्च। [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0]। परिमाणः एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल. संख्या.- 65901840। 7) किसी अन्य सहायक उपकरण की लागत जो आपूर्तिकर्ता की राय में मशीन को पूरी तरह कार्यात्मक बनाने के लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक है [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0)। परिमाणः एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम) के लिए 1 सेट। पीएल संख्या.- 65901841। 8) ट्रैवर्सर, डीएसएल और सपोर्ट मास्ट की स्थापना और कमीशनिंग की खर्च (अनुसूची-I में निर्धारित आवश्यकता के अनुसार) [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी- नहीं। स्टेजेस: 0] परिमाणः एसएसई/एमडब्ल्यूएस/डिब्रूगढ़ वर्कशॉप, एनएफआर (असम)के लिए 1 सेट। पीएल-65901842।

विस्तृत तथ्यों के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर अवलोकन करें।

पीसीएमएम, मालीगॉव

पूर्वोत्तर सीमा रेल
"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"


# आठ साल से चवालीस करोड़ दबा कर बैठे हैं आसवानी ठेकेदार

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द जैन

**करनाल, 17 मई।** हरियाणा में करनाल के डिफॉल्टर शराब ठेकेदार 8 साल से सरकार का लगभग 44 करोड़ रुपए दबाए बैठे हैं। आबकारी एवं कराधान विभाग डिफॉल्टरों से रिकवरी भी नहीं कर पाया है। अचानक उजागर हुए इस मामले में आबकारी एवं कराधान डिपार्टमेंट खुद को क्लीन चिट देने के लिए अब नोटिस नोटिस के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है, ताकि वह सरकार को दिखा सके कि हमने तो नोटिस देने की कार्रवाई की है। लेकिन सवाल तो यह उठता है कि अधिकारियों की डिफॉल्टरों पर इतनी मेहरबानी क्यों रही? करनाल में शराब ठेकेदार डिफॉल्टर आज से नहीं चल रहे, बल्कि 2015 से चल रहे हैं और 2015 के बाद भी चेहेतों को शराब के ठेके अलॉट हुए। इन डिफॉल्टरों ने दूसरी फर्म बनाकर ठेके अलॉट करवाए। ऐसा बिना किसी अधिकारी की परमिशन के नहीं हो सकता। सवाल यह भी है कि जब संबंधित ठेकेदार डिफॉल्टर हो चुका था तो बार-बार उन्हें ही ठेके क्यों अलॉट हुए।किन लोगों को जारी किया गया है नोटिस 8 साल बीत चुके हैं और डिफॉल्टर सरकारी पैसे से मौज ले रहे हैं, लेकिन यह किसकी शह पर संभव हो पाया है, यह भी जांच का विषय है। अब ष्ठश्वञ्जष्ट नीरज ने 31 डिफॉल्टरों को नोटिस जारी किया है। यह डिफॉल्टर आज के नहीं बल्कि 2015 से लेकर 2019 और 2023 के हैं। हालांकि डिपार्टमेंट का कहना है कि इस वर्ष का करीब 99 प्रतिशत बकाया आ चुका है। अब पिछला बकाया लेने के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। यह बकाया डिफॉल्टरों की संपत्ति से वसूली करने के लिए आगामी कदम उठाएगा। कैसे चलता था ठेके अलॉट करवाने का खेल-जानकारी अनुसार जिला आबकारी विभाग में शराब ठेकेदार अपने रिश्तेदारों, जानकारों के साथ मिलकर एक फर्म बनाते थे और फिर विभाग से शराब के ठेके अलॉट कराते हैं। बाद में वह शराब के ठेकों की फीस जमा नहीं कराते और लाखों, करोड़ों रुपए का गबन कर लेते हैं। इसके बाद वहीं शराब ठेकेदार दोबारा किसी अन्य नाम से नई फर्म बनाते हैं और फिर से गबन किए हुए सरकार के लाखों करोड़ों रुपयों से दोबारा शराब के ठेके छुड़वा लेते और फिर से शराब के ठेकों की फीस जमा नहीं कराते और दोबारा लाखों करोड़ों रुपए के देनदार बन जाते।किस ठेकेदार पर कितनी देनदारी अगर बात की जाए दोबारा किन किन लोगों को ठेके अलॉट किए गए और उन पर कितने की देनदारी थी तो इसमें सबसे ऊपर नाम मुकेश बलड़ी का है। उसको 2016 व 2018 व 2019 में ठेके दिए गए और इस पर 4 करोड़ 41 लाख 445 रुपए बकाया है। इसी तरह रघुबीर सिंह बलडी पर 1 करोड़ 45 लाख 81 हजार 523 रुपए, हरिंद्र पाल सिंघड़ा पर 2 करोड़ 68 लाख 37 हजार 861 रुपए, प्रदीप मंगलौरा 94 लाख 38 हजार 538 रुपए, सोनू जींद पर 22 लाख 71 हजार 788 रुपए, सत्यवान निगदू पर 21 लाख 68 हजार 697 रुपए व दीपक बलड़ी पर 12 लाख 77 हजार 680 रुपए बकाया हैं। किसको जारी हुए है नोटिस और कितने देने हैं पैसे अब नोटिस जारी किए गए हैं।


**अधिसूचना**

संख्या: E/254/Q/Teacher दिनांक: 13-05-2024

**बाणीमन्दिर रेलवे एच.एस. स्कूल, सिलीगुड़ी जंक्शन और रेलवे गर्ल्स हाई स्कूल, न्यू जलपाईगुड़ी में संविदात्मक अंशकालिक स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू।**

**बाणीमन्दिर रेलवे एच.एस. स्कूल, सिलीगुड़ी जंक्शन और रेलवे गर्ल्स हाई स्कूल, न्यू जलपाईगुड़ी** में शिक्षकों के निम्नलिखित खाली पदों को भरने के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रदान करने के लिए पूरी तरह से संविदात्मक **"वॉक-इन-इंटरव्यू"** आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यकाल **200 कार्य दिवसों** (दो सौ कार्यकाल का दिन) से कम समय के लिए निश्चित समेकित मासिक पारिश्रमिक या रेलवे नियुक्ति बोर्ड से नियमित रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति या नियमित रेलवे कर्मचारी की उपलब्धता पर जो भी पहले हो या समय-समय पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी किए गए आगे के निर्देशों के अनुसार अंशकालिक आधार पर यह नियुक्त होगी।

1. संविदात्मक अंशकालिक नियुक्ति के लिए शिक्षकों की खाली पदों का विवरण निचे दर्शाया गया है :

| क्र. सं. | शिक्षकों की श्रेणियाँ, विषय और स्कूल | सामदायिक अनुसार विभाजित | | | | | कुल खाली पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एससी | एसटी | ओबीसी | यूआर | ईडब्ल्यूएस | |
| 1. | स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी): बाणीमन्दिर रेलवे हाई स्कूल, सिलीगुड़ी जंक्शन के अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम के लिए: | | | | | | |
| (i) | पीजीटी (इतिहास) = 01 | 01 यूआर | | | | | 07 |
| (ii) | पीजीटी (राजनीति विज्ञान) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| (iii) | पीजीटी (भूगोल) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| (iv) | पीजीटी (हिंदी) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| (v) | पीजीटी (अर्थशास्त्र) = 01 | 01 ओबीसी | | | | | |
| (vi) | पीजीटी (रसायन विज्ञान) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| (vii) | पीजीटी (शारीरिक शिक्षा) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| 2. | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) : बाणीमन्दिर रेलवे हाई स्कूल, सिलीगुड़ी जंक्शन के अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम के लिए : | | | | | | |
| (i) | टीजीटी (अंग्रेजी) = 01 | 01 यूआर | | | | | 05 |
| (ii) | टीजीटी (हिंदी) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| (iii) | टीजीटी (बंगाली) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| (iv) | टीजीटी (सामाजिक विज्ञान) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| (v) | टीजीटी (विज्ञान) = 01 | 01 ओबीसी | | | | | |
| 3. | प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी) : बाणीमन्दिर रेलवे हाई स्कूल, सिलीगुड़ी जंक्शन के अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम के लिए : | | | | | | |
| (i) | पीआरटी = 01 | 01 यूआर | | | | | 02 |
| (ii) | पीआरटी = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| 4. | शिल्प शिक्षक:बाणीमन्दिर रेलवे हाई स्कूल, सिलीगुड़ी जंक्शन के अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम के लिए : | | | | | | |
| (i) | शिल्प शिक्षक = 01 | 01 यूआर | | | | | 01 |
| | न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे गर्ल्स हाई स्कूल, न्यू जलपाईगुड़ी के अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) : | | | | | | |
| (1) | टीजीटी (अंग्रेजी) = 01 | 01 यूआर | | | | | 04 |
| (2) | टीजीटी (विज्ञान) = 01 | 01 ओबीसी | | | | | |
| (3) | टीजीटी (हिंदी) = 01 | 01 एससी | | | | | |
| (4) | टीजीटी (शारीरिक शिक्षा) = 01 | 01 यूआर | | | | | |
| | कुल पद = | 01 | 00 | 03 | 15 | 00 | 19 |

**साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान : 05-06-2024, 06-06-2024 और 07-06-2024; रिपोर्टिंग का समय : सुबह 09:00 बजे; वॉक इन इंटरव्यू शुरू होने का समय : सुबह 10:00 बजे ; स्थान: एडीआरएम के कार्यालय, न्यू जलपाईगुड़ी;** दस्तावेज **सत्यापन** और साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की रिपोर्टिंग।

**टिप्पणी:** अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर साक्षात्कार को आवश्यकता के अनुसार अगले दिन तक बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक उम्मीदवार जो निर्धारित योग्यता को पूरा करते हैं, वे उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित और नवीनतम रंगीन फोटो को चिपकाने के साथ संलग्न आवेदन पत्र भर सकते हैं। अधिसूचना के विवरण और आवेदन पत्र निचे दिए गए वेबसाइट पते से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

विस्तृत दस्तावेज पूर्वोत्तर सीमा रेल की वेबसाइट **www.nfr.indianrailways.gov.in→ General Info →Departments→Personnel→Notice Board** और **http://railwayschools.nfreis.org/** पर भी उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबंधक (पी), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा कुरुक्षेत्र जिला में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को भी कुरुक्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में रहते हैं और लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लोगों की, लोगों के लिए तथा लोगों द्वारा सरकार चुनी जाती है। लोकसभा चुनाव इस लोकतंत्र के महायज्ञ की सबसे बड़ी इकाई प्रक्रिया है। चुनावों के द्वारा हम अपने देश गांव, शहर के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के विकास को सुनिश्चित करते हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व के महायज्ञ में हमे अपने मत के रूप में आहुति जरूर से जरूर डालनी चाहिए। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया द्वारा अपनी को स्पांसर डाबर इंडिया द्वारा सभी को रियल जूस वितरित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विक्की सैनी, समीर सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना की वॉलंटियर स्नेहा मित्तल, राजकली, रितु, निशा, पिंकी, सरोज, आरजू, रुचि, मंजीत, मनोज, प्रिंस इत्यादि मौजूद रहे।

### रिमझिम बरसती बूंदे हों अथवा आग उगलता सूरज, छाते का है महत्व



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अमित)।** आज बच्चों को जागरूक करने की आवश्यकता है कि किस चीज की कब उपयोगिता है। इसी उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि फैशन का पर्याय बन चुकी रंग बिरंगी छतरियां आज से ही नहीं सदियों से ही अलग-अलग रूप में अपने अस्तित्व की याद करवाती रही हैं। छतरी के इसी अस्तित्व के अंतर्गत श्रीमद्भगवद्गीता प्राथमिक विद्यालय बाल घर में अंब्रेला डे बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। रंग-बिरंगे वेश में और रंग बिरंगी छतरियों के साथ नन्हे मुन्ने विद्यार्थी पानी की रिमझिम फुहारों में आनंद के साथ झूमते रहे। अंब्रेला डे के अवसर पर कक्षा अरुण से पंचम तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। धूप और पानी की फुहार दोनों में छाते का विद्यार्थियों द्वारा आनंद लिया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुखबीर जी द्वारा विद्यार्थियों को वंदना स्थल पर छाते का महत्व बताया गया कि जिस प्रकार छाता आत्मविश्वास के साथ बारिश व धूप में खड़े रहने का साहस हम सबको देता है, हमें भी ऐसे ही अपने जीवन में अपने अंदर आत्मविश्वास बनाकर रखना चाहिए।

### दुनिया में बज रहा है मोदी नाम का डंका: गगनदीप



**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला के बेटे गगनदीप चौटाला उचाना भाजपा कार्यालय पर पहुंचे। यहां पर गगनदीप ने लोकसभा चुनाव में 400 पार सीट आने का दावा करने के साथ-साथ हिसार लोकसभा में कमल खिलने का दावा किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए गगनदीप ने कहा कि जनता का पीएम नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा जो दिया है उससे अधिक सीट भाजपा जीतेंगी। मोदी के नाम का डंका दुनिया में बज रहा है। विपक्ष आज है ही नहीं। विपक्ष राहुल गांधी है जिसका खुद का वजूद नहीं है। जनता देवीलाल के बेटे चौ. रणजीत सिंह को वोट देंगे। पीएम नरेंद्र मोदी के उम्मीदवार वो है। हिसार में कमल खिलेगा। क्षेत्रीय पार्टी कुछ नहीं है वो जीरो पर रह जाएगी। भाजपा का कोई विरोध नहीं है। कमेरा, किसान जो है वो भाजपा के साथ जुड़ा है। गरीब वर्ग के लिए भाजपा सरकार ने काम किया है। इस मौके पर ओमप्रकाश नैन, संदीप घोघड़िया, साहिल बंसल, रिछपाल काब्रच्छा, सुखदीप बुआना, ओमप्रकाश थुआ, देवेंद्र अत्री, जयभगवान करसिंधु मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने किया वीटा प्लांट का दौरा

**उचाना मंडी (मित्तल)।** शिक्षा गौरक्ष एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित नाथ जी औद्योगिकी प्रशिक्षण केंद्र उचाना मंडी के विद्यार्थियों द्वारा उचाना सर्वोदय वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से वीटा मिल्क प्लांट जींद का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उनके व्यवसाय के अनुदेशक उनके साथ रहे। विद्यार्थियों ने वीटा मिल्क प्लांट के उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्लांट में बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जाना। विद्यार्थियों ने गहरी रूचि लेते हुए संयंत्र में तैयार उत्पादों के बारे में विभिन्न प्रश्न पूछे। सोसायटी प्रधान संजय करसिंधु ने बताया कि वीटा प्लांट में वकील सहायक प्रबंधक द्वारा प्लांट में लगे उपकरणों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों को आधुनिक टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी मिलती रहे इसके लिए भी आगे विद्यार्थियों के इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण करवाते रहेंगे। इस मौके पर बिट्टू, विजय, किरण मौजूद रहे।




# लोकसभा चुनाव के लिए 37 उम्मीदवार मैदान में उतरे, विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे 27 प्रत्याशी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** प्रदेश में चारों संसदीय सीटों से तीन उम्मीदवारों जिनमें शिमला संसदीय सीट से दो ने जबकि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने नामांकन वापिस लिया है। जबकि छह विधानसभा सीटों के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन वापिस लिए हैं। ऐसे में अब चार संसदीय सीटों के लिए 37 और छह विधानसभा सीटों के लिए 25 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

**किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं लिया वापस :** हमीरपुर और मंडी संसदीय क्षेत्रों में किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। जांच के बाद वैध रूप से नामांकित सभी 12 उम्मीदवार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और 10 उम्मीदवार मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से केवल एक उम्मीदवार संजीव गुलेरिया ने अपना नाम वापस ले लिया है, जिससे 10 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। विधानसभा क्षेत्रों के उप-चुनावों के लिए सुजानपुर और गगरेट में दो-दो जबकि धर्मशाला, लाहौल-स्पिति, कुटलैहढ़ तथा बड़सर से कोई भी नामांकन वापिस नहीं हुआ।

### शिमला संसदीय क्षेत्र से पांच मैदान में

शिमला संसदीय क्षेत्र से सुरेश कुमार कश्यप (53) भारतीय जनता पार्टी, विनोद सुल्तानपुरी (42) इंडियन नेशनल कांग्रेस सुरेश कुमार (52) राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी, मदन लाल (43) अखिल भारतीय परिवार पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, तथा अनिल कुमार (31) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं।

**कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से 10 उम्मीदवार मैदान में :** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से राजीव (62) भारतीय जनता पार्टी, आनन्द शर्मा (71) इंडियन नेशनल कांग्रेस, अचल सिंह (59) निर्दलीय, नारायण सिंह डोगरा (64) हिमाचल जनता पार्टी, रेखा रानी (41) बहुजन समाज पार्टी, केहर सिंह (53) निर्दलीय, भुवनेश कुमार (49) राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी, जीवन कुमार (34) अखिल भारतीय परिवार पार्टी, देव राज (71) राष्ट्रीय समाज दल तथा एडवोकेट संजय शर्मा (56) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं।

**हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 12 मैदान में :** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से अनुराग सिंह ठाकुर (50) भारतीय जनता पार्टी, सतपाल सिंह रायजादा (54) इंडियन नेशनल कांग्रेस, रमेश चंद सारथी (50) निर्दलीय, हेम राज (62) बहुजन समाज पार्टी, गोपी चन्द (69) निर्दलीय, गरीब दास कटोच (66) निर्दलीय, अरूण अंकेश स्याल (34) एकम स्नातन भारत दल, कुलवंत सिंह (56) भारतीय जवान किसान पार्टी, जगदीप कुमार (38) राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी, सुमित (32), अखिल भारतीय परिवार पार्टी, सुरेन्द्र कुमार (53) तथा नंद लाल (65) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं।

**मंडी संसदीय क्षेत्र से 10 मैदान में :** मंडी संसदीय क्षेत्र से कंगना रनौत (37) भारतीय जनता पार्टी, विक्रमादित्य सिंह (34) इंडियन नेशनल कांग्रेस, प्रकाश चन्द भारद्वाज (65) बहुजन समाज पार्टी, नरेन्द कुमार (54) राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी, विनय कुमार (42) अखिल भारतीय परिवार पार्टी, महेश कुमार सैनी (45) हिमाचल जनता पार्टी और दिनेश कुमार भाटी (56) सुभाष मोहन स्नेही (46), राखी गुप्ता (52) तथा आशुतोष महंत (38) निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं।

**विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला में चार प्रत्याशी मैदान में :** धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से सुधीर शर्मा (52) भारतीय जनता पार्टी, देवेन्द्र सिंह (51), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सतीश कुमार (36) तथा राकेश कुमार (46) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं।

**लाहौल-स्पिति विधानसभा क्षेत्र में तीन मैदान में :** लाहौल-स्पिति विधानसभा क्षेत्र से अनुराधा (31) इंडियन नेशनल कांग्रेस, रवि ठाकुर (62) भारतीय जनता पार्टी तथा डॉक्टर राम लाल मारकण्डा (58) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं।

**सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में छह मैदान में :** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से राजेन्द्र सिंह (58) भारतीय जनता पार्टी, रणजीत सिंह राणा (67) इंडियन नेशनल कांग्रेस, राजेश कुमार (50) निर्दलीय, रविन्द्र सिंह डोगरा (47), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.), अनिल राणा (33) तथा शेर सिंह (58) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों अनीता कुमारी (52) और राजेन्द्र सिंह वर्मा (56) ने अपने नामांकन वापिस लिए हैं।

**कुटलैहढ़ विधानसभा क्षेत्र में चार मैदान में :** कुटलैहढ़ विधानसभा क्षेत्र से दवेंद्र कुमार (50) भारतीय जनता पार्टी, विवेक शर्मा (47) इंडियन नेशल कांग्रेस, चंचल सिंह (77) तथा राजीव शर्मा (40) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं। कुटलैढ़ से कोई भी नामांकन वापस नहीं हुआ।

**विधानसभा क्षेत्र गगरेट में पांच मैदान में**
विधानसभा क्षेत्र गगरेट से राकेश कालिया (55) राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, चैतन्य शर्मा (29) भारतीय जनता पार्टी, अमित वशिष्ट (46), अशोक सौंखला (37) तथा मनोहर लाल शर्मा (44) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों रविन्द्र कुमार चौधरी (40) और मोहित बग्गा (35) ने अपने नामांकन वापिस लिए।

**विधानसभा क्षेत्र बड़सर में तीन मैदान में**
विधानसभा क्षेत्र बड़सर से सुभाष चन्द (60) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, इन्द्रदत्त लखनपाल (62) भारतीय जनता पार्टी तथा विशाल कुमार (38) निर्दलीय नामांकन वापसी के बाद अब मैदान में हैं। विधानसभा क्षेत्र बड़सर से कोई भी नामांकन वापिस नहीं लिया गया।

# नारीशक्ति पर लात घूँसे बरसा कर मौन मुद्रा में इंडी गठबंधन: अनुराग ठाकुर



कांग्रेस और विकास का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं

नेता, नीति, नेतृत्व के अभाव में पूरी तरह बिखरा इंडी अलायंस

भाजपा नहीं लागू होने देगी धर्म आधारित आरक्षण

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि नारी सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं में है लेकिन इंडी अलायंस आए दिन महिलाओं को प्रताड़ित अपमानित करने वालों को पोषण और संरक्षण देने का काम करती है।अनुराग ठाकुर ने आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर मंडल में एक दर्जन से अधिक जन संपर्क कार्यक्रमों के भाग लिया। इस दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए व जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा।

अनुराग ठाकुर ने कहा 'महिलाओं का सम्मान और नारी सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकताओं में है। मोदी जी ने ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया जिससे संपूर्ण देश के विधानसभाओं और लोकसभा में हमारी माताओं बहनों को 33त्न आरक्षण मिलेगा। इससे पहले भी हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50त्न आरक्षण दिया था। हमने अपने संगठन में भी महिलाओं को 25त्न आरक्षण दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने माताओं बहनों को देश का प्रमुख अमृत स्तंभ कहा है और पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में उनके सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। हम वूमेन डेवलपमेंट नहीं वूमेन लेड डेवलपमेंट को मानने वाले लोग हैं लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी अलायंस आए दिन महिलाओं को प्रताड़ित अपमानित करने वालों को पोषण और संरक्षण देने का काम करती है। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर, मुख्यमंत्री के सामने, उनकी हीं पार्टी की महिला सांसद के ऊपर मुख्यमंत्री लात घूसे चलाए लेकिन इस पर कारवाई करने की बजाय पूरे इंडी अलायंस ने मौन धारण किया हुआ है। यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस दिल्ली में निर्भया कांड हुआ और महिला अपराधों के खिलाफ सख्त नियम कानून बनाए गए, वहां आज नियम कानून बनाने वाले हीं अपनी हीं महिला सांसद के ऊपर शारीरिक हिंसा कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मंडी शहर के कुछ क्षेत्रों में बिजली बाधित

**मंडी(अप्रस)।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल एक नरेश ठाकुर ने बताया कि 18 मई को 33/11 केवी सव स्टेशन मंडी की आवश्यक मरम्मत की जाएगी। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण जेल रोड़, पैलेस, डाइट, रवि नगर, महाजन बाजार, अस्पताल रोड़, क्षेत्रीय अस्पताल, गणपति रोड़, मोती बाजार, लोअर समखेतर, तुंगल कालोनी, बालकरूपी, खत्री सभा, कोषागार कार्यालय सहित साथ लगते क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बाईपास रोड़ मंडी के पास 11 केवी उच्च ताप विद्युत लाइन के स्थानांतरण के कार्य के चलते 18 मई को रामनगर, पुलघराट, थनेहड़ा, विश्वकर्मा मंदिर, कॉलेज रोड़, बस स्टैंड, डिग्री कॉलेज तथा साथ लगते क्षेत्र में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# विरासत भी और विकास भी यह हैं मोदी सरकार की गारंटी: कंगना रंनौत

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने अपने चुनावी जन संवाद में कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय व धार्मिक विरासतों के पुनःनिर्माण व संरक्षण के लक्ष्य लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा की प्राचीन शिल्पों की पुनः प्राप्ति भारत प्राचीन काल से ही कला और मूर्तिकला की भूमि रहा है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद दशकों तक उपेक्षित प्राचीन भारतीय कलाकृतियों की पुनर्प्राप्ति और संरक्षण पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया है। मंडी भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दस वर्षों में हर एक क्षेत्र में पूरे विश्व में लोहा मनवाया है। महिलाओं, युवाओं व किसानों को आगे बढ़ने के कई अवसर मिले हैं। पिछले एक दशक में कई नए IIT, NIT,IIM, यूनिवर्सिटी स्थापित किए गये हैं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से प्रारंभिक से लेकर कॉलेज तक हर स्टेज पर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। खेलों के विकास के लिए 2036 में भारत में ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी खेल क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल होने वाली हैं महिलाओं के सम्मान के लिए हाल ही में महिला आरक्षण बिल देश की राजनीति की दिशा दशा को बदलने वाला कदम है। जहाँ एक तरफ इंडी गठबंधन के लोग परिवारवाद से बाहर निकल कर नहीं सोच पाते वहीं आज देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व महिलाएं, बेटियां राजनितिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहीं हैं।



# नौणी में बी लिब और आईएससी कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी जुलाई 2024 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अपने नए शैक्षणिक कार्यक्रम- लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान (बी लिब और आई.एस.सी.) स्नातक कार्यक्रम के लिए प्रवेश शुरू कर दिया है।

पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष होगी जो दो सेमेस्टर की अवधि में पूरा होगा। इस कार्यक्रम के रेगुलर और डिस्टेंस एजुकेशन मोड होंगें। आवेदकों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री होनी आवश्यक है। इस कार्यक्रम की कुल 45 सीटें होगी, जिनमें 30 सीटें नियमित मोड के लिए और 15 सीटें डिस्टेंस एजुकेशन मोड के लिए आवंटित की गई हैं। प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा, जिसमें 10+2 कक्षा के लिए 40 प्रतिशत और स्नातक के लिए 60 प्रतिशत वेटेज होगा। डिस्टेंस एजुकेशन मोड का चयन करने वाले छात्रों के लिए, डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में प्रति सेमेस्टर 15 दिनों के लिए संपर्क कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय की सत्यानंद स्टोक्स लाइब्रेरी में 30-दिवसीय इंटर्नशिप पूरा करना नियमित और डिस्टेंस एजुकेशन दोनों मोड के लिए एक आवश्यक शर्त है।

नियमित मोड में छात्रों के लिए परीक्षा योजना विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई क्रेडिट बेस प्रणाली का पालन करेगी। डिस्टेंस एजुकेशन मोड में नामांकित छात्रों को अंतिम व्यावहारिक और अंतिम सत्र परीक्षाओं से गुजरना होगा, व्यावहारिक परीक्षा के लिए 25 प्रतिशत और अंतिम सत्र परीक्षा के लिए 75 प्रतिशत का वेटेज होगा।

प्रॉस्पेक्टस और आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट 1715865243.pdf (yspuni-versity.ac.in) पर डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर जमा किए जा सकते हैं- सहायक रजिस्ट्रार, कमरा नंबर 213, प्रवेश कक्ष, प्रशासनिक ब्लॉक, रजिस्ट्रार कार्यालय, डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी-सोलन हिमाचल प्रदेश (173230)।

# अनुराग जैसे बेजुबान सांसद की प्रदेश को नहीं जरूरत: रायजादा

**कहा- भाजपा प्रत्याशी को मात्र वोटों से मतलब, जनता से कोई सरोकार नहीं**



अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**ऊना।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने शुक्रवार को बिलासपुर जिला के दौरे के दौरान भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर पर जमकर हमला बोला। रायजादा ने तलाई से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की, इसके बाद घराण, भडोली कलां, बरठीं, सुनहानी, घुमारवीं, कन्द्रौर, बरमाणा, बेरी व बिलासपुर सदर में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच बचा।

सतपाल रायजादा ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता ने 16 वर्ष से एक ऐसे सांसद चुना है, जो कि प्रदेश की हकों की उठा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे बेजुबान सांसद की प्रदेश को जरूरत नहीं है, जो जरूरत पडने पर अपना मुंह बंद रखे। कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कहा कि अगर ऐसे ही सांसद दिल्ली में भेजते रहेंगे, तो प्रदेश के हितों आवाज भी भविष्य में भी दबी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि प्रदेश में आई आपदा को लेकर अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में कोई आवाज नहीं उठाई। न एनपीएस के पैसे को लेकर कोई बात की। न ही अग्निवीर योजना को लेकर आवाज उठा पाए। रायजादा ने कहा कि हर बार चुनाव के दौरान अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की भोली भाली जनता को बहकावे में लेकर वोट लेने का काम करते हैं, उसके बाद जनता से कोई सरोकार नहीं होता।

# क्रेशर चलाने बाले खनन माफिया तो बड़सर से कांग्रेस प्रत्याशी क्या है : इन्दरदत्त लखनपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन समरोह मे बड़सर मंच से मै खनन माफिया के सामने घुटने नहीं टेकूंगा, के ब्यान पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री बताएं कि बड़सर मे कांग्रेस ने जिस प्रत्याशी को टिकट दिया है फिर वह क्या है। मुख्यमंत्री के भाई के क्रेशर है तो फिर वह क्या है हालांकि इस दौरान उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री के भाई सधारण व्यक्तित्व वाले इंसान है उनके क्रेशरों को स्वयं मुख्यमंत्री ही देखते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस छोड़कर गए सभी विधायक 15 - 15 करोड़ मे बिके है तो मुख्यमंत्री बताये कि सुजानपुर मे जिस कैप्टन रंजीत को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया है मुख्यमंत्री ने उसे कितने करोड़ मे खरीदा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सरकार वेंटीलेटर पर आ चुकी है अपनी सियासत व कुर्सी बचाने के लिए अब जनता के भींच झूठे प्रचार कर भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। हमें भगोड़ा, बिकाई, काले सांप तक कहा जा रहा है जबकि सच्चाई ये है कि हमने हिमाचल के हित के लिए राज्यसभा प्रत्याशी को वोट किया था ताकि हिमाचल का सांसद प्रदेश के हितों को उठा सके लेकिन मुख्यमंत्री के दबाब मे विधानसभा अध्यक्ष ने हमें पार्टी से निकाल दिया। यदि हम बिकाऊ और भगोड़े होते तो आज जनता के बीच नहीं होते, कहीं दूसरे राज्य मे मिलकर फैक्टरी चला रहे होते और जो मुख्यमंत्री नहीं कर पाए उसे करते और प्रदेश के युवाओं को रोजगार देते।

### भाजपा सनातन विचार धारा के साथ देश को बढ़ा रही आगे

भाजपा प्रत्यधि इंद्रदत्त लखनपाल ने वीरवार को ढटवाल क्षेत्र की महारल,जमली व सठवीं पंचायतों मे अपना चुनावी प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न गाँवों मे आयोजित नुक्कड सभाओं के दौरान लखनपाल ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखू पर कई सियासी प्रहार करते हुए उनके द्वारा दिए जा रहे ब्यानों पर प्रश्न खडे किए है। इस दौरान लखनपाल ने प्रबुद्ध जनता से अपील की है कि वह भाजपा के पक्ष मे वोट करे और पहले तीन बार की तरह इस बसर भी अपना आशीर्वाद उन्हें दे। उन्होंने कहा कि मैने विधायकों रहते कभी पार्टी की राजनीति बड़सर मे नहीं की है मै जनसेवक बनकर आपके बीच आया था और जनसेवक बनकर ही रहूंगा। हर पार्टी की अपनी विचारधारा होती है और हमें उसी विचारधारा के साठ असगे बड़ना चाहिए जो राष्ट्र,समाज के हित मे हो। भाजपा सनातन विचार धारा के साथ देश को आगे बढ़ा रही है और हर नागरिक का कर्म व धर्म है कि अपनी सनातनता को बचाने के लिए ऐसी विचार धारा का समर्थन करे।

# बास्केटबाल चैंपियन बनी चंबी की टीम, मिला 31 हजार का ईनाम

मुख्यातिथि अशोक राणा ने प्रदान की विजेता टीम का ट्राफी और ईनाम राशि

रनर अप रही जेएमजे संघोल की टीम, मिला 21 हजार का ईनाम



अर्थ प्रकाश /संदीप उपाध्याय

**जयसिंहपुर।** सूबेदान ऊधम सिंह राणा मेमोरियल बास्केटवाल टूर्नामिंट में चंबी की टीम चैंपियन बनी। वहीं जेएमएम की टीम रनरअप रही है। विजेता टीम को प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी अशोक राणा ने विजेता ट्राफी और 31 हजार रुपए की नगद राशि पुरस्कार के रुप में प्रदान की। रनर अप जेएमजे संघोल की टीम को उप विजेता की ट्राफी और 21 हजार रुपए नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अशोक राणा ने घोषणा की है कि टूर्नामेंट का आयोजन हर वर्ष किया जाएगा। अगले वर्ष ईनाम राशि विजेता को 51 हजार रुपए और उपविजेता को 31 हजार रुपए ईनाम दिया जाएगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमों चंबी और जेएमजे संघोल के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। चंबी टीम के कप्तान अतुल मलहोत्रा और जेएमजे संघोल टीम के कप्तान अमित शर्मा के नेतृत्व में दोनों टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया। लंबे समय तक चले कड़े मुकाबले के बीच लंबी की टीम विजेता रही। चंबी की टीम का स्कोर 62 पाइंट रहा तो जेएमजे संघोल की टीम का स्कोर 41 पाइंट रहा है।

टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला जेएमजे संघोल और त्रेफड़ की टीम के बीच में हुआ। जेएमजे टीम के कप्तान अमित शर्मा और त्रेफड़ टीम के कप्तान राहुल चौहान रहे हैं। इस मुकाबले में जेएमजे संघोल की टीम विजयी रही है। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला चंबी और टौणीदेवी की टीम के बीच खेला गया। जिसमें चंबी की टीम विजयी रही है।

टूर्नामेंट का आयोजन जालपा माता यूथ क्लब की ओर से किया गया। जिसके अध्यक्ष सुरेश चौहान, उपाध्यक्ष राजेश डोगरा, सचिव अनिल राणा, कोषाध्यक्ष रविंदर भनवाल और सदस्य तिलक वर्मा, संजीव धीमान ने टूर्नामेंट के आयोजन में पूरा सहयोग किया।

### अशोक राणा ने दिया युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

टूर्नामेंट के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर सूबेदार ऊधम सिंह राणा के पुत्र प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी अशोक राणा शामिल हुए। अशोक राणा ने अपने संबोधन में क्षेत्र के युवाओं से आव्हान किया कि वह नशे से दूर रहकर खेल को अपनाएं। जिससे अपने जीवन में ऊंचाइयों को हासिल कर सके। राणा ने कहा कि वर्तमान में युवा नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं और अपना जीवन वर्बाद कर रहे हैं। जिससे सभी का प्रयास होना चाहिए कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का प्रयास करें, जिसे युवा अपना बेहतर भविष्य संवारने में कामयाब हों।

### करनैल राणा के पहाड़ी गानों पर झूमे दर्शक

सूबेदार ऊधम सिंह राणा बास्केटबाल टूर्नामेंट के समापन अवसार पर पुरस्कार वितरण के बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक करनैल राणा ने अपनी मधुर आवाज में पहाड़ी गाना गाकर खिलाड़ियों के साथ लोगों का मनोरंजन किया। करनैल राणा के गानों पर दर्शक खूब झूमे। सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसका आनंद क्षेत्र के हजारों लोगों ने उठाया।

# कंगना का अपनी भाषा पर कोई कंट्रोल नहीं: विक्रमादित्य सिंह

**कहा: कंगना को नहीं छोटे बड़े की इज्जत का कोई लिहाज**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** कंगना का अपनी भाषा पर कोई कंट्रोल नही है। कंगना को छोटे बड़े की इज्जत का कोई लिहाज नही है। अब कंगना ने बौद्ध धर्म प्रमुख दलाई लामा पर भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। कंगना की इस अभद्र भाषा के लिए प्रदेश के लोग विशेष तौर पर प्रदेश के बौद्ध धर्म के अनुवाई कभी कंगना को माफ नही करेंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि जन जातीय क्षेत्रों के विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि रोहतांग सुरंग का निर्माण इस क्षेत्र के लिये कांग्रेस की बहुत बड़ी देन है। भाजपा का इसमें कोई भी योगदान नही है सिवाए इसके की उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उदघाटन किया। तत्कालीन यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने इस के लिये बजट दिया और इसका शिलान्यास तत्कालीन यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस ऐतिहासिक टनल का शिलान्यास किया था। आज लाहुल स्पीति जिला के उदयपुर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व.वीरभद्र सिंह का जनजातीय क्षेत्रों से बहुत ही लगाव था। वह इस क्षेत्र के लोगों समस्याओं से भली भांति परिचित थे और समय समय पर उन्हें दूर करते थे। आज इस क्षेत्र में जितना भी विकास हुआ है वह सब वीरभद्र सिंह की देन रहा है क्योंकि उन्होंने प्रदेश में मुख्यमंत्री के तौर पर छह बार कांग्रेस सरकार का नेतृत्व किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी इन दिनों चुनाव की शूटिंग पर आई है और 4 जून के बाद अपनी फिल्मी दुनिया में लौट जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में अपने वरिष्ठ नेताओं को जिस प्रकार दर किनार किया है उससे भाजपा के अंदर भी इस प्रत्याशी को लेकर बहुत बड़ा असंतोष है।



विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह मण्डी संसदीय क्षेत्र के विकास के एजंडे को लेकर चुनाव मैदान में है जबकि भाजपा प्रत्याशी के पास क्षेत्र के विकास का कोई भी विजन नही है। उन्होंने कहा कि वह केवल प्रधानमंत्री के नाम का गुणगान कर वोट मांग रही है।

# मोदी को सुनने और देखने का जनता में भारी उत्साह : गुप्ता

## घर घर पहुंचा निमंत्रण, हजारों समर्थकों के जुटने की संभावना

दिवंगत सांसद रत्न लाल कटारिया को देंगे पीएम मोदी श्रद्धांजलि

पंचकूला से समर्थकों के लिए 400 गाड़ियां होंगी रवाना

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री कल अंबाला में रैली को संबोधित करेंगे और पूर्व सांसद दिवंगत रत्न लाल कटारिया को उनकी पहली पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पूर्व सांसद स्व. रतनलाल कटारिया की पुण्य तिथि 18 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबाला में एक बड़ी रेली को संबोधित करेंगे। पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग मोदी को सुनने अंबाला जाएंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री को देखने और सुनने के लिए लोगों में जबरदस्त जोश और उत्साह है। श्री गुप्ता शुक्रवार को भाजपा चुनाव कार्यालय एससीओ नंबर 413 सेक्टर -8 में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



### 10 बूथों पर 1 कलस्टर

पंचकूला विधानसभा में 203 बूथ है। लगभग 10 बूथों पर एक कलस्टर हैड और एक उनका सहयोगी नियुक्त किया गया है। लोकसभा चुनाव में हर बूथ की जिम्मेदारी कलस्टर हेड की होगी। विस स्पीकर ने कहा कि पार्टी हर बूथ पर कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर आगे बड़ रही है। उन्होंने बताया कि जिस पर बूथ पर भाजपा के पक्ष में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान होगा उस बूथ अध्यक्ष को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि अंबाला लोकसभा में हर व्यक्ति मोदी जी की रैली में जाने के लिए उत्सुक है। यहां लाखों लोग मोदी जी के प्रशंसक हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि हरियाणा का माहौल भाजपा के पक्ष में है। हरियाणा की जनता ने 10 की 10 लोकसभाओं में कमल खिलाने का मन बनाया हुआ है।

इस मौके पर श्री गुप्ता ने किसानों द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को दूसरी पार्टियों द्वारा प्रायोजित बताया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग, विधानसभा संयोजक हरेंद्र मलिक भी उपस्थित रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 18 मई को अंबाला में होने वाली रैली को लेकर पिछले दो दिनों में कई बैठकें हुई और इन बैठकों में कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी जी की रैली का निमंत्रण भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर गांव व शहरों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की रैली बड़ी और भव्य होगी। उन्होंने कहा कि पंचकूला विधानसभा से हजारों लोग अंबाला पहुंचेंगे जिनकी व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र की जनता हमेशा भाजपा के साथ रही है। पिछली बार भी 3 लाख 75 हजार वोटों से भाजपा ने यहां जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा इस बार भाजपा का लक्ष्य 5 लाख वोटों से जीत हासिल करना है। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंबाला से विशेष लगाव रहा है। नरेंद्र मोदी प्रदेश प्रभारी के रूप में हरियाणा रहे हैं और अंबाला के एक-एक कार्यकर्ता से उनके व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का हम सभी को मार्गदर्शन मिलेगा और कार्यकर्ताओं में नए जोश और नई उर्जा का संचार होगा। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के रेवाड़ी से अपनी पहली रैली की थी। तभी से मोदी जी का लगाव हरियाणा से और अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि पंचकूला और कालका विधानसभा से 10 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता अंबाला पहुंचेंगे। एक सवाल के जवाब में श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की जीत तय है।

### पीएम मोदी का विरोध करने वाले विपक्ष द्वारा प्रायोजित

किसान संगठनों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की रैली का विरोध करने के एक सवाल पर श्री गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों से हरियाणा की जनता खुश है। लोगों में मोदी को सुनने और मोदी को देखने की उत्सुकता है। किसानों के नाम पर जो लोग विरोध करने बात कर रहे हैं वे विपक्ष द्वारा प्रायोजित लोग हैं। चुनाव के दौरान हर पार्टी के प्रत्याशी को प्रचार करने का अधिकार है। श्री गुप्ता ने कहा कि किसानों के लिए जितने काम 10 साल में हुए हैं उतने काम कांग्रेस अपने 60 साल के शासनकाल में नहीं कर पाई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान मोदी सरकार और नायब सरकार से खुश हैं।

## 85 वर्ष से अधिक व दिव्यांग 27 मतदाताओं ने घर से मतदान की जताई इच्छा



अर्थ प्रकाश /आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. यश गर्ग ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार 85 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग के लोगों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजों को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए जिला के 9053 में से 27 मतदाताओं ने फार्म-12डी भरकर पोस्टल बैलेट पेपर से यानि घर पर ही मतदान करने के लिए ईच्छा जाहिर की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इस कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांति पूर्ण करवाने के लिए जिला में पर्याप्त मोबाईल पोलिंग टीमों का गठन किया गया है। पोलिंग पार्टी में एक सैक्टर ऑफिसर, बीएलओ, पीठासीन अधिकारी, पोलिंग अधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर तथा पुलिस कर्मी आदि स्टाफ शामिल रहेगा। पोलिंग पार्टी के कर्मचारी संबंधित मतदाता के निवास स्थान पर जाएंगे और बैलेट पेपर से इनके वोट डलवाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही वोटिंग का समय भी निर्धारित किया जाएगा।

डा. यश गर्ग ने बताया कि जिला में 6619 बुजुर्ग मतदाता और 2434 दिव्यांग मतदाता हैं। 01-कालका विधानसभा में 85 वर्ष से ज्यादा आयुवर्ग के 2779 बुजुर्ग मतदाता और 1206 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इनमें से 9 मतदाताओं ने घर से वोट करने का

## न्यूज ब्रीफ

### लोकसभा चुनाव में मतदाताओं ने भागीदार बनने की ठानी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ में 1 जून को होने वाले लोकसभा मतदान में इस बार सेंट्रल डिविजन के अंतर्गत आने वाले सेक्टर 16, 17, 18 और 19 के मतदाताओं ने भी मतदान में भागीदार बनने की ठानी है। इन चार सेक्टरों की बात करें तो यहां अनुमानित आबादी के आधार पर 12950 से ज्यादा मतदाता हैं। जिनमें व्यापारी, सरकारी कर्मचारियों के अलावा युवा मतदाताओं की संख्या अधिक है। अर्थ प्रकाश की ओर से इन चारों सेक्टरों में 6576 महिला और 6400 से अधिक पुरुष मतदाताओं के लिए पोलिंग स्टेशनों की जानकारी जुटाई गई है।

### डेंगू दिवस पर रैली निकाल किया जागरूक



**कालका (सुनील दत्त )।** आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सीनियर मेडिकल ऑफिसर कालका डॉक्टर राजीव नरवाल की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हकीमपुर कालका जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर राजीव नरवाल ने मच्छर से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया की घरों में जैसे कि कूलर टंकी हौदी आदि को सप्ताह में एक बार जरूर साफ करें, घरों के आस पास पानी को इक्ट्ठा न होने दे, पानी से भरे गढ़ों में मिट्टी डालें या तेल डालें साथ में राहुल एमपीएचडब्ल्यू और अभिमन्यु एमपीएचडब्ल्यू ने भी छात्रों को डेंगू के बारे में जागरूक किया और बताया कि हर रविवार को सूखा दिवस मनाएं तथा पानी के बर्तनों, टंकी, फ्रिज ट्रे, गमले, इत्यादि को खाली करके सुखाएं ताकि मच्छर के अंडे एवं लारवा मर जाएं मच्छर के काटने से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें और घरों में मच्छर दानी एवम जाली का प्रयोग करें उन्होंने बताया कि डेंगू से संबधित लक्षण होने पर आप सब डिविजनल हॉस्पिटल कालका में डेंगू का टैस्ट करवाएं। इस अवसर पर स्कूल में डेंगू से संबधित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई और छात्रों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए ईनाम भी बांटे गए व छात्रों को जलपान आदि भी करवाया गया। स्कूल की ओर से प्रधानाचार्य श्री रमेश गहलावत, श्री राजेंद्र सिंह, श्री धर्मवीर बीका, श्री राजीव कुमार भी उपस्थित थे।

### सावधान! शहर में घूम रहे बैटरी चोर

**पंचकूला, (अप्रस)।** शहर के नागरिक सावधान हो जाएं क्योंकि शहर में सूने पड़े मकानों की रेकी कर चोर इनर्वटर बैरियों को निशाना बना रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला सेक्टर 9 में सामने आया है जहां मकान मालिक के जाते ही चोर घर में रखे इनर्वटर की दो बैटरियां चोरी कर फरार हो गए। हालांकि, ये वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो चुकी है। मगर चोरों का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## चंडीगढ़ लोकसभा सीट से एक प्रत्याशी ने लिया नामांकन वापिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर नामांकन वापसी की आज आखिरी तारीख थी। मिली जानकारी अनुसार चंडीगढ़ लोकसभा चुनाव से एक प्रत्याशी ने नाम वापिस लिया है। शकील मोहम्मद जिन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया था ने अपना नाम वापिस ले लिया।

निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट जारी की है। अब मैदान में 25 प्रत्याशी रह गये हैं। जो उम्मीदवार मैदान में हैं उनको चुनाव चिन्ह भी जारी किए गए। चंडीगढ़ में आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होना है। चंडीगढ़ में 7 मई से 14 मई तक नामांकन की प्रक्रिया चली। इसमें 27 उम्मीदवारों ने ×× नामांकन भरे थे। इसके बाद निर्वाचन आयोग ने इन नामांकनों की जांच की जिसमें 20 उम्मीदवारों के 26 नामांकन स्वीकार किए गए जबकि 7 नामांकन रद्द कर दिए गए। इनमें दो नामांकन बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के कवरिंग कैंडिडेट का था। पांच निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन खारिज किए गए थे। अब आज जिन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस लिया, उनका नाम हटाकर फाइनल लिस्ट जारी कर दी गई।

### भाजपा और गठबंधन के बीच में मुकाबला

चंडीगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजय टंडन और कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी के गठबंधन की तरफ से मनीष तिवारी को मैदान में उतर गया है। मुख्य रूप से इन दोनों के बीच में ही टक्कर बताई जा रही है। वहीं बहुजन समाज पार्टी की तरफ से भी डॉक्टर रितु सिंह को टिकट दिया गया है। इस बार अकाली दल भी भारतीय जनता पार्टी से अलग होकर चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन उनके उम्मीदवार ने टिकट लौटा दिया और आम आदमी पार्टी 'वाइन कर ली। इस कारण वह चुनाव नहीं लड़ पा रहे हैं।

### मनीष तिवारी के समर्थन में नामांकन वापिस



चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव में चंडीगढ़ से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे शकील मोहम्मद ने आज इंडिया अलायंस के उम्मीदवार मनीष तिवारी के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इस अवसर पर पंजाब जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन एवं आम आदमी पार्टी (आप) चंडीगड़ के सह-प्रभारी डॉ. एसएस आहलूवालिया ने इंडिया अलायंस के समर्थन में शकील मोहम्मद के नामांकन वापस लेने का स्वागत किया। इस दौरान मेयर कुलदीप कुमार, पार्षद प्रेम लता, हरदीप सिंह बुटेरला, आप नेता चंद्रमुखी शर्मा, डॉ. हरमीत सिंह, संदीप कुमार व अन्य नेता मौजूद थे। इस मौके पर शकील मोहम्मद ने कहा कि आज उन्होंने चंडीगढ़ से इंडिया अलायंस के प्रत्याशी मनीष तिवारी के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस लिया है। पिछले 10 सालों में बीजेपी ने देश में डर का माहौल पैदा कर दिया है। इस समय देश को बचाना बहुत जरूरी है। विपक्षी दलों के नेताओं को बिना किसी सबूत के जेलों में बंद किया जा रहा है। देश विकास के मामले में बहुत पीछे चला गया है। चंडीगढ़ में भाजपा ने अपने कार्यकाल में शहर का बुरा हाल कर दिया है। इसी के चलते उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा कि वह मनीष तिवारी को भारी मतों से जिताने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे और उन्हें जिताकर लोकसभा भेजेंगे।

## बिना लाइसेंस के एक घर में इमीग्रेशन का काम चलाने वाले तीन व्यक्ति गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश /राजेश गर्ग

**जीरकपुर ।** स्थानीय पारस डाउन टाउन माल के नजदीक स्थित सन्नी एंकलेव में एक घर में इमिग्रेशन का काम चला रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने दो करोड़ 96 लाख रूपये की नगदी, एक लेपटॉप और दो पासपोर्ट की फोटो भी बरामद किए हैं। जिनके खिलाफ पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 120 बी और 24 इमिग्रेश एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह, परमिंदर सिंह दोनों निवासी सन्नी एनकलेव जीरकपुर और विजय कुमार निवासी पुरानी सरहिंद मंडी फतेहगड़ साहिब के रूप में हुई है। जिनको अदालत में पेश कर पुलिस ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

मामले के सबंध में जानकारी देते हुए थाना जीरकपुर के एसएचओ जसकंवल सिंह सेखों ने बताया कि उन्हें सुचना मिली थी के जीरकपुर के सन्नी एंकलेव में कुछ लोग अवैध रूप से दफ्तर बनाकर लोगों के साथ विदेश भेजने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। सुचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर तीन लोगों को मौके से गिरफ्तार किया। जिनके पास से भारी मात्रा में कैश, एक लेपटॉप और दो पासपोर्ट की फोटो कॉपी के साथ गिरफ्तार किया है।

मौके से बरामद कैश में ज्यादातर नोट 500, 200 और 100 के नोट थे। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ ठगी मारने व बिना लाईसेंस के विदेश भेजने के नाम पर ठगी मारने के आरोप में केस दर्ज कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान इससे पहले लोगों के साथ की ठगी के बारे में पता लगाया जाएगा।

## पिंजौर बाइपास के हालात की मॉनिटरिंग शुरू

### डीसी ने वाहनों को निकालने के लिए सेफ्टी पैरामीटर के साथ दो दिन में वैकल्पिक रास्ता तैयार करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** पिंजौर बाइपास पर लग रहे जाम की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की मॉनिटरिंग शुरू हो चुकी है। शुक्रवार को डीसी यश गर्ग ने वाहनों को निकालने के लिए सेफ्टी पैरामीटर के साथ वैकल्पिक रास्ता दो दिन में तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही रोड अंडर ब्रिज के काम को जल्द पूरा करने को कहा।



डा. यश गर्ग ने लघु सचिवालय में एनएचएआई शिमला, चंडीगड़, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने एनएचएआई चंडीगड़ को निर्देश दिए कि वो सेक्टर-26, 27 चैक पर बनी समस्या का समाधान करें। साथ ही पंचकला-यमुनानगर हाईवे पर वन-वे स्पाट पर संकेत बोर्ड और वैकल्पिक डिवाइडर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा माजरी चैक एरिया को रि-डिजाइन पर काम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि शिमला हाईवे पर डीएलएफ के सामने ओवर ब्रिज के निर्माण और सर्विस रोड को जल्द शुरू किया जाए ताकि वाहन चालकों को यहां से आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना रहे।

डा. यश गर्ग ने एनएचएआई शिमला को निर्देश दिए कि वो बद्दी नालागड़ हाईवे का निर्माण पूरा होने तक वैकल्पिक रास्ता वाहनों के लिए तैयार करें। वैकल्पिक रास्ता होने से बद्दी आने-जाने वाले वाहनों को परेशानी नहीं होगी।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि 15 दिनों में रोड सेफ्टी की बैठक का आयोजन किया जाना है। बैठक से पहले अपने-अपने विभाग के काम को पूरा करने सुनिश्चित करें।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर एक्सईएन जगविन्द्र रंगा, एनएचएआई चंडीगड़ डीजीएम प्रियंका, ठेकेदार जयदीप मौजूद रहे।

### पीजीआई में इलाज के लिए आने वाले 15 प्रतिशत बच्चे हाइपरटेंशन की चपेट में

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर के एएमएस व इमरजेंसी और आईसीयू के प्रो. अरुण बंसल ने बताया कि कुछ वर्ष पहले तक बच्चों में हाइपरटेंशन का खतरा 5 से 7 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 10 से 15 प्रतिशत पर आ गया है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है क्योंकि ऐसे बच्चों में हाइपरटेंशन के कारण अन्य गंभीर बीमारियां होने का खतरा कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। डॉ. अरुण ने बताया कि इन बच्चों में से 25 से 30 प्रतिशत में मोटापा और किडनी इसके मुख्य कारण के रूप में सामने आया है।

## विधानसभा में स्टिल्ट पार्किंग, गौशालाओं और सैनिक समिति के मुद्दे उठाए फिर भी सर्वे नहीं हुआ : वरुण चौधरी

बोले प्रदेश में 8000 औद्योगिक प्लॉट खाली पड़े, युवा नौकरी को तरस रहे सरकार ने नहीं ली सुध



अर्थ प्रकाश /आदित्य शर्मा

पंचकूला। हरियाणा में पिछले काफी समय से लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को सरकार ने नजर अंदाज करना शुरू कर दिया जिससे समाज का हर नागरिक प्रभावित होता चला गया। अंबाला की लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी वरुण चौधरी ने पंचकूला में सूद भवन में हुई जनसभा में ये बात कही। इस अवसर पर हरियाणा पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षों में उन्होंने किसान, महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों और बढ़ते अपराध के मुद्दे उठाते आ रहे हैं लेकिन सरकार की तरफ से किसी भी मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया। वरुण चौधरी ने कहा कि पंचकूला में स्टिल्ट पार्किंग के मकानों के निर्माण को लेकर उन्होंने विधानसभा में सर्वे करवाए जाने का मुद्दा उठाया था। तभी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में सर्वे करवाने के लिए कमेटी गठित की थी लेकिन उस मामले में अभी तक कुछ नहीं हुआ। आज तक ये मामला लटका पड़ा है। वरुण चौधरी ने कहा कि स्टिल्ट पार्किंग मकानों के निर्माण को लेकर कोई सर्वे नहीं होने से वहां लोगों के पुराने मकानों का सर्वे तक नहीं हो पाया तभी पुराने मकानों के सर्वे नहीं होने से आज सबसे ज्यादा शिकायतें इस तरह की मिल रही हैं। उन्होंने विधानसभा में गौशालाओं का सर्वे किए जाने और सुविधाओं में इजाफा किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि विधानसभा में उन्होंने ही गौशालाओं को ग्रांट मुहैया करवाए जाने का भी मुद्दा उठाया था जिसके बाद गौशालाओं को ग्रांट दी जाने लगी। मगर आज भी गौशालाओं में सुविधाओं की भारी कमी देखने मिलती है। मगर सरकार ने इसे भी नजरअंदाज कर दिया गया। वरुण चौधरी ने कहा कि वह हमेशा सरकार से ढांचागत सर्वे करवाने पर जोर देते रहे ताकि क्षमता के मुताबिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। कांग्रेस उम्मीदवार वरुण चौधरी ने कहा कि प्रदेश में सैनिक परिवारों को भी भाजपा सरकार द्वारा अनदेखा किया जाता रहा। उन्होंने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया था जिसके बाद समिति का गठन कर सरकार ने शहीद सैनिकों के परिवारों के कल्याण को लेकर समिति का गठन तो कर दिया लेकिन आज तक परिवारों का न तो सर्वे किया गया और ना ही उन्हें कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिल पाया। वरुण चौधरी ने युवाओं के मुद्दे पर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश का युवा सरकार की ही अनदेखी का शिकार हुआ। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आठ हजार इंडस्ट्रियल प्लॉट हरियाणा में खाली पड़े हुए हैं। सरकार की तरफ से पिछले काफी सालों से कोई नया उद्योग नहीं लगाया गया। युवाओं के पास नौकरी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नया उद्योग लगाना तो दूर जिन उद्योगों से कई परिवारों पालन पोषण हो रहा था सरकार ने उन पर ही ताला लगा दिया। पंचकूला में एचएमटी, अंबाला में उद्योग भी बंद हो गए और लोग सड़कों पर आ गए। मुलाना ने कहा कि वह प्रदेश में विकास को हमेशा प्राथमिकता देते आए हैं मगर जो हक लोगों को मिलना चाहिए वह नहीं मिल पाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता रविंद्र रावल शशि शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा भारद्वाज व पूर्व मेयर उपेंद्र आहलूवालिया व अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### आम आदमी पार्टी ने वरुण चौधरी के प्रचार में झोंकी ताकत



**पंचकूला (सुनील संघई)।** अंबाला संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार वरुण चौधरी के पक्ष में अंबाला लोकसभा अध्यक्ष आम आदमी पार्टी सुरेंद्र राठी ने एक जनसभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में वरुण चौधरी पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्र मोहन सहित आम आदमी पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। सभा में वरुण चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जनता बहुत दुखी हो चुकी है और अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सुरेंद्र राठी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता लोगों के घर घर जाकर अंबाला संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी वरुण चौधरी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। राठी ने कहा कि इंडिया गठबंधन बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहा है 4 जून के बाद भाजपा के नेता घर बैठ जाएंगे और इस चुनाव के बाद हरियाणा में भी बदलाव की लहर चल पड़ेगी। श्री राठी ने लोगों से बढ़-चढ़कर के पक्ष में

### कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में विधायक गांवों में जाकर लोगों से बात की



कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रदीप चौधरी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनावों को लेकर गांव त्रिलोकपुर, गणेशपुर, भूड़, टपरियां, कंडाईवाला, खेरवाली, पारवाला, शाहपुर, रुड़की, मानकटबरा में ग्रामीणों को संबोधित किया। विधायक प्रदीप चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी के लिए वोट की अपील की और पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सेलजा जी के 20 मई की रायपुररानी में होने वाली सभा का निमंत्रण भी दिया। इस मौके पर जिप सदस्य बलविंदर चौधरी, विजय मोहन वर्मा, कमालदीन सुल्तानपुर, मुखराम गुर्जर, अमर सिंह चेची, सरपंच नसीम, पूर्व सरपंच मंजीत, चुहड़ सिंह, सरपंच अनिल सैनी, सरपंच विनोद, बलबीर दूधगढ, जय रत्न चौधरी इत्यादि मौजूद, नवीन, संजू मुरादनगर इत्यादि मौजूद थे। विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा की सरकार की गलत नीतियों से आम जनता बेहद परेशान है। आज सोने की कीमत कहां पहुंच गई है। आम आदमी के लिए शादी समारोह आयोजित करना बेहद मुश्किल है। सरकार ने जनता को कागजी खेल में ही उलझा कर रखा है। जनता में सरकार के खिलाफ भारी रोष है। आज सरपंच दुखी है, कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे है।







Bathinda: Santi 9780809351, Ludhiana 1: Raj 9814688000, Ludhiana 2: D.L Medical 9855603111, Sangrur 1: Ambay 9463559867, Sangrur 2: Rama 7696897760, Batala: Anmol 9464731685, Rampura: Deepak 9478759676, Rajpura: Deepak 9872213317, Jagron: Dr. Gupta 9417086337, Amritsar 1: G.S Medicine 9888453620, Amritsar 2: Khushab 7837215211, Amritsar 3: New Punjab 9876050155, Ferozpur 1: Ganpati 9463427229, Ferozpur 2: Parwaz 9417380555, Barnala 1: Garg 9815143319, Barnala 2 : Krishna 9815014111, Barnala 3: Om Prakesh 8146947152, Rahon: Gee Medical 9814940353, Tapa: Gill Medical: 9417638448, Hoshiarpur: Gokal 9814093906, Mansa 1: Goyal 9815563046, Mansa 2: Durga 9815131467, Kharar 1: Jain 9988378785, Kharar 2: P.C Jain 9988389896, Pathankot: Khanduja 9814133798, Jalandhar 1: Maddan 9815200866, Jalandhar 2: SR. Agencies 9815011423, Kotakpura: Mahadev 9872761234, Abohar: Mohit 9464205979, Nabha: Jain 9815251507, Moga: Romy 9417231231, Patiala: Raman 9888941352, Mour Mandi: SR. Agencies 9417581575, Kapurthala: SK. Traders 9417313133, Rama Mandi: SS. Pharma 9988224445, Malerkotla: Sher Trading 9814446658, Patiala: Shivom 9463074891, Bhagta: Yash 9815958279, Muktsar: Avinash 9814913366, Mansa: Satish 9878956037, Nawashehr: Friends 9815990901, Samana: Arora 9855710052, Tarantaran: Anmol 9256156672, Firozpur Cantt: Shiva 9855243377, Firozpur City 1: Varinda 9417448148, Firozpur City 2: Kamal 9877186485, Khanna: Gill 9872482735, Khanna: Vishal 9329800007, Rampura Phul 1: Panna Lal 9317557705, Rampura Phul 2: Prem Kumar 9815771690, Rampura Phul 3: Bharat 9876540399, Rampura Phul 4 : Deepak 9478459676, Faridkot 2: Labha Ram 8556800090, Faridkot 3: Kanshi Ram 8054270764, Ambala: Ram Kishan 9255151333, Fatehbaad 3: Rameshwer 9812490666, Rohtak: Jaswant 9996797007


### रोहतक शहर में उद्योग परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे दीपेन्द्र हुड्डा-बोले

# जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया, बस 25 मई को मतदान का इंतजार

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** आज रोहतक शहर में उद्योग परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रदेश में बदलाव के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों की वजह से व्यापार करना मुश्किल हो गया है तो दूसरी तरफ हरियाणा में कानून-व्यवस्था की बदतर हालत ने बाजार में अघोषित मंदी जैसी स्थिति पैदा कर दी है। उद्योग, निवेश, व्यापार के लिये मजबूत कानून-व्यवस्था जरुरी है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि 2014 से पहले तक जो हरियाणा विकास प्रदेश के रूप में जाना जाता था वो 10 साल की खट्टर सरकार में अपराध प्रदेश के रूप में जाना जा रहा है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के समय जिन अपराधियों की हरियाणा में घुसते हुए पिंडी कांपती थी आज वो दनदनाते हुए गोलियां चला रहे हैं।



अपराधियों के आगे बीजेपी सरकार बेबस हो चुकी है। जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री ऐसा बयान दें कि उनकी सरकार सबको सुरक्षा नहीं दे सकती, वहाँ अपराधियों के हौसले कैसे नहीं बढ़ेंगे।

प्रदेश की जनता अब इस सरकार से पीछा छुड़ाने के लिए परिवर्तन का फैसला कर चुकी है और बस 25 मई को होने वाले मतदान का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा से अपराध व अपराधियों का सफाया होगा। प्रदेश एक बार फिर से विकास के पटरी पर तेज गति से दौड़ेगा। इस दौरान विधायक बीबी बतरा, विधायक शकुंतला खटक मौजूद रहे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय रोहतक लोकसभा क्षेत्र हो या रोहतक शहर, विकास के मानचित्र पर विकसित रोहतक के रूप में जाना जाने लगा। आज विकास के मानचित्र से ये पूरा इलाका उतर गया। सड़क, सीवर, सफाई, पीने का साफ पानी तक नहीं मिल रहा। इलाके ही नहीं प्रदेश में भी कोई नयी बड़ी परियोजना नहीं आयी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि समाज के चारों बड़े वर्ग ङ्क किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी इस सरकार की गलत नीतियों से दुःखी थे और एक एक दिन, गिन-गिनकर काट रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश बीजेपी के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध से परेशान है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि जो हरियाणा कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था वो आज विकास में 17वें नंबर पर और महंगाई, बेरोजगारी, नशा, अपराध, भ्रष्टाचार में 1 नंबर पर है। हरियाणा में रिकार्ड बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों या विदेश में पलायन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में नौजवान नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में कराए गए दर्जनों बड़े विकास कार्यों को बताते हुए कहा कि हम अपने काम के आधार पर जनता के बीच जाकर वोट मांग रहे हैं, साथ ही सवाल भी पूछा कि भाजपा सरकार और मौजूदा भाजपा सांसद बताएं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में इलाके में विकास के लिए क्या किया। कोई एक बड़ी परियोजना, नया निवेश, उद्योग लगवाया हो तो बताएं, अलबत्ता प्रदेश में कमजोर सरकार के चलते इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेल कोच फैक्ट्री जैसी बड़ी परियोजनाएं हरियाणा से दूसरे प्रदेशों में चली गई और बाडसा एम्स-2 परिसर के मंजूरशुदा 10 स्वास्थ्य संस्थान रद्द कर दिए गए। दुर्भाग्य की बात है कि 10 वर्षीय खट्टर सरकार के बाद भारत सरकार के आंकड़ों में हरियाणा देश में अपहरण, डकैती, फिरौती में नंबर 1 व हत्या दर में देश में नंबर 2 पर पहुँच गया है।

# देश को तुष्टिकरण की नीति के जरिए अस्थिरता व अराजकता की ओर धकेलना चाहता है इंडी गठबंधन: योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

बलरामपुर/लखनऊ । अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण की रणनीति वर्ष 1949 में बलरामपुर में बनी थी इसलिए रामलला पर पहला अधिकार आप सबका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में 500 वर्षों के बाद भव्य रामलला का मंदिर बनाकर बलरामपुरवासियों का इंतजार खत्म किया है। आप सभी अच्छी तरह जानते हैं कि यह काम कांग्रेस और सपा के लोग कभी नहीं कर पाते क्योंकि यह लोग तो हमेशा प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल ख?ा करते आये हैं। यह सब लोकतंत्र में आपके वोट की ताकत से हुआ है। यही वजह है कि पूरे देश में जनता जनार्दन एक स्वर में अबकी बार मोदी सरकार और 400 पार की बात कह रही है। वह कह रहे हैं जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इतिहास रामद्रोही है। ऐसे में यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच का हो गया है। यह रामद्रोही के साथ राष्ट्र विरोधी भी हैं। यह लोग आतंकवाद को प्रेरित और प्रोत्साहित



करने वाले हैं। यह लोग समाज को आपस में जाति के नाम पर लड़ाने वाले है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बलरामपुर के उतरौला के गोंडा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने गोंडा के लोकसभा प्रत्याशी कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह के पक्ष में वोट की अपील की।

श्री योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध लगाने वाले हैं। यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वाले लोग हैं। ये लोग देश को तुष्टिकरण की नीति के जरिये अस्थिरता और अराजकता की ओर धकेलना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। यह वही लोग हैं जिन्होंने देश के हर नागरिक के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। कांग्रेस के समय में रोज सुबह समाचार में भ्रष्टाचार और शाम होते-होते आतंकी वारदात की खबर सुनने को मिलती थी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गोंडा में समाजवादी पार्टी के समय में खाद्यान्न घोटाला हुआ था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। आज यह आटा और डाटा फ्री में देने की बात कहते हैं जबकि गरीब के राशन में डकैती डालते थे। इनकी इन बातों पर कतई विश्वास नहीं करना है। आज गरीब के हक पर कोई डाका नहीं डाल सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब का जनधन अकाउंट खोलकर कमीशनखोरी को समाप्त किया है। आज डीबीटी के माध्यम से अकाउंट में पैसा भेजा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनता ही उनका परिवार है। ऐसे में उन्होंने देश के हर 70 वर्ष के बुजुर्ग को हर साल 5 लाख फ्री इलाज की सुविधा देने की घोषणा की है, जो मोदी की गारंटी को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलाई थी, जिसे यह देश कभी भूल नहीं सकता है।

# ग्राउंड रिपोर्ट: वाईएसआर पार्टी बड़ी जीत हासिल करेगी!





अर्थ प्रकाश/, बोम्मा रेड्डी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के हाल में हुए 2024 के चुनाव में वाईएसआर पार्टी को 175 सदस्यीय आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में 98 से 99 सीटें जीतने का अनुमान है। विपक्षी टीडीपी गठबंधन 72-76 सीटों के साथ पीछे रहने की उम्मीद है। सर्वेक्षण की रिपोर्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा की जा रही है। इसके अलावा भी कई सोशल मीडिया के प्लेटफार्म ने 128 से 136 के बीच वाईएसआर पार्टी जीतने की संभावना जताया था।

यह विपक्षी घटक दलों के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि सत्ता में वापस आने की उनकी उम्मीदें नाकाम हो गई हैं। अत्यधिक ज्यादा पोलिंग डेटा से पता चलता है कि वाईएसआर पार्टी ने गांवों में अधिक वोट हासिल किया हैं, जबकि टीडीपी ग्रामीण मतदाताओं का विश्वास जीतने में विफल रही है इसके अलावा आंध्रा में तेलुगू देशम पार्टी वाईएसआर की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्र में क्षेत्र में दुष्प्रचार किया था यहां तक का दल की अब आंध्र प्रदेश श्रीलंका जैसे बिक जाएगी ठीक 1 साल के बाद जब 2024 में चुनाव का मौका आया तो वही वाईएसआर पार्टी के योजनाओं को इन्होंने भी अपने मेनिफेस्टो में जोड़ दिया इससे लोगों के लिए उक्त मेनिफेस्टो मजाकिया लगा और नकल मेनिफेस्टो का बड़ा सोशल मीडिया में प्रचार हुआ तथा जिस योजनाओं को आंध्र प्रदेश में लागू की गई उन योजनाओं पर भारतीय जनता पार्टी ने पहले तेलुगु देशम को दुष्प्रचार किया और भ्रष्टाचार पार्टी कहा उसके बाद जब चुनाव में गठबंधन हो गया तो उनकी योजनाओं को विपरीत दिशा में बयान दिया वहां तेलुगू देशम की तारीफ की और वह असर पार्टी सी निंदा की जिसके वजह से लोगों के दिमाग से उधर केंद्रीय भाजपा के ऊपर और इधर राज्य में तेलुगु देशभक्ति विपक्ष के ऊपर लोगों का विश्वास खत्म हो गया प्रधानमंत्री तक इसी तरह के बयान देने की वजह से काफी मतदाता इस चुनाव में अपना मतदान का पक्ष घटक दल को नकाराते हुवे वाईएसआर का समर्थन किया।

हालांकि, ग्राउंड रिपोर्ट ने संकेत दिया कि विपक्षी गठबंधन को शहरी मतदाताओं के बीच थोड़ी बढ़त है। कुल मिलाकर, शहरों की तुलना में गांवों में मतदान अधिक रहा है। यह स्पष्ट रूप से संकेत देता है कि वाईएसआरसीपी सत्ता में आ रही है। यह ग्राउंड रिपोर्ट के अलावा के अलावा स्वयं वाईएस जगन मोहन रेड्डी की अपनी चुनावी आकलन को लेकर 151 सीट से अधिक आने का उम्मीद भी जाताया है सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी द्वारा यह विश्वास जताने के ठीक एक दिन बाद आई है कि वाईएसआर पार्टी राज्य में रिकॉर्ड बहुमत से जीत रही है और 2019 के चुनावों में पिछले आंकड़ों यानी 151 विधायकों और 22 सांसदों को पार करने जा रही है। सीएम वाईएस जगन ने आई-पीएसी टीम को संबोधित करते हुए विश्वास जताया और कहा कि देश 2024 के एपी चुनाव के नतीजों को देखकर चौंक जाएगा।

# गरीब, दलित, पिछड़ा विरोधी मानसिकता से ग्रस्त भाजपा को सिखाएं सबक: महेन्द्र प्रताप सिंह

### फुलवाडी में कांग्रेस प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस बार यह लड़ाई सिर्फ चुनावी नहीं है बल्कि संविधान व देश को बचाने की भी है। क्योंकि गरीब, दलित व पिछड़ा विरोधी मानसिकता से ग्रस्त भाजपा संविधान को बदलने की बात कह रही है। ऐसे में इन जमलेबाज भाजपाईयों से अपने आपको बचाने का सही वक्त आ गया है, क्योंकि लोकतंत्र में वोट ही सबसे बडी ताकत होती है, इसलिए अपनी वोट की ताकत का एहसास कराओ। महेन्द्र प्रताप सिंह शुक्रवार को पलवल के फुलवाडी में आयोजित एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ पलवल के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन



बिजेन्द्र चांट, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा प्रभारी सत्यभान गहलौत तथा युवा कांग्रेस हरियाणा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मयंक चौधरी भी मुख्यरूप से मौजूद थे। जबकि रैली का संचालन आयोजक युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरेसिंह पोसवाल द्वारा किया गया। चुनावी सभा में हजारों लोगों की हाजरी ने इसे एक बडी रैली का रूप दे दिया जहां मंच पर इलाके की ओर से पगडी बांधकर अपने खुल समर्थन का ऐलान किया गया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसान की एमएसपी, युवा के रोजगार व व्यापारी की सुरक्षा देने के लिए कांग्रेस की जीत जरूरी है। क्योंकि मोदी की गारंटी जनता के समक्ष जुम्ले साबित हुई हैं इसलिए यहां के लोगों को कांग्रेस की गारंटी पर विश्वास है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आम गरीब, किसान, मजदूर, कमेरे, युवा महिला व बेरोजगारों के हितार्थ कार्य किए हैं। रैली में भारी भीड से गदगद महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों को भावनात्मक जोडते हुए कहा कि लोगों के चेहरों पर मुस्कान बता रही है कि यहां के लोगों ने भाजपा को हराने का पक्का मन बना लिया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने इस जोश और उत्साह को बढाते हुए एकजुट हो कांग्रेस पार्टी के चुनाव निशान हाथ के पंजे पर मोहर लगाकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें जिससे कि आने वाले समय में हरियाणा विधानसभा में भी कांग्रेस की सरकार बन सके। वहीं पलवल के पूर्व विधायक सुभाष चौधरी ने अपने संबोधन में भाजपा प्रत्याशी पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा की अब इस अहंकारी भाजपा के अहंकार को खत्म करने का समय आ गया है, अगर हमने ऐसे लोगो को फिर से मौका दे दिया तो यह इलाका हमें बर्दास्त नही करेगा, इसलिए अब समय है कि सब एकजुट हो जाओ और जो अपने आप को कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप बनकर चुनाव लड़ो। वहीं रैली के आयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष फिरेसिंह पोसवाल ने लोगों से दोनों हाथ उठवाकर आश्वासन दिया कि इस बार पलवल की जनता भारी बहुमत से महेन्द्र प्रताप सिंह को जिताएगी।

# सत्ता पाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी कर रहे है ड्रामा, दस साल तक नहीं ली सूध: भाजपा सांसद

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आज पूरा प्रदेश मोदीमय हो गया है और जनता मतदान के लिए उत्साहित है। सांसद ने कहा कि भाजपा चार सौ पार आंकड़े की तरफ बढ़ रही है और रोहतक सीट बडे मार्जिन से भाजपा जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब कुछ नहीं बचा और कांग्रेस ने एक तरह से अपनी हार मान ली है। उन्होंने कहा कि सत्ता पाने के लिए कांग्रेस बौखला गई है, जिसके चलते डर व भय का माहौल बनाने में लगी हुई है। सांसद ने दावा किया है कि दस की दस सीट पर भाजपा की जीत तय है। शुक्रवार को भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कलानौर विधानसभा के गांव सुंडाना, मसूदपुर, नौनंद, बलियाणा, सुनारियां, गरनावठी सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान सांसद ने कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान तो प्रदेश में किस तरह से भ्रष्टाचार होता था, यह सब जगजाहिर है, प्रदेश की जनता को कांग्रेस शासन काल के दौरान जिस तरह से लूटने काम किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है और अब वही लोग जनता के बीच जाकर मुख्यमंत्री बनने का दावा कर रहे हैं ऐसे लोगों को आखिर कौन मुख्यमंत्री बनाएगा, जिन्होंने इस तरह से प्रदेश को विकास की पटरी से उतारने का काम किया है। अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं में कोई बदलाव नहीं आया है और नहीं कांग्रेस की नीतियों में कोई बदलाव हुआ है, वही मैदान है और वही घोड़े है। भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिए कांग्रेस नेताओं द्वारा केवल झूठा प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपने लेने से कुछ नहीं होता, अगर कांग्रेस शासन काल के दौरान प्रदेश की जनता के लिए अच्छे कार्य किए होते आज कांग्रेस को यह दिन नहीं देखना पड़ता।

# पूर्व विधायक डीके बंसल की धर्मपत्नी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला के पूर्व विधायक डीके बंसल की धर्मपत्नी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गई है। अंजली बंसल पिछले लंबे समय से भाजपा में अपनी सेवाएं दे रही थी, लेकिन उन्होंने अब कांग्रेस का दामन थाम लिया है। उन्होंने शुक्रवार को बरवाला, खटौली और आसपास के गांव में जाकर लोगों के साथ बैठक की और लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। अंजली बंसल ने कहा कि आज लोग महंगाई, बेरोजगारी के कारण दुखी हैं। देश को बांटने की कोशिश की जा रही है, जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

अंजली बंसल ने कहा कि डीके बंसल के शासन में पंचकूला में बहुत विकास हुआ और इसी विकास कार्यों के दम पर वह लोगों के बीच जाकर वरुण चौधरी के लिए वोट मांग रही हैं। अंजली बंसल काफी समय तक कांग्रेस में कार्य कर चुकी हैं, लेकिन गत विधानसभा चुनाव में वह भाजपा में शामिल हो गई थी। अंजली बंसल ने कहा कि भाजपा ने जनता के साथ किए वादों को पूरा नहीं किया।

# चुनाव संबंधित जानकारी हासिल करने में टोल फ्री नंबर 1950 हो रहा कारगर साबित

**फरीदाबाद (दयाराम वशिष्ठ)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1950 चुनाव से संबंधित जानकारी हासिल करने में कारगर साबित हो रहा है। इस पर आने वाले शिकायतों व अन्य चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्थानीय लघु सचिवालय में प्रथम तल पर टोल फ्री नंबर के लिए विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर मतदाता सूची, मतदान केंद्र संबंधित जानकारी प्राप्त करने के अलावा चुनाव से संबंधित सुझाव व शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं।




# भक्तों की प्रार्थना जल्दी सुनते हैं चिंतामन स्वामी गणेश, क्यों बनाया जाता है उल्टा स्वास्तिक





वैसे तो पूरे देश में भगवान गणेश के कई मंदिर हैं। लेकिन भगवान गणेश के कुछ मंदिरों को लेकर तमाम तरह की किवदंतियां लोगों के बीच प्रचलित हैं। ऐसा ही एक मंदिर सीहोर में स्वयंभू गणेश जी का मंदिर है। इस मंदिर को चिंतामन गणेश मंदिर भी कहा जाता है। इस स्थान को सिद्ध स्थल माना जाता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको चिंतामन गणेश जी के मंदिर के बारे में कुछ रोचक तथ्यों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि सीहोर का सिद्धि विनायक मंदिर अपनी ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता है। इस मंदिर को चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर सीहोर उत्तर पश्चिम दिशा में गोपालपुर गांव में स्थित है। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपास से यह मंदिर करीब 35 किमी दूर स्थित है।

लोक कथाओं के अनुसार, उज्जैन के शासक महाराज विक्रमादित्य ने 155 विक्रम में इस मंदिर का निर्माण श्रीयंत्र के अनुरूप करवाया था। जिसके बाद मराठा पेशवा बाजीराव ने मंदिर का नवीनीकरण करवाया था। बुधवार के दिन यहां पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। वहीं गणेश चतर्थी के दिन इस मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस मंदिर में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा आधी खड़ी हुई और आधी जमीन के अंदर धंसी हुई है। जिसके कारण भक्तों को आधी मूर्ति के दर्शन हो पाते हैं।

माना जाता है कि यह स्वयंभू भगवान गणेश जी की प्रतिमा है। इसलिए इस मंदिर की प्रतिमा का प्रताप अन्य जगहों से ज्यादा माना जाता है। बताया जाता है कि इस मंदिर में अनेक तपस्वियों ने सिद्धि प्राप्त की है। मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त यहां पर अपना दुखड़ा सुनाता है। स्वयंभू श्री गणेश स्वयं भक्त के हर संकट को हर लेते हैं। कहा जाता है कि इस मंदिर में स्वास्तिक का उल्टा निशान बनाने के भक्तों का हर काम सिद्ध होता है।

**मंदिर से जुड़ी किंवदंती**

बताया जाता है कि मंदिर में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा की आंखों में हीरे जड़े थे। वहीं 150 साल पहले मंदिर में ताला नहीं लगाया जाता है। तभी किसी चोर ने गणेश जी की आंखों से वह हीरे चुरा लिए थे। जिसके बाद उस मूर्ति से लगातार 21 दिनों तक दूध बह रहा था। बाद में भगवान गणेश ने मंदिर के पुजारी को स्वप्न देते हुए कहा कि उनकी मूर्ति खंडित नहीं हुई है। मूर्ति में चांदी के नेत्र लगवा दो। जिसके बाद गणेश जी की प्रतिमा में चांदी के नेत्र लगवाए गए और मंदिर में भंडारा किया गया।

# मोहिनी एकादशी पर करें विष्णु चालीसा का पाठ, मिलेगा वरदान



हिंदू धर्म में एकादशी तिथि बेहद शुभ मानी जाती है। जो कि 19 मई को मनाई जाएगी। इस दिन भगवान विष्णु और धन की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। वैशाख महीने में पड़ने वाली एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो साधक इस दौरान विष्णु जी की पूजा भाव के साथ करते हैं उन्हें सुख-शांति की प्राप्ति होती है।

**।।विष्णु चालीसा का पाठ।।**

**'दोहा'**

विष्णु सुनिए विनय सेवक की चितलाय। कीरत कुछ वर्णन करूं दीजै ज्ञान बताय ॥
नमो विष्णु भगवान खरारी, कष्ट नशावन अखिल बिहारी ।
प्रबल जगत में शक्ति तुम्हारी, त्रिभुवन फैल रही उजियारी ॥
सुन्दर रूप मनोहर सूरत, सरल स्वभाव मोहनी मूरत । तन पर पीताम्बर अति सोहत, बैजन्ती माला मन मोहत ॥
शंख चक्र कर गदा विराजे, देखत दैत्य असुर दल भाजे ।
सत्य धर्म मद लोभ न गाजे, काम क्रोध मद लोभ न छाजे॥
सन्तभक्त सज्जन मनरंजन, दनुज असुर दुष्टन दल गंजन ।
सुख उपजाय कष्ट सब भंजन, दोष मिटाय करत जन सज्जन ॥
पाप काट भव सिन्धु उतारण, कष्ट नाशकर भक्त उबारण ।
करत अनेक रूप प्रभु धारण, केवल आप भक्ति के कारण॥
धरणि धेनु बन तुमहिं पुकारा, तब तुम रूप राम का धारा ।
भार उतार असुर दल मारा, रावण आदिक को संहारा ॥
आप वाराह रूप बनाया, हिरण्याक्ष को मार गिराया । धर मत्स्य तन सिन्धु बनाया, चौदह रतनन को निकलाया ॥
अमिलख असुरन द्वन्द मचाया, रूप मोहनी आप दिखाया।
देवन को अमृत पान कराया, असुरन को छवि से बहलाया॥
कूर्म रूप धर सिन्धु मझाया, मन्द्राचल गिरि तुरत उठाया।
शंकर का तुम फन्द छुड़ाया, भस्मासुर को रूप दिखाया॥
वेदन को जब असुर डुबाया, कर प्रबन्ध उन्हें ढुढवाया।
मोहित बनकर खलहि नचाया, उसही कर से भस्म कराया॥
असुर जलन्धर अति बलदाई, शंकर से उन कीन्ह लड़ाई।
हार पार शिव सकल बनाई, कीन सती से छल खल जाई॥
सुमिरन कीन तुम्हें शिवरानी, बतलाई सब विपत कहानी।
तब तुम बने मुनीश्वर ज्ञानी, वृन्दा की सब सुरति भुलानी ॥
देखत तीन दनुज शैतानी, वृन्दा आय तुम्हें लपटानी। हो स्पर्श धर्म क्षति मानी, हना असुर उर शिव शैतानी ॥
तुमने ध्रुव प्रहलाद उबारे, हिरणाकुश आदिक खल मारे ।
गणिका और अजामिल तारे, बहुत भक्त भव सिन्धु उतारे ॥
हरहु सकल संताप हमारे, कृपा करहु हरि सिरजन हारे ।
देखहुं मैं निज दरश तुम्हारे, दीन बन्धु भक्तन हितकारे ॥
चाहता आपका सेवक दर्शन, करहु दया अपनी मधुसूदन।
जानूं नहीं योग्य जब पूजन, होय यज्ञ स्तुति अनुमोदन ॥
शीलदया सन्तोष सुलक्षण, विदित नहीं व्रतबोध विलक्षण।
करहुं आपका किस विधि पूजन, कुमति विलोक होत दुख भीषण ॥
करहुं प्रणाम कौन विधिसुमिरण, कौन भांति मैं करहु समर्पण। सुर मुनि करत सदा सेवकाई, हर्षित रहत परम गति पाई ॥
दीन दुखिन पर सदा सहाई, निज जन जान लेव अपनाई।
पाप दोष संताप नशाओ, भव बन्धन से मुक्त कराओ ॥
सुत सम्पति दे सुख उपजाओ, निज चरनन का दास बनाओ।
निगम सदा ये विनय सुनावै, पढ़ै सुनै सो जन सुख पावै ॥

**।।इति श्री विष्णु चालीसा।।**

# आचार्य महाश्रमण विश्व की महान विभूति और महाश्रमिक है: मुनिश्री विनय कुमार जी




**मंडी गोबिंदगढ़।** आचार्य महाश्रमण विश्व की महान विभूति है, महाश्रमिक है। आचार्य श्री महाश्रमण मानवता के उज्जवल भविष्य है। तेरापंथ के आचार्यो की उज्जवल परंपरा के नक्षत्र हैं आचार्य श्री महाश्रमण जी। आचार्य महाप्रज्ञ द्वारा अपने उतराधिकारी के रूप में मनोनीत महाश्रमण विनम्रता की प्रतिमूर्ति है, उज्जवल परपंरा के नक्षत्र आचार्य श्री महाश्रमण जी जिन्होंने तेरापंथ धर्म संघ अथवा जैन धर्म को ऊंचाईयों पर पहुंचाया बल्कि मानवता को ऊंचाई के शिखर पर ले गए। वे पुरूषार्थ के धनी हैं जो निर्धारित लक्ष्यों को अपने पुरूषार्थ के माध्यम से यथोचित्त स्थान पर पहुंचाने में सक्षम है। उनका उज्जवल नेतृव्य केवल संघ को गौरवान्ति ही नही कर रहा हैं बल्कि पूरी मानव जाति को गौरवान्ति कर रहा है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने आचार्य श्री महाश्रमणजी को षष्टिपूर्ति और जन जागृति सम्मेलन के विशाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडी गोबिंदगढ के तेरापंथ भवन में कहे कार्यक्रम में श्री सुरेंद्र मित्तल चेयरमैन पंजाब प्रांतीय सभा पंजाब, पंजाब सभा के अध्यक्ष केवल कृष्ण जैन, कुलदीप सुराणा, पंजाब प्रभारी तेरापंथी महासभा, प्रवीन जैन आदि ने अपने विचारो की अभिव्यक्ति दी। इसके अलावा कार्यक्रम का संयोजन जोगेंद्र पाल ने किया। कार्यक्रम में उदबोधन मुनि अभय कुमार जी ने किया। उन्होने आचार्यश्रीमहाश्रमण जी पर अपने द्वारा लिखित गीत गुनगुनाया।

मनीषीसंत ने आगे कहा आचार्य महाश्रमण उसी आलोकधर्मी परंपरा का विस्तार है, जिस परंपरा को महावीर, बुद्ध, गांधी, आचार्य भिक्षु, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ ने अतीत में आलोकित किया है। अतीत की यह आलोकधर्मी परंपरा धुंधली होने लगी, इस धुंधली होती परंपरा को आचार्य महाश्रमण एक नई दृष्टि प्रदान कर रहे हैं। यह नई दृष्टि एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात कही जा सकती है। वे आध्यात्मिक इन्द्रधनुष की एक अनूठी एवं सतरंगी तस्वीर हैं। उन्हें हम ऐसे बरगद के रूप में देखते हैं जो सम्पूर्ण मानवता को शीतलता एवं मानवीयता का अहसास कराता है। इस तरह अपनी छवि के सूत्रपात का आधार आचार्य महाश्रमण ने जहां अतीत की यादों को बनाया, वहीं उनका वर्तमान का पुरुषार्थ और भविष्य के सपने भी इसमें योगभूत बन रहे हैं। विशेषत~ उनकी विनम्रता और समर्पणभाव उनकी आध्यात्मिकता को ऊंचाई प्रदत्त रह रहे हैं। भगवान राम के प्रति हनुमान की जैसी भक्ति और समर्पण रहा है, वैसा ही समर्पण आचार्य महाश्रमण का अपने गुरु आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ के प्रति रहा है। मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया तेरापंथ की गौरवशाली आचार्यो की परम्परा में यह एक ओर गौरव जुड़ गया आचार्य श्री महाश्रमण के रूप में! 22 वर्ष की उम्र में वे पूज्यवर रूप के विधिवत निकट आए फिर एक -एक सीढ़ी आगे बढ़ते गए।

# जिस चीज को बचाना है उसे बचाते नहीं



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

नाम के बगैर इन्सान की कोई भी कीमत नहीं 7 जैसे एक पक्षी, जिसके पंख कटे हो, उसकी क्या कीमत रह जाएगी? एक गाय दूध देने वाली होती है, उसकी कीमत है। जो गाय दूध नहीं देती, उसकी आप कितनी कीमत डालते हैं। इसी तरह इन्सान है। जिस इन्सान के जीवन मे यह नाम बस जाता है उसका मोल पड़ जाता है। वह वास्तव में इस संसार में आने का लाभ प्राप्त कर लेता है। इस नाम को जानने और जीवन में इसका व्यवहार करने से ही लाभ है। इसी से इन्सान की कीमत है। यही सत्यय वस्तु है। जीवन में इसी की कमाई करनी है। पर जिस चीज को बचाना है, उसको तो इन्सान बचाता नहीं और सभी कुछ बचाने को फिरता है। और सभी कुछ कायम रखने को फिरता है। झूठी वस्तुओं के लिए इन्सानों के साथ टकराता भी है।

एक सेठ के महल में आग लगी है, नौकर-चाकर भाग-दौड़ रहे हैं। कह रहे हैं कि सेठजी! आपकी कीमती चीजें बताओ, उन्हें बचा लें। आग बड़ी तेजी से बढ़ रही है। सेठ ने एकदम कहा कि फलां कमरे में चले जाओ, वहां आपको एक तस्वीर दिखाई देगी। तस्वीर के पीछे एक तिजोरी बनाई गई है। उस तिजोरी मे से आप मूल्यवान हीरे उठा लाओ। हीरे आ गए। फिर सेठ से पूछा कि अभी क कमरा बचा हुआ है और कुछ ध्यान में हो तो बताओ। सेठ बोला ङ्क उसमे एक बहुत कीमती सोने से मढ़ा गलीचा पड़ा है, उसे उठा लाओ। वह भी आ गया। थोड़ा समय बीता कि सारा महल आग की लपेट में आ गया। अचानक एक नौकर ने सेठ जी से पूछ लिया- सेठ जी, छोटे मालिक कहां है? सेठ जी को एकदम पसीना आ गया। सांस रुक गया और कहने लगा कि जब आग लगी थी, तो वह मेरे कमरे में सो रहा था। जब आग ठण्डी हुई तो अन्दर जाकर देखते हैं कि उस कमरे में उस लड़के की जली हुई लाश पड़ी है। सेठ रोने लगा कि सबसे कीमती वस्तु तो मेरा अपना बेटा था। पर इस माया ने मुझे ऐसा भरमाया कि मैं सब चीजें ही बचाता रहा लेकिन जिसके लिए बचाता रहा, वह चीज ही चली गई।

## पंचांग

शनिवार, 18 मई, 2024, सूर्योदयः 05:29 ए एम, सूर्यास्त3 07:07 पी एम, चन्द्रोदयः 02:31 पी एम, चन्द्रास्तः 02:51 ए एम, मई 19, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः वैशाख, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः शनिवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः दशमी - 11:22 ए एम तक, नक्षत्रः उत्तराफाल्गुनी - 12:23 ए एम, मई 19 तक, योगः हर्षण - 10:25 ए एम तक, करणः गर - 11:22 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 12:37 ए एम, मई 19 तक, सूर्य राशिः वृषभ, चन्द्र राशिः कन्या, राहुकालः 08:53 ए एम से 10:35 ए एम, गुलिक कालः 05:29 ए एम से 07:11 ए एम, यमगण्डः 02:00 पी एम से 03:42 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:50 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:29 ए एम से 06:23 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:23 ए एम से 07:18 ए एम, अमृत कालः 04:16 पी एम से 06:04 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आपके आस-पास के लोग आपके मधुर व्यवहार को देख कर हैरान रह जाएंगे। आप सबकी मदद करने के लिए आगे रहेंगे।

**वृषः** आज आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। इस ऊर्जा के साथ जिस काम को करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा।

**मिथुनः** आज अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। इस बात का विशेष ध्यान रखें की आपके फैसले से ऐसी किसी व्यक्ति को दु:ख न हो जो आप पर भावनात्मक रूप से निर्भर है।

**कर्कः** आज कोई बहस या झगड़ा होने की संभावना है इसलिए पूरी कोशिश करें कि आप किसी बहस या झगड़े में ना पड़ें।

**सिंहः** संतान की शिक्षा में उन्नति होने की संभावना हैं। पारिवारिक जीवन में वातावरण अच्छा रहेगा।

**कन्याः** आज कुछ लोग आपकी झुंझुलाहट की वजह बन सकते हैं, उन्हें नजरअंदाज करें। प्यार की ताकत आपको प्यार करने की वजह देती है।

**तुलाः** आज आप शायद कुछ पेशानियों में फंसे हैं, ऐसे समय में आपको जो मदद मिलेगी उससे आपको बहुत राहत मिल सकती है।

**वृश्चिकः** नया वाहन लेने की स्थिति बन रही है। मित्रों के सहयोग से रूके हुए कार्य पूरे हो जायेंगे। सावधानी बरतनें की आवश्यकता है।

**धनुः** आज का दिन शांत रहकर गुजारें। शारीरिक अस्वस्थता आपको बेचैन बनाएगी। नौकरी-व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा।

**मकरः** किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ आपका रिश्ता खराब हो सकता है। आज अपनी तरफ से अपने रिश्ते को सुधारने की पूरी कोशिश करें।

**कुंभः** आज आप खुद से काम करने पर विचार करेंगे तो फायदा होगा। ऑफिस में दिन अच्छा बीतेगा, नए दोस्त बनेंगे।

**मीनः** आज आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। अपने निर्णय लेने में कोई संकोच न करें खुलकर अपनी बात रखें और निर्णय लें।

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला।**

# चार लाख के आभूषण चोरी करने के मामले में एक महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने एक मकान का ताला तोड़कर 4 लाख के आभूषण चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुलदीप, कुलदीप की मां सुनीता तथा साथी आरोपी रितु का नाम शामिल है। सभी आरोपी बिहार के पटना एरिया के रहने वाले हैं और फिलहाल फरीदाबाद के पल्ला एरिया में रह रहे थे। आरोपी रितु अब नोएडा में रहने लगा था। दिनांक 6 अप्रैल 2024 को पल्ला थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी कुलदीप ने आइटीबीपी में तैनात एक जवान के मकान में रात के समय घर का ताला तोड़कर उसमें से करीब 6 तोले जेवरात चोरी किए थे जिनकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए थी। थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने वारदात के मुख्य आरोपी कुलदीप को पल्ला थाना के एक मोटरसाइकिल चोरी के अन्य मुकदमे में 14 मई को गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने बताया कि उसी ने जेवरात चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि जेवरात चोरी करने के बाद उसने आधे गहने अपनी मां सुनीता तथा आधे गहने अपने साथी रितु को बेचने के लिए दे दिए थे। आरोपी कुलदीप की शिनाख्त पर आरोपी रितु को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 50 हजार रुपए बरामद किए जो उसने गहने बेचकर प्राप्त किए थे। आरोपी कुलदीप और रितु नशा करने के आदि हैं। आरोपी ऋतु ने बताया कि यह गहने उसने 80 हजार रुपए में बेचे थे जिसमें से 30 हजार रुपए उसने खर्च कर दिए। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आज कुलदीप की मां आरोपित महिला सुनीता को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से सोने के 2 झुमके, 1 नथनी तथा कान की 1 बाली बरामद की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कुलदीप के खिलाफ घरों में चोरी के 7 मुकदमे दर्ज हैं जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी बड़ौली के समर्थन में कविता, राजीव जैन ने किया रोड शो

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**सोनीपत।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में मिशन चौक से लेकर कालूपुर चुंगी तक जबरदस्त रोड शो के माध्यम से दुकानदारों से वोट की अपील की।

पूर्व मंत्री अनिल ठकर भी साथ रहे।मिशन चौक से ढोल नगाड़ों के साथ जैसे ही रोड शो शुरू हुआ दुकानदारों ने फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पूरे रास्ते दुकानदारों ने स्थान - स्थान पर समूह के रूप में इकट्ठे होकर समर्थन दिया। कविता जैन ने कहा की हम व्यापारियों के सुख-दु:ख में हमेशा साथ खड़े रहे हैं, इसलिए एक-एक वोट भाजपा के प्रत्याशी को देकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनायें। रोड शो में डॉ. ओम प्रकाश अत्रे, जिला महामंत्री नवीन मंगला, निगम पार्षद, हरी सैनी, अतुल जैन, इंदु वलेचा, सुरेंद्र मदान, महेश लूथरा, लक्ष्मी नारायण तनेजा, संगीता सैनी, मुकेश सैनी, मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा, सुनीता लोहचब, किरण बाला, अनिल ग्रोवर, ब्रह्म प्रकाश राठी, प्रेमा तिवारी, रेखा गर्ग, मनोज सहित सैंकड़ो दुकानदार साथ रहे।

# कचरा प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन



अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

**नरवाना।** चौबीसी विकास संघ के द्वारा नगर परिषद के सहयोग से नरवाना के बालभवन में कचरा प्रबन्धन के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राजबीर सिंह और सोनू शर्मा सुपरवाइजर ने संयुक्त रूप से बताया कि हम सबने मिलकर नरवाना शहर को साफ-स्वच्छ व गन्दगी मुक्त बनाना है। प्लास्टिक व पोलीथीन को जड से मिटाना है। कचरे की पहचान करके उन्हें अलग-अलग डस्टबीन में डालना है ताकि कचरे का ठीक जंग से निपटारा हो सके। इस अभियान में सबने मिलकर काम करना है ताकि नरवाना शहर में गन्दी का पहा? न बने और शहर साफ-सुथरा बन सके। इस कार्यशाला में बताया कि आमजन अपनी जिम्मेवारी समझते हुए स्वच्छता को अपने जीवन में ग्रहण करना है। सभी को श्रमदान करना चाहिए। कार्यशाला में प्रोग्राम के ऑफिसर ओ पी नरेन्द्र कुमार, अध्यापिका मीनू रानी, सीमा रानी, दयानन्द व शमशेर सिंह व टीम के साथी सज्जन सिंह, मन्दीप सिंह आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# लोकसभा आम चुनाव के दौरान मतदान केन्द्रों को किया गया तंबाकू व धूम्रपान मुक्त घोषित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान होने वाले मतदान के दिन मतदान केन्द्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि 25 मई को मतदान के लिए मतदान केन्द्रों पर तंबाकू उत्पाद लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए सभी मतदाताओं का आह्वान है कि वे मतदान केन्द्रों पर तंबाकू उत्पाद व धूम्रपान का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पहले लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए शुरू की गई है क्योंकि धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों का प्रयोग करना हमारे सेहत के लिए हानिकारक है क्योंकि इससे केंसर, टीबी जैसे अनेक बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है। इसलिए सभी आज ही संकल्प ले कि वे धुम्रपान व तंबाकू उत्पादों का त्याग करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि हम आने वाले 25 मई को सभी मतदान केन्द्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त बना सके।

## पुलिस व जनता के संयुक्त प्रयासों से नशा मुक्त होगा हरियाणा

# आधुनिक पुलिस जनता के सहयोग से अपराध मुक्त हरियाणा के निर्माण में सबसे आगे: डॉ. अशोक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध एक युद्ध स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। इस कड़ी में आज महर्षि दयानन्द शिक्षा सदन खरखौदा में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में पहुंचे ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप के माध्यम से नशे जैसी बुराई पर चर्चा की। युवाओं के विचार जानकर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन किया और कहा कि इस पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहयोग करें। उन्होंने अपना निजी नंबर 9053115315 विद्यार्थियों के साथ साँझा करते हुए बताया कि पुलिस जनता की सेवा सुरक्षा और सहयोग के लिए है। उन्होंने बताया कि आधुनिक पुलिस जनता के सहयोग से अपराध मुक्त हरियाणा के निर्माण में सबसे आगे है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र दहिया सहित 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# बिलासपुर इंडिया गठबंधन ने बोला भाजपा पर हमला

# जेपी नड्डा होंगे भाजपा के अंतिम राष्ट्रीय अध्यक्ष : रामलाल ठाकुर

- 4 जून को प्रदेश और देश की जनता देगी भाजपा को जवाब
- देश का संविधान बदलने जा रही है भाजपा



अर्थ प्रकाश/ प्रविंद्र शर्मा

**बिलासपुर।** बिलासपुर में इंडिया गठबंधन ने एकजुटता का संदेश देते हुए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश भाजपा पर तीखा निशाना साधा है। शुक्रवार को बिलासपुर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर, सीपीआई नेता पूर्व विधायक के के कौशल , माकपा नेता विजय शर्मा तथा आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्णेंद्र मोहन कश्यप ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रदेश में लोकसभा की 4 और 6 विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देने का ऐलान किया। पत्रकार वार्ता में राम लाल ठाकुर ने कहा कि यह चुनाव नैतिकता व अनैतिकता, सच्चाई व बुराई तथा धनबल व जनबल के बीच होगा, जिसमें 4 जून को जनबल की जीत होगी। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा तय करेंगे, ऐसे में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर वोट का विभाजन न हो, उसके लिए इंडिया गठबंधन एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ रहा है। ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता भलीभांति जान चुकी है कि किस तरह से भाजपा ने प्रदेश सरकार को ऑप्रेशन लोटस के तहत गिरने का प्रयास किया था, ऐसे में अब इसका जवाब चुनाव में जनता भाजपा को देगी। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा भाजपा के अंतिम राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे क्योंकि उन्होंने भाजपा को खत्म करने में कोई कसर नहीं रखी है। और अब भाजपा अपने संविधान में भी बदलाव करने जा रही है जिससे नड्डा अब अंतिम ही अध्यक्ष होंगे।

वहीं, सीपीआई के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक के के कौशल ने कहा कि आजादी के बाद यह साधारण चुनाव नहीं बल्कि असाधारण चुनाव है। जहां 2-2 राज्यों के मौजूदा मुख्यमंत्री को मोदी सरकार ने संविधान के विरुद्ध कार्य करते जेल भेजा। ऐसा इतिहास में पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि सीपीआई इंडिया गठबंधन का अनुमोदन करती है और प्रदेश की 4 लोकसभा और 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज देश खतरे में है। यदि संविधान बचेगा तो ही लोकतंत्र बचेगा।

वहीं, माकपा नेता के विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश की जनता से जो वायदे किए थे, वे जुमला साबित हुए। ऐसे में अब देशवासियों के अच्छे दिन तब आएंगे, जब जुमलेबाजों की सरकार सत्ता से बाहर जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सभी सीमाओं को लांघ दिया है, ऐसे में अब देश की जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।

वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्णेन्द्र मोहन कश्यप ने कहा कि इस समय भाजपा की कुत्सित चालों को पूरा देश समझ चुका है उन्होंने कहा कि जो वादे भाजपा ने किए थे उन पर वह कायम नहीं रह पाई है और इस बार जनता उन्हें सबक सिखा कर रहेगी।संयुक्त पत्रकार वार्ता में सहयोगी दलों के कई अन्य नेता भी मौजूद रहे।

## गगरेट और कुटलैहड़ में कुल 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**ऊना (अप्रस)।** ऊना जिले के गगरेट और कुटलैहड़ में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए अब कुल 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें गगरेट में 5 तथा कुटलैहड़ में 4 उम्मीदवार हैं। बता दे, नामांकन वापिस लने के अंतिम दिन 17 मई को गगरेट से दो उम्मीदवारों ने अपने परचे वापिस ले लिए हैं। वहीं, नामांकन वापिस लेने की प्रक्रिया के उपरांत सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह जारी कर दिए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गगरेट ने बताया कि 17 मई शुक्रवार को गगरेट विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापिस लिए हैं। गगरेट विस से रविन्द्र कुमार, वार्ड संख्या 7, गांव कुठेड़ा जसवालां निचला व डाकघर कुठेड़ा जसवालां, तहसील घनारी, जिला ऊना और मोहित बग्गा, वार्ड संख्या 5, गांव व डाकघर गगरेट, उप तहसील कलोह ने अपने नाम वापिस लिए हैं। दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापिस लेने के उपरांत गगरेट से कुल 5 उम्मीदवार विधायक बनने के लिए चुनाव मैदान में हैं।

# घर से वोट' की सुविधा का लाभ लेंगे 4224 मतदाता

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**ऊना।** ऊना जिले में लोकसभा आम चुनाव तथा 2 विधानसभा उपचुनावों के लिए 4224 मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना है। इनमें लोकसभा के लिए 2994 मतदाता और विधानसभा उपचुनाव में 1230 मतदाता घर के वोट डालने की चुनाव आयोग की सुविधा का लाभ उठाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए घर से पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डालने की व्यवस्था की है। प्रशासन की विशेष टीमें घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ 21 से 29 मई तक मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराएंगी। इसके लिए जिले में हर विधानसभा क्षेत्र में 5-5 मोबाइल पोलिंग टीमें गठित की गई हैं । इनमें हर टीम में 4 मतदान कर्मी होंगे, जिनमें एक मतदान अधिकारी, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक सुरक्षा कर्मी और एक वीडियोग्राफर शामिल हैं।

कहां कितनों ने चुना घर से मतदान का विकल्प जतिन लाल ने बताया कि लोकसभा सामान्य चुनावों के लिए पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8,643 पात्र मतदाताओं को घर से मतदान का विकल्प चुनने से संबंधित फॉर्म 12 डी वितरित किए गए थे, जिनमें से 2,994 मतदाताओं ने घर से मतदान करने को लेकर अपने फॉर्म संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करवाए हैं। चिंतपूर्णी(एससी) विस में 1,681 मतदाताओं को फॉर्म 12डी वितरित किए गए थे, जिनमें से 685 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प के साथ फॉर्म जमा कराए हैं। गगरेट विस में 1,569 मतदाताओं को फॉर्म 12 डी बांटे गए जिनमें 582 मतदाताओं ने अपने फॉर्म जमा करवाए। हरोली विस में 1,825 में से 591 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है।

# मंडी संसदीय क्षेत्र से 10 उम्मीदवारों को आवंटित किए चुनाव चिन्ह

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** लोकसभा चुनाव के लिए मंडी संसदीय क्षेत्र से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। नामांकन वापस लेने के दूसरे दिन भी किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया । यह जानकारी रिटर्निंग आफिसर, मंडी संसदीय क्षेत्र अपूर्व देवगन ने दी।

उन्होंने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र से अब भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत, इंडियन नेशनल कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह, बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश चंद भारद्वाज, राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के नरेन्द्र कुमार, भारतीय परिवार पार्टी के विनय कुमार, हिमाचल जनता पार्टी के महेश सैणी और निर्दलीय उम्मीदवार आशुतोष महंत, दिनेश कुमार भाटी, राखी गुप्ता तथा सुभाष स्नेही सहित कुल 10 उम्मीदवार हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत को कमल, बहुजन समाज पार्टी के डा0 प्रकाश चंद को हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को हाथ, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के नरेन्द्र कुमार को बांसुरी, हिमाचल जनता पार्टी के महेश सैनी को टेलीफोन, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के विनय कुमार को केतली, निर्दलीय आशुतोष को त्रिभुज, निर्दलीय दिनेश कुमार भाटी को दूरबीन, निर्दलीय राखी गुप्ता को सेब तथा निर्दलीय सुभाष मोहन स्नेही को बल्लेबाज चिन्ह आवंटित किया गया है।

# 4 जून को इंडी गठबंधन काकुनबा होगा धराशायी : बिंदल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिन्दल ने कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे आयेंगे और इंडी गठबंधन जो भानुमति का कुनबा है और तरह-तरह के विचारों, तरह-तरह के नेताओं को मिलाकर बनाने का जो प्रयास किया है, धराशायी होने वाला है और कांग्रेस पार्टी अपने सबसे निचले स्तर पर खड़ी होने वाली है क्योंकि इन्होनें अपनी वैचारिक दिवालियेपन की इंतहा कर दी है इसके कारण देशभर में इनके नेताओं की बैखलाहट मंचों पर व मीडिया में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। चार चरणों का मतदान पूरा होने के बाद अब ये अपने घोषणा पत्र से हटकर अलग तरह की घोषणाएं करने में लगे हैं। 75 प्रतिशत चुनाव पूरा होने पर नई घोषणाओं की तरफ बढ़ रहे हैं।

डॉ0 बिन्दल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस और कांग्रेस सरकार पूरी तरह आपे से बाहर है। शब्दों के उपर इनका कोई नियंत्रण ही नहीं रहा है। इनके जो उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, उनके पास कांग्रेस की उपलब्धि के नाम पर कुछ बताने को नहीं है। इनके नेताओं ने झूठ बोल-बोलकर जनता को जो गुमराह किया है, उसका लावा अब फूटने वाला है। अब इनकी झूठ बोलने की सीमा भी समाप्त हो चुकी है और अब ये गुस्से में है, बौखलाहट में है, किसी को भी गाली देने के लिए तैयार बैठे हैं। हिमाचल प्रदेश की जनता ने मोदी जी के साथ चलने का मन बना लिया है और जनमानस का समर्थन, अपार स्नेह मोदी जी को मिल रहा है और मिले भी क्यों नहीं आज हिमाचल जो आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है उसमें मोदी जी का बहुत बड़ा योगदान है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज कांग्रेस के पास कोई नेता ही नहीं है जो देश का नेतृत्व कर सके। इनके सभी लोगों के उपर मामले चल रहे हैं, कुछ जमानत के उपर हैं, इनका टुकड़े-टुकड़े गैंग के साथ सम्बन्ध होना, कांग्रेस के नेताओं का पाकिस्तान की सरपरस्ती का लेबल लगाकर घूमना, पाकिस्तान का कांग्रेस के प्रति समर्थना देना ये सारी बाते देश की जनता को भली-भांति समझ आ रही है। तुष्टीकरण की राजनीति, जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर बांटकर वोट मांगने की योजना जो चल रही है उसे भी जनता भली प्रकार से समझ चुकी है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने तो सीधा-सीधा कह दिया कि हिमाचल प्रदेश के 97 प्रतिशत हिन्दुओं को हराकर हमने 2022 में सत्ता प्राप्त की है। इतना अहंकार मुख्यमंत्री को हो गया कि उन्होंनें 97 प्रतिशत हिन्दुओं को हराया। इस बार हिमाचल की जनता हिसाब करने वाली है। 1 जून को वोट डलेंगे और भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी के पक्ष में वोट डलेंगे और हिमाचल की जनता कांग्रेस के निकम्मे व्यवहार का जवाब वोट की चोट से देने वाली है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा कल करेंगे प्रदेश में 3 रैलियों को सम्बोधित : बिहारी लाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चुनावी सक्रियता बढ़ती जा रही है इसी कड़ी में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर हैं। भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एक दिवसीय दौरे के दौरान हिमाचल प्रदेश में तीन विशाल जनसभाओं को संबोधित करेंगे। यह सभाएं विशेष रूप से इन स्थानों कांगड़ा में फतेहपुर, चंबा और सोलन के अर्की में होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पहली जनसभा प्रातः 11:00 बजे, स्थान-रैहण फतेहपुर, कांगड़ा, दूसरी जनसभा चंबा में दोपहर 1 बजे होगी और तीसरी सोलन के कुनिहार में दोपहर 3:30 बजे होगी। उन्होंने कहा कि इन विशाल जनसभाओं को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उनके सम्बोधन से हिमाचल में प्रचार को तेजी मिलेगी और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता बूस्ट भी होगा। इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा के प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए एक वातावरण का निर्माण होगा। उन्हांने कहा कि अपने अध्यक्ष के स्वागत के लिए कार्यकर्ता उत्साह के साथ तैयारियां कर रहे है।

उन्हांने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का नेतृत्व करे इसके लिए हिमाचल की जनता प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल को सदैव अपना दूसरा घर माना है और हिमाचल के विकास को प्राथमिकता दी। पीएम मोदी ने 4 करोड़ गरीब परिवारों के लिए घर बनाए। जब तक देश में प्रधानमंत्री मोदी जैसा नेतृत्व है कोई माई का लाल सीएए खत्म नही कर सकता ना ही धारा 370 को वापिस ला सकता है। कांग्रेस ने देश पर राज किया। हालत ये थी कि देश में 85 प्रतिशत घरों में नल से जल नहीं आता था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से सत्ता में आई 14 करोड़ परिवारों तक पीने का पानी पहुंचाने का काम किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 'लोकतन्त्र को सफल बनाना है...' नारे पर दिया ज़ोर



**बीबीएन / नालागढ़ ( रितिक / पवन कौशल )।** नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में गठित स्वीट टीम के नोडल अधिकारी डॉ.नरेश कुमार एवं उनकी टीम के सदस्य रवि नंदन शुक्ला और देवेश शर्मा ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुल्लरवाला में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वीप टीम द्वारा प्रजातंत्र में वोट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि आप विद्यार्थी ही देश का भविष्य है और देश के भविष्य को बनाने में आपका महत्वपूर्ण योगदान है। यदि प्रजातंत्र को वास्तविक रूप में सफल बनाना है तो कोई भी मतदाता मतदान करने से छूटना नहीं चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपना संपूर्ण सहयोग दे । विद्यार्थियों ने इस मौके पर नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने बच्चों को संकल्प पत्र के माध्यम से कहा कि हमारा भविष्य देश के मजबूत लोकतंत्र से जुड़ा है। टीम ने यह भी नारा दिया कि 'लोकतन्त्र को सफल बनाना है, सारा काम छोड़कर वोट की ताकत को दिखाना है'। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या उपमा शर्मा, प्रवक्ता राजेंद्र कौर, निर्मला ,सोहन लाल, राणा सिंह, अंजु एवं रमा ठाकुर सहित करीब 125 विद्यार्थियों सहित भाग लिया।

### सोहम ने 96.8 फीसदी अंक लेकर हासिल किया तीसरा स्थान

**सोलन (अप्रस)।** होनहार विरवान के होत चिकने पात वाली कहावत



सोहम वर्मा पर स्टीक बैठती है। सोहम वर्मा ने बाल्य काल में ही अपनी अभिनय प्रतिभा का झंडा मुंबई में गाड़ दिया था। आठवीं की परीक्षा के बाद एक्टिंग से विश्राम लेकर पढ़ाई में मन लगाया और इस बार दसवीं की परीक्षा में 96.8 फीसदी अंक लेकर अपने स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया। बता दें कि सोहम सोलन के सेंट ल्यूक्स स्कूल का छात्र है और जितनी अच्छी वह एक्टिंग करता है, उतना ही होनहार छात्र भी है। ` सोहम पढ़ाई में भी हमेशा अव्वल रहता है। परिजनों को भी अपने लाड़ले पर नाज है। सोलन जैसे छोटे शहर से मुंबई का सफर इतना आसान नहीं था, लेकिन सोहम के हुनर ने उसे सुगम बना दिया। सोहम वर्मा छोटी स्कीन पर अपनी अभिनय प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। जीटीवी के तीसरे रियल्टी शो इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज में सोहम ने सेमीफाइनलिस्ट रहे थे। सोलन के कोटला नाला निवासी सोहम के पिता संजय वर्मा व माता पायल वर्मा ने बताया कि सोहम की बचपन से ही संगीत और एक्टिंग में रूची थी। संजय वर्मा ने बताया कि 5 वर्ष की आयु से ही उसने संगीत सीखना शुरू कर दिया था। वह सोलन के पोजो गांव निवासी प्यारे लाल से क्लासीकल संगीत सीखता था। एक्टिंग में रूची के कारण उन्होंने सोहम के टैलेंट को पहचाना और उसे तराशने की जिम्मेदारी एक्टिंग गुरू रमन रघुवंशी को दी थी जिसे रमन ने बखूबी निभाया। संजय वर्मा ने बताया कि 8 कक्षा के बाद हालांकि उन्हें फिल्मों व सीरियल के ऑफर आए , लेकिन सोहम तो पढ़ाई में अपना सौ फीसदी देना चाहता था, इसलिए फिलहाल पढ़ाई पर ही अपना ध्यान केंद्रित करना चाहता था और इस बार बोर्ड परीक्षाओं में सोहम ने अच्छा कर दिखाया। सोहम की इस उपलब्धि से दादा जगदीश वर्मा और दादी सुनीता वर्मा, रविंद्र वर्मा व उर्मिल चौहान भी अपने पोते की इस उपलब्धि से गदगद हैं।

# 'मा भी पाणा वोट' स्वीप कार्यक्रम के तहत ख्योड़ के मेला ग्राउंड में हुआ महानाटी का आयोजन

## 98 शिक्षण संस्थानों व समूहों से लगभग 2700 लोगों ने लिया महानाटी में भाग

अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा



**गोहर।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 28 नाचन (अ0 जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम 'मा भी पाणा वोट' के तहत आज ख्योड़ के मेला मैदान में महानाटी के आयोजन किया गया।

'मा भी पाणा वोट' स्वीप कार्यक्रम के तहत महानाटी के इस आयोजन में नाचन निर्वाचन क्षेत्र के सभी महिला मंडल ,युवक मंडल एवं स्वयं सहायता समूह, विभिन्न शिक्षण संस्थानों से लगभग 2700 महिलाओं व विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट और विशेष अतिथि के रूप में 2023 बैच बबीता धीमान(हि0प्र0से0) ने शिरकत की। महानाटी के आयोजन में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने उपस्थित सभी संस्थाओं महिला मंडल ,युवक मंडल शिक्षण संस्थानों से उपस्थित बच्चों को कार्यक्रम के शुभारंभ में आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव पर मतदान करने की शपथ दिलाई गई और स्वीप कार्यक्रम पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि स्वीप 'मा भी पाणा वोट' मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर जानकारी दी उन्होंने कहा कि नाचन निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी शिक्षण संस्थानों ,पंचायत स्तर पर सभी पोलिंग बूथ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया स्वीप कार्यक्रम के तहत ऐसे ऐसे पोलिंग बूथ जहां आधे से एक घंटे तक पैदल चलने का सफर किया जाता है वहां भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जैसे चुरासनी, धरवाड़, बरनोग, मुरहाला हो।

उन्होंने बताया कि स्वीप के '22 गोइंग मिशन व 414 के तहत आने वाले पोलिंग बूथ' पर भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया व वहां के मतदाताओं को भी आने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर चुनाव करने का आग्रह किया गया । लगभग डेढ़ महीने तक चले इस स्वीप कार्यक्रम का आज इस महानाटी के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पहला चरण समाप्त होगा वह दूसरा चरण सोशल मीडिया के माध्यम से जारी रहेगा व उपस्थित सभी लोगों से भी आग्रह किया गया कि वह भी दूसरे चरण में अपने-अपने स्तर पर सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और आगामी लोकसभा चुनाव में नाचन निर्वाचन क्षेत्र में 81त्न से अधिक मतदान कर मतदान को सफल बनाएं!

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित बबीता धीमान (हि0प्र0से0) ने लोगों को कहा की आने वाले लोकसभा चुनाव 1 जून को हम सभी लोग बढ़ चढ़कर मतदान मतदान करें और लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेवारी का निर्वहन करें और लोकतंत्र को मजबूत करें। महानाटी का शुभारंभ सिराजी एवं सुकेती नाटी से किया गया तथा महानाटी में उपस्थित महिला मंडल , स्वयं सहायता समूह के द्वारा पारंपरिक परिधानों में आकर नाटी की गई और टोपी और परिधानों में 'मा भी पाणा वोट' के बैच लगाकर आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सिपेट बद्दी में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 31 मई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** सोलन जिला के नालागढ़



उपमण्डल के बद्दी स्थित केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट-सेन्ट्रल इन्स्टीटयूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी) में विभिन्न डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 मई, 2024 निर्धारित की गई है। यह जानकारी संस्थान के प्रवक्ता ने दी।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पेट्रोरयासन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान बद्दी में 03 वर्ष के डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) तथा 03 वर्ष के डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डीपीटी) में प्रवेश लिया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवार 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों में लेटरल एंट्री का प्रावधान भी है। लेटरल एंट्री के लिए उम्मीदवार गणित तथा विज्ञान विषयों के साथ 12वीं कक्षा अथवा सम्बन्धित विषय में आई.टी.आई उत्तीर्ण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त 02 वर्ष के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एवं टेस्टिंग (पी.जी.डी-पी.पी.टी) में प्रवेश लिया जा सकता है। इस पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवार के पास विज्ञान में 03 वर्ष की पूर्णकालीन डिग्री उपाधि होनी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि संस्थान के सभी पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि डिप्लोमा के लिए कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा 09 जून, 2024 को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवार baddi@cipet.gov.in अथवा tpcipetbaddi@gmai.com पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक अभ्यार्थी मोबाईल नम्बर 91995-54078, 73408-43505, 98158-04411, 89770-33373, 94178-02768, 94181-44332, 85447-25637 तथा 82199-13485 पर भी पाठ्यक्रम तथा प्रवेश से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# राजा या रानी नहीं मंडी की जनता बनाएगी अपनी बेटी को सांसद : इंद्र सिंह गांधी

अर्थ प्रकाश /गोविन्द ठाकुर

**नेरचौक।** मंडी संसदीय क्षेत्र से जनता इस बार



अपनी बेटी कंगना रनौत को अपना सांसद बनाएगी। कांग्रेस पार्टी से इतने समय से मंडी की सांसद रही रानी प्रतिभा सिंह ने मंडी के लिए कुछ भी नहीं किया है तभी तो इस बार लोकसभा का चुनाव लड़ने से मुकर गई क्योंकि वह जानती थी कि किस मुंह से जनता के बीच जाएंगे और जनता उनकी जमानत तक जब्त करा देगी। ये तीखे शब्द आज बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने पत्रकारों से एक अनौपचारिक वार्ता के दौरान कहे। विधायक बाल इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि इस बार कांग्रेस जनता को नहीं ठग पाएगी। लोग अब कांग्रेस की ठगबाजी को पूरी तरह से समझ चुके हैं जिसका जवाब बिखरती हुई कांग्रेस को पहली जून को वोटिंग के दिन जनता देने वाली है। उन्होंने कहा कि जिस तरह की अनाप-शनाप बयान बाजी पर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य उतर गए हैं यह भाषा एक राजा की नहीं हो सकती और ना ही ऐसे महिला विरोधी संस्कार स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के दिए गए हो सकते हैं। हिमाचल की बेटी कंगना और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के लिए जिन अभद्र शब्दों का प्रयोग आजकल विक्रमादित्य सिंह और उनकी माताजी कर रहे हैं अगर आज स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह जी जीवित होते तो वह अवश्य दोनों को माफी मांगने को कहते। इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि वह स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की हृदय से इज्जत करते हैं क्योंकि वे एक कुशल और लोकप्रिय मुख्यमंत्री थे। उनके द्वारा किए गए कार्यों का कर्ज हिमाचल की जनता, रानी प्रतिभा सिंह को सांसद बनाकर व पुत्र विक्रमादित्य सिंह को शिमला से विधायक बनाकर उतार चुकी है। अब बार-बार उनके नाम से दया हासिल कर जनता को ठग कर वोट नहीं मिलेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खु पर भी बल्ह विधायक ने करारा प्रहार करते हुए कहा कि लोगों को व प्रदेश की भोली भाली महिलाओं को ठगकर उन्होंने सरकार बना तो ली है लेकिन अब यह झूठी कांग्रेस सरकार ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है। क्योंकि कांग्रेस के पास न नेता हैं न ही नीति है और न ही कुशल नेतृत्व है। इसलिए सभी कांग्रेसी नेता बौखलाहट में मर्यादाहीन बयान बाजी कर अपनी फजीहत करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का 4 जून को रिजल्ट आएगा तथा चारों लोकसभा की सीटें भाजपा भारी मतों से जीतने वाली है। इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि हिमाचल सरकार अल्पमत में है तथा 4 जून के बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दोबारा भाजपा की सरकार बनेगी तथा हिमाचल प्रदेश में भी जयराम ठाकुर दोबारा मुख्यमंत्री होंगे। बल्ह विधायक इंद्र सिंह गांधी ने विक्रमादित्य सिंह से भी सवाल किया कि वह अपनी सभाओं में 'विजन विजन' चिल्ला रहे हैं तो वह बताएं की मंडी के लिए उनका विजन आखिर है क्या?

# डोज बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव पी एस बराड़ ने किया प्रतियोगिता स्थल का दौरा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नेरचौक ।** 4 जुलाई से 8 जुलाई तक चलने वाली नेशनल जूनियर डोजबॉल प्रतियोगिता जो बीबीएमबी मैदान में होने जा रही है उसकी तैयारी पूरी जोर से शुरू हो चुकी है हिमाचल प्रदेश डोज संघ के महासचिव राम सिंह चौहान ने बताया कि नेशनल जूनियर प्रतियोगिता की तैयारियों में संघ का हरेक सदस्य कार्य कर रहा है ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों को किसी समस्या का सामना नकना पड़े इस प्रतियोगिता में करीब 25 राज्यों के 500 के लगभग लड़के और लड़कियां भाग लेंगे उन्होंने बताया की डोज बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव पी एस बराड़ और तकनीकी निदेशक डॉक्टर जी पी पाल ने हिमाचल प्रदेश के सुंदर नगर में जहां पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है वहां का एक दिवसीय दौरा किया ताकि प्रतियोगिता स्थल को अच्छी तरह से खिलाड़ियों के लिए तैयार किया जा सके।







# पंचकूला में बाढ़ फिर ना मचा दे तबाही नदियों, नालों में तैरना व नहाने पर प्रतिबंध



प्रशासन मानसून से पहले बनाएगा बाढ़ रिलीफ कैंप, नदियों-नालों के नजदीक लगी धारा 144

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 17 मई।** बाढ़ से दो साल पहले पंचकूला में हुई भारी तबाही का मंजर याद कर हर किसी का दिल दहल जाता है।

बाढ़ से जहां सैकड़ों पुल ढह गए थे वहीं सड़कों के धंसने, घरों में पानी दाखिल होने और मोरनी क्षेत्र में भू-स्खलन जैसी दुर्घटनाओं में जानी नुकसान तक हुआ था। पंचकूला में बाढ़ फिर तबाही न मचा दे इसके मद्देनजर प्रशासन ने कमर कस ली है।

डीसी यश गर्ग ने तमाम विभागों को सतर्क रह कर मानसून पर नजर रखने के साथ साथ जिले में बाढ़ से निपटने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पिछली बार जहां बाढ़ की स्थिति पैदा हुई थी और कहां ज्यादा नुकसान हुआ था, उसे चिन्हित कर रिपोर्ट करें ताकि वे स्वयं उन जगहों का निरीक्षण कर सके।

**मानसून से पहले बनाए बाढ़ रिलीफ कैंप:** राजस्व अधिकारियों को स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, कम्यूनिटी सेंटर, एप्पल मार्केट का निरीक्षण कर इन जगहों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर इन जगहों को बाढ़ रिलीफ कैंप में परिवर्तित किया जा सके। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को 30 जून तक बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को नदियों, नालों तथा अन्य स्थानों पर तैरना व नहाना मना है के बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए और पुलिस विभाग को इन जगहों पर धारा 144 लगाने व किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए नालों और नहर के आसपास के क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के लिए कहा गया।

**मानसून से पहले ड्रेनो की होगी सफाई:** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर), सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को डीसी ने अपने ड्रेनेज नालों की साफ सफाई सुनिश्चित करने व मानसून सीजन में बाढ़ को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। आपदा प्रबंधन के परियोजना अधिकारी सौरभ धीमान ने उपायुक्त को विस्तार से पिछले साल बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को भारी बारिश के दौरान सुचारू जल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए सफाई कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पिछली बार जहां बाढ़ की स्थिति पैदा हुई थी और कहां ज्यादा नुकसान हुआ था, उसे चिन्हित कर रिपोर्ट करें ताकि वे स्वयं उन जगहों का निरीक्षण कर सके।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)